सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:23
अधिकतम तापमान : 37.4
न्यूनतम : 21.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-281 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026
14 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# पीएम ने की भाजपा कार्यकर्ता की तारीफ

**केरल चुनाव**

■ कहा- बहस में प्रियंका गांधी को भी दे सकती हैं मात



**वायनाड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वायनाड में भाजपा की बूथ अध्यक्ष विनिता के.के. की तारीफ की। उन्होंने भरोसा जताया कि वह सार्वजनिक बहस में मौजूदा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। उन्होंने सभी पार्टी से केरल चुनाव से पहले घर-घर जाकर संपर्क मजबूत करने का आग्रह किया।

उन्होंने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के जरिये केरल के बूथ स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर पार्टी की पहुंच मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कई कार्यकर्ताओं से बातचीत की, जिसमें वायनाड जिले के मंथनवाड़ी से बूथ अध्यक्ष विनिता केके भी शामिल थीं।

उन्होंने सुझाव दिया कि स्थानीय मीडिया उनकी और वायनाड की मौजूदा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच सार्वजनिक बहस कराए। उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि आप मौजूदा कांग्रेस सांसद से बेहतर भाषण देंगी। मोदी ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास और तैयारी के महत्व पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे घर-घर जाकर चुनावी अभियान तेज करें और मतदाताओं को आगामी राज्य चुनावों में भाजपा और एनडीए को मौका देने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा, आप (केरल के लोग) ने कांग्रेस और वामपंथियों को 75 साल दिए। भाजपा और एनडीए को पांच साल दें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पार्टी के शासन के रिकॉर्ड को उन राज्यों में साझा करें, जहां भाजपा पहले सत्ता में रही है। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि मतदान से पहले प्रत्येक मतदाता से कम से कम तीन बार संपर्क करें, ताकि लगातार जुड़ाव से विश्वास और समर्थन बढ़े। केरल की स्थिति पर चर्चा करते हुए पीएम ने कहा कि न केवल सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) बल्कि विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) भ्रष्टाचार व सांप्रदायिक राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, एलडीएफ और यूडीएफ सिर्फ भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता फैला रहे हैं, बल्कि केरल को दोहरी चोट भी पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन को भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि जैसे क्रिकेटर संजू सैमसन ने विश्व कप के नॉकआउट चरण में अपने खेल की ताकत से प्रदर्शन की चरम सीमा को छुआ, उसी तरह चुनाव के नजदीक भाजपा के कार्यकर्ताओं का ध्यान, आत्मविश्वास और सक्रियता बढ़नी चाहिए।

## कन्नूर में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन का रोड शो



**कन्नूर।** केरल के कन्नूर में चुनावी माहौल के बीच बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। अपने रोड शो के दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर मिलीभगत और जनता के लिए काम न करने के आरोप लगाए। नितिन नवीन ने वायंथोड जंक्शन (मट्टनूर) से रोड शो की शुरुआत की। जो थलास्सेरी रोड लिंक मॉल जंक्शन तक गया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी के उस आरोप को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि बीजेपी और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) एक साथ काम कर रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कहा कि ये लोग मैच-फिक्सर हैं। चुनाव से पहले ही मैच फिक्स कर चुके हैं।

# जरूरतमंद को आवास और बीमार के इलाज की होगी व्यवस्था : मुख्यमंत्री

**जनता दर्शन**

■ गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने की लोगों से मुलाकात

**अवधनामा संवाददाता**



मुख्यमंत्री ने गुरुवार को गोरखपुर में दिवंगत वरिष्ठ समाजसेवी मारकंडेय यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 100 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक पहुंचकर मुख्यमंत्री ने ध्यान से उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष होना चाहिए।

उन्होंने पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद मांगने लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए।

# एक ही साल्ट की दवाओं में भारी मूल्य अंतर पर उठाए सवाल

■ भाजपा नेता डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने की एमआरपी तय करने की मांग



**लखनऊ।** राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने दवाओं की कीमतों में भारी असमानता का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से सभी दवाओं के लिए एक समान अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) निर्धारित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ही साल्ट की दवाओं के दाम में बड़ा अंतर आम लोगों के लिए आर्थिक बोझ बन रहा है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने संसद में शून्यकाल के दौरान उठाए गए इस मुद्दे की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में बाजार में एक ही साल्ट की दवा 50 रुपये से लेकर 500 रुपये तक में उपलब्ध है, जो स्पष्ट रूप से मूल्य असंतुलन को दर्शाता है।

इससे गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों का आर्थिक शोषण हो रहा है। वाजपेयी ने कहा कि सरकार ने आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है, लेकिन निजी क्षेत्र में मूल्य असमानता अभी भी बड़ी समस्या बनी हुई है। सांसद ने यह भी सुझाव दिया कि डॉक्टरों को दवाओं के ब्रांड नाम के बजाय साल्ट नाम लिखना चाहिए, जिससे मरीजों को सस्ती दवा का विकल्प मिल सके।

# राहुल गांधी ने हिमंत को बताया 'सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री'

**असम चुनाव**

■ कहा- मोदी-शाह के साथ मिलकर असम में चला रहे 'लैंड एटीएम'



**बोकाजान।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भारत का 'सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री' बताते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि शर्मा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में 'लैंड एटीएम' चला रहे हैं और आम लोगों से जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दे रहे हैं।

बोकाजान विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार रतन इंगती के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग असम और उसके लोगों के लिए खड़े थे और कांग्रेस पार्टी राज्य में सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर उनकी मौत के मामले में न्याय दिलाएगी। राहुल ने कहा, 'भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा हैं और उनका परिवार भी भ्रष्टाचार के मामले में पहले नंबर पर है। कांग्रेस सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। अभी वह चाहे जितनी डींगें मार लें, उसके बाद वह पूरी तरह चुप हो जाएंगे।'

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री असम को गिरोहों के माध्यम से चला रहे हैं और उनके भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण मोदी ने उन पर पूरी तरह से नकेल कसी हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि असम में तीन बड़े कॉरपोरेट घरानों को कुल 98,400 बीघा जमीन सौंप दी गई है।उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और हिमंत विश्व शर्मा ने असम में एक 'लैंड एटीएम' बना दिया है। वे लोगों से जमीन छीनते हैं और बड़े उद्योगपतियों को दे देते हैं।

उन्होंने कहा, यही भाजपा और कांग्रेस के बीच का अंतर है। असम में विभिन्न विचारधाराओं, पहचानों, धर्मों और जातियों के लोग रहते हैं, जो विभिन्न फूलों के गुलदस्ते की तरह है। हम चाहते हैं कि लोग इसी तरह रहें।'' उन्होंने कहा, 'हम संविधान के अनुच्छेद 244(ए) को पूरी तरह लागू करने का वादा करते हैं। कार्बी आंगलोंग और छठी अनुसूची के सभी क्षेत्रों का शासन स्थानीय लोगों द्वारा किया जाएगा, न कि गुवाहाटी या दिल्ली से।'

## सत्ता में आए तो 100 दिनों के भीतर न्याय

प्रसिद्ध संगीतकार जुबिन गर्ग का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह पूरे राज्य और उसके लोगों का प्रतिनिधित्व करते थे। गर्ग की पिछले साल सितंबर में सिंगापुर में डूबने से मौत हो गई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, वह किसी एक व्यक्ति, एक समुदाय, एक भाषा या एक इतिहास के लिए नहीं खड़े थे। वह असम की बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक परंपरा की भावना को दर्शाते थे। हम सत्ता में आएंगे तो 100 दिनों के भीतर न्याय दिलाएंगे और यह 100 प्रतिशत तय है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस विकेंद्रीकरण में विश्वास करती है, जबकि भाजपा असम को दिल्ली से चलाने की कोशिश कर रही है।

# राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में उपनेता के पद से हटाया

■ पार्टी की तरफ से बोलने पर भी लगाई रोक, अशोक मित्तल को सौंपी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए राज्यसभा में अपने उप नेता पद से राघव चड्ढा को हटा दिया है। इस संबंध में पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को आधिकारिक पत्र भेजकर जानकारी दी है। साथ ही, पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया है कि अब संसद में राघव चड्ढा को बोलने के लिए समय आवंटित न किया जाए। उनकी जगह पंजाब से राज्यसभा सांसद डॉ. अशोक मित्तल को नया उप नेता नियुक्त किया गया है।

पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा और पार्टी नेतृत्व के बीच मतभेदों की खबरें सामने आ रही थीं। हालांकि पार्टी की ओर से किसी भी तरह के विवाद या अलगाव को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया गया है, लेकिन इस फैसले को इन अटकलों से जोड़कर देखा जा रहा है। राज्यसभा में पार्टी के कुल 10 सदस्य हैं, जिनमें से सात पंजाब और तीन दिल्ली से हैं।

राघव चड्ढा पार्टी के शुरुआती दिनों से ही जुड़े रहे हैं और उन्होंने 2012 में अरविंद केजरीवाल के साथ अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी। पार्टी में उनकी भूमिका लगातार मजबूत होती गई-वे राष्ट्रीय प्रवक्ता बने और 2015 में दिल्ली में पार्टी की जीत के बाद सबसे कम उम्र के कोषाध्यक्ष भी बने।

# गौतम अदाणी परिवार संग पहुंचे अयोध्या

■ रामलला के दर्शन करने के बाद बोले- भावुक क्षण, मन को असीम संतोष



**अयोध्या।** देश के दिग्गज उद्योगपति गौतम अडानी गुरुवार को अयोध्या पहुंचें। वह अपने निजी विमान से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरें। गौतम अडानी को लेकर एयरपोर्ट पर सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है। वह यहां तीन घंटे तक रहें । राम मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए। लखनऊ में अडानी का मुख्यमंत्री से मुलाकात का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर देश-दुनिया की तमाम बड़ी हस्तियां अयोध्या पहुंची थी। इसमें अंबानी परिवार भी मौजूद था। संभवतः उद्योगपति गौतम अडानी उस दौरान आयोजन में शामिल नहीं हो सके थे। बताया जाता है कि गौतम अडानी चंडीगढ़ से यहां पहुंच रहे हैं।

हनुमान जयंती पर गुरुवार को राम मंदिर स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। संभावना जताई जा रही है कि अडानी कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। हालांकि अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि हवाई अड्डे पर सुरक्षा हमेशा चुस्त दुरुस्त रहती है। गौतम अदाणी के साथ उनकी पत्नी प्रीति अदाणी और बेटे करण अदाणी थे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा कि अदाणी परिवार ने मंदिर में पवित्र अनुष्ठानों में भाग लिया और प्रार्थना की।

## जिलाध्यक्ष ने टिकट दिलाने का ठेका लिया तो खैर नहीं : अखिलेश

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर लखनऊ में हुई बैठक में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिलाध्यक्षों को चेतावनी दी कि वे किसी को टिकट दिलाने का ठेका न लें। अगर शिकायत मिली तो फिर खैर नहीं है। यह भी कहा कि अगर किसी जिलाध्यक्ष को चुनाव लड़ना है तो वह अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे और उन्हें बताए। बैठक में महानगर और ग्रामीण के जिलाध्यक्ष बुलाए गए। पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से सख्ती से कहा गया कि कोई भी सार्वजनिक रूप से किसी विधायक, अध्यक्ष या नेता की बुराई न करें।

# श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली नहर में गिरी, 3 महिलाओं की मौत

**कुशीनगर में हादसा**

■ चैत्र पूर्णिमा पर नारायणी नदी में स्नान के लिए जा रहे थे 24 श्रद्धालु

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** खड्डा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में करीब 30 फीट नीचे जा गिरी। हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार महराजगंज जिले के घुघली थाना क्षेत्र के गांव बड़हरा निवासी 24 श्रद्धालु चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर नारायणी नदी में स्नान करने के लिए भैंसहा जा रहे थे। इसी दौरान खड्डा थाना क्षेत्र के सिसवा गोपाल गांव के टोला सिसई के पास नहर की पटरी पर बनी सड़क से गुजरते समय तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुर्कहा पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल 12 लोगों को मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान मीरा देवी, विमला देवी और स्मृति देवी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक विवेकानंद पांडेय मौके पर पहुंचे और अपने निजी वाहन से भी घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। हादशे में मनोरमा, निर्मला, बबली यादव, प्रभावती, रजवंत, किस्मती, प्रीति शर्मा, पारस सिंह, समय सिंह सहित अन्य का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है, जबकि वशिष्ठ सिंह, नेबुला देवी, तनु और प्रभावती का इलाज सीएचसी तुर्कहा में जारी है।

(संबंधित खबर पेज 13)

**ईरान की कड़ी चेतावनी**

## ईरानी सेना ने अपनी तैयारियां और तेज कीं

# अमरीका ने जमीनी हमला किया तो कोई जिंदा नहीं बचेगा



**तेहरान।** अमरीका-इज़रायल के हमलों के 34वें दिन ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमरीकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा। ईरान की सेना ने अमरीकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनज़र अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमरीका और इज़रायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए हैं।

सरकारी समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी वीडियो में हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो 'एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचना चाहिए।' यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ तीन से चार सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है और दावा किया है कि अमेरिका ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक नष्ट कर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने युद्धविराम की मांग की है, जिसे तेहरान ने तुरंत खारिज कर दिया।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप या पड़ोसी देशों से कोई बैर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की कि वे युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रंप के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा 'शून्य' बना हुआ है। इस बीच, पूर्व विदेश मंत्री कमाल खर्राज़ी तेहरान स्थित अपने आवास पर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि वह अमेरिका के साथ पाकिस्तान बैक-चैनल वार्ता की कोशिशों में शामिल थे।

खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान द्वारा दागी जा रही मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की बात कही है, जबकि कतर के दोहा तट के पास एक टैंकर पर हमले में नुकसान हुआ, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। इज़रायल में भी ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को रोके जाने की खबर है, जबकि तेल अवीव के पास 11 वर्षीय बच्ची सहित 14 लोग घायल हुए हैं। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के आकलन के अनुरूप ट्रंप द्वारा दिए गए समय संकेतों से यह संभावना जताई जा रही है कि संघर्ष आने वाले हफ्तों में निर्णायक मोड़ पर पहुंच सकता है।

## होमुर्ज खुलवाने की कवायद : ब्रिटेन में कई देशों की बैठक

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और 'होर्मुज जलडमरूमध्य' के चोक होने के बीच एक बहुत बड़ी वैश्विक कूटनीतिक हलचल शुरू हुई है। होर्मुज के रास्ते को फिर से खुलवाने और दुनियाभर में तेल-गैस की आपूर्ति को सुचारू करने के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने एक आपातकालीन बैठक बुलाई। इस बैठक में दुनिया के 60 से ज्यादा देश शामिल हुए, जिसमें भारत ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस हाई-प्रोफाइल बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने किया। उन्होंने दुनियाभर के देशों के सामने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर जहाजों की बेरोकटोक आवाजाही हर देश का हक है। इससे कोई समझौता नहीं हो सकता। विदेश सचिव ने चिंता जताई कि इस पूरे संकट का सीधा असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ रहा है।

# पश्चिम बंगाल में अधिकारियों को बंधक बनाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

■ ममता सरकार को लगाई कड़ी फटकार, कहा- दुस्साहसिक प्रयास



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान ड्यूटी पर तैनात न्यायिक अधिकारियों पर हुए हमले और घेराव की घटना पर कड़ा संज्ञान लेते हुए गुरुवार को इसे ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित करने का एक 'दुस्साहसिक प्रयास' और न्यायालय के अधिकार को चुनौती करार दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पांचोली की पीठ ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के एक गांव में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और उन पर हुए हमले के बाद इस मामले पर तत्काल सुनवाई की, हालांकि यह मामला कार्यसूची में सूचीबद्ध नहीं था।

न्यायालय ने राज्य में कल हुई घटनाओं के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले खत के आधार पर इस मामले को बेहद जरूरी बताते हुए संज्ञान में लिया। पत्र के अनुसार, तीन महिला अधिकारियों सहित 7 न्यायिक अधिकारी मालदा जिले के एक गाँव में एसआईआर न्यायिक-निर्णय संबंधी कार्यों को पूरा कर रहे थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इन अधिकारियों को दोपहर 3:30 बजे से आधी रात तक बंधक बनाकर रखा गया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राज्य प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील किए जाने के बाद ही उन्हें मुक्त कराया जा सका।

पीठ ने इस घटना पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का सभी पक्षों द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि वे तटस्थ एजेंट के रूप में कार्य करते हैं, लेकिन अब उन्हें भी हमलों से नहीं बख्शा जा रहा है। न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की मांग करे।

# डीएम के नेतृत्व में खीरी की छलांग, योजना में टॉप-5 में शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'आत्मनिर्भर युवा, सशक्त प्रदेश' विजन को जमीनी हकीकत में बदलते हुए लखीमपुर खीरी ने सीएम युवा उद्यमी योजना में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश की टॉप-5 जिलों की सूची में जगह बना ली है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अगुवाई में जिले ने न सिर्फ लक्ष्य से आगे बढ़कर उपलब्धि हासिल की, बल्कि उसे पार करते हुए नया रिकॉर्ड कायम कर दिया शासन की ताजा रैंकिंग रिपोर्ट के मुताबिक जिले को 1800 का लक्ष्य मिला था, लेकिन 4719 युवाओं ने आवेदन कर योजना में जबरदस्त रुचि दिखाई। इनमें से 3275 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जहां 1853 ऋण स्वीकृत हुए और 1902 युवाओं को ऋण वितरित किया गया। यह आंकड़ा 105.67 प्रतिशत डिस्बर्समेंट को दर्शाता है कि लक्ष्य से कहीं आगे जाकर सफलता की नई इबारत लिखी गई।रिपोर्ट में यह भी उल्लेखनीय है कि जौनपुर और आजमगढ़ जैसे बड़े जिलों के बीच लखीमपुर खीरी ने प्रभावी क्रियान्वयन के दम पर अपनी जगह बनाई है। सीमित लक्ष्य के बावजूद बेहतर समन्वय और सतत समीक्षा से जिले ने यह उपलब्धि हासिल की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री की प्रेरणा, टीमवर्क और लगातार मॉनिटरिंग को दिया। उन्होंने कहा कि सीएम की मंशा के अनुरूप हर जरूरतमंद युवा तक योजना का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता रही है। बैंकर्स के साथ समन्वय, नियमित समीक्षा और समस्याओं का त्वरित समाधान इन्हीं तीन सूत्रों ने जिले को यह मुकाम दिलाया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत आवेदनों का जल्द से जल्द वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा सके बताते चलें कि जिले की इस उपलब्धि से न केवल प्रशासनिक कार्यशैली की सराहना हो रही है, बल्कि युवाओं में भी आत्मनिर्भर बनने की नई उम्मीद जगी है। लखीमपुर खीरी का यह प्रदर्शन अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा बनता दिख रहा है।

## मेरठ में हुए सड़क हादसे में सिंगाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बथुआ टांडा के तीन लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बथुआ टांडा के गांव टांडा व बथुआ निवासी किशोर समेत तीन लोगों की मेरठ में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। बृहस्पतिवार सुबह हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार टांडा निवासी अरशद 32 वर्ष पुत्र जहीर, अलीमुद्दीन 10 वर्ष पुत्र मुर्शद और बथुआ निवासी ब्रजमोहन 16 वर्ष पुत्र धरमू मेरठ के असमाबाद क्षेत्र में गन्ना छिलाई का काम करने गए थे। बुधवार रात तीनों बाइक से अपने कमरे पर लौट रहे थे। इसी दौरान किठौर थाना क्षेत्र में बागवाला और नदलीपुर के बीच सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक को टक्कर लग गई। हादसे में अरशद और ब्रजमोहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल अलीमुद्दीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे उसने भी दम तोड़ दिया।

## ऐतिहासिक चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित बाल कवि सम्मेलन ने जीता दर्शकों का मन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ चिंकी, मिंकी, पप्पू, गोलू सबके मन हर्षाए हैं, मेले में देखो कितने बड़े-बड़े झूले आए हैं, इन्हीं पंक्तियों के साथ छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेले के पांचवें दिन सांस्कृतिक मंच पर आयोजित बाल कवि सम्मेलन ने दर्शकों का मन मोह लिया। नन्हें कवियों ने अपनी रचनाओं से ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सभासद एवं साहित्यकार श्रीकांत तिवारी, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय महामंत्री एवं विद्यालय प्रबंधक-प्रधानाचार्य कल्याण समिति शैलेन्द्र सक्सेना, शिप्रा खरे, लोकेश गुप्ता, प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी एवं पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप जला कर किया गया।पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सुजीता कुमारी ने कहा कि चैती मेला अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पौराणिक परंपराओं के साथ क्षेत्र की पहचान है और इसे भव्य रूप देने के लिए नगर पालिका की सराहना की जानी चाहिए। कार्यक्रम को शैलेन्द्र सक्सेना, समाजसेवी लोकेश, कवि श्रीकांत तिवारी ने संबोधित किया। बाल कवि सम्मेलन का शुभारंभ कौस्तुभ त्रिपाठी ने वीर रस की प्रस्तुति से किया। इसके बाद अंशिका देवी, अक्षत अरविंद, सिमरन अंसारी, नव्या गुप्ता, स्वाती बंदनी, जयंत श्रीवास्तव, सनाया चौधरी आदि ने काव्यपाठ किया।आज होगा जूनियर गायन व नृत्य प्रतियोगिताचैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर 3 अप्रैल को सायं 7 बजे से जूनियर वर्ग की गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## सड़क किनारे खेत में अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार कार

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** पलिया-निघासन हाईवे पर कोदी बाबा सैयद फार्म के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे में कार चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे की है। कंधरहिया थाना मझगई निवासी 35 वर्षीय कौशल नाग कार से निघासन से मझगई की ओर जा रहे थे। कोदी बाबा सैयद फार्म के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क के दक्षिण दिशा में पलटते हुए खेत में जा गिरी। सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस से घायल को पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव के अवसर निकाली गई पदयात्रा में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर करीब 25 वर्ष पहले शुरू हुई विराट कीर्तनमय पदयात्रा इस बार भव्य स्वरूप में नजर आई। कभी मात्र 25 लोगों से शुरू हुई यह यात्रा आज आस्था के जनसैलाब में बदल चुकी है। बृहस्पतिवार को निकाली गई पदयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। हर कोई भक्ति से सराबोर दिखाई दिए। पदयात्रा में बुलडोजर पर बजरंगबली के स्वरूप निकले तो जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। पदयात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बृहस्पतिवार को सुबह पांच बजे से हजारों श्रद्धालुओं ने लखीमपुर से गुलरीपुरवा तक लगभग 10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली। इस यात्रा में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित कई गांवों के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। गुलरीपुरवा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से दर्शन किए और प्रसाद चढ़ाया। यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन के साथ हनुमान सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाएं संभाल रखीं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस पदयात्रा में जगह-जगह सजे पंडाल में कलाकार भजनों पर नृत्य करते नजर आए। कीर्तनमय पदयात्रा में झाकियां भी शामिल हुईं। लोगों का जत्था वाहनों ओर डीजे लगाकर नृत्य करता हुआ पहुंचा। इस दौरान 15 बुलडोजर भी जगह-जगह खड़े रहे, जिनसे फूलों की वर्षा होती रही।

## हमें अपने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का किसी की भी जानिब से अपमान बर्दाश्त नहींः मौलाना डॉ. फुरकान



**बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता)** बिहार के रहने वाले मौलाना अब्दुल्ला सालिम की गिरफ्तारी पर मौलाना डॉ. फुरकान बिजनौरी ने अपने बयान में कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि मौलाना अब्दुल्ला सालिम को उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स (यूपी एसटीएफ) ने सोमवार देर शाम बिहार के पूर्णिया जिले से गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है। जिन्होंने हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की माता पर आपत्तिजनक बयान दिया था। ऐसे फसाद फैलाने वालों को क़ानूनी सज़ा ज़रूर मिलनी चाहिए ताकि कोई दूसरा इस तरह की गलती ना कर सके। इस्लाम धर्म हमेशा बड़ों के एहतराम और अमन शांति और भाईचारे का पैगाम देता है। अब्दुल्ला सालिम ने इस्लामी तालिमात को अच्छी तरह समझा ही नहीं। अगर उन्होंने इस्लामी तालिमात को अच्छी तरह समझा होता तो वो ऐसा जाहिलाना, ज़ालिमाना और फितना फसाद फैलाने वाला बयान हरगिज़ ना देते। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति अभद्र टिप्पणी या उनकी माता जी के बारे में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग हम हरगिज़ बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम अपने मुख्यमंत्री जी से मांग करते हैं कि सोशल मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर नफरत भरी भाषा का इस्तेमाल करने वालों पर सख़्त से सख़्त क़ानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि कोई भी इस तरह की जाहिलाना, ज़ालिमाना और फितना फसाद फैलाने वाला बयान ना दे सके।

## एक बार फिर चर्चा में सिलेंडर, समय वही रूप बदला

### -पहले सांसों के लिए और अब पेट के लिए, सिलेंडर की मारामारी



**कानपुर। (अवधनामा संवाददाता)** देश के अंदर एक बार फिर सिलेंडर चर्चा में है। हर कोई सिलेंडर को लेकर चिंतित है। समय वही है, महीनें और तारीखें वही हैं, बदला है तो सिर्फ और सिर्फ सिलेंडर ने अपना रूप। कोरोना काल में ऑक्सीजन सिलेंडर की मारा-मारी थी, इस वक्त एलपीजी सिलेंडर की। उस वक्त लोग सांसों के लिए, सिलेंडर का जुगाड़ करते दिखाते थे, और आजकल पेट के लिए। एकाएक आई रसोई गैस की किल्लत ने लोगों के सामने संकट ला दिया। अधिकांश आदमी काम धंधा छोड़कर सिलेंडर के लिए परेशान होते दिखने लगा। कारण विदेशों में होने वाला युद्ध है। जिसके चलते देश की जनता रसोई गैस की जद्दोजहद में जूझ रही। आसानी से मिलने वाला रसोई गैस सिलेंडर, आज बमुश्किल नसीब हो रहा है। गैस एजेंसियों के बाहर लोग लम्बे-लम्बे समय तक लाइन में खड़े होकर सिलेंडर पा रहे हैं। वहीं कुछ को मिल भी नहीं पा रहा है। लंबी कतारों में लगने के बाद सिलेंडर पाने वाले कुछ लोगों के चेहरे पर खुशी दिखती है, तो कुछ को मायूस होकर घर लौटना पड़ता है। एलपीजी सिलेंडर की किल्लत से जहां होटलों, ढाबों और चाय की दुकानों में दिक्कतें दिखीं, वहीं घरों के अंदर रसोई भी सन्नाटे में है। लोग बड़ा सिलेंडर न मिल पाने के कारण दो-चार किलो गैस का जुगाड़ तक करते दिखे। कहीं कहीं होटल, ढाबे और छोटी-मोटी चाय की दुकानें बन्द करने की नौबत आई, वहीं घर में गैस न होने की वजह से लोग होटल से खाना मंगवाने पर भी मजबूर हैं।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक की मौत

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** थाना दातागंज क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने से हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। मृतक जनपद बरेली के आंवला का रहने वाला था। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना दातागंज क्षेत्र में हादसा उस वक्त हुआ जब जनपद बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के ग्राम टिकुरी निवासी मुनेंद्र पाल पुत्र मदनपाल थाना दातागंज क्षेत्र के ग्राम गंगोला में स्थित अपनी ससुराल से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही मुनेंद्र की बाइक थाना दातागंज क्षेत्र में स्थित गंगा एक्सप्रेसवे पर बने अंडरपास के पास पहुंची तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई।बताते हैं कि दूसरा बाइक सवार घटना के बाद मौके से फरार हो गया और मुनेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा उसकी जेब में मिले मोबाइल के माध्यम से उसकी पहचान कराई गई और परिजनों को घटना की सूचना दे दी। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

## शैक्षिक कार्यशालाः व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण पर चर्चा




*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण, शिक्षक शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न विषयों पर आधारित शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास कानपुर प्रांत द्वारा एस.जे. महाविद्यालय में एक दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग/शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण के लिए जोर दिया गया।

न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक संजय स्वामी, सागर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अजय तिवारी, पीपीएन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनूप सिंह, इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह, प्रांत अध्यक्ष प्रो. अवनीश कुमार आदि ने अपने उदबोधन से कार्यशाला को संबोधित किया।

राष्ट्रीय सह संयोजक संजय स्वामी ने कहा विद्यार्थी में शिक्षा का उद्देश्य नौकरी पाना नहीं, विद्वान बनना होना चाहिए। श्री स्वामी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों से अच्छी शिक्षा ग्रहण करके निकले विद्यार्थियों से श्रेष्ठ भारत और स्वर्णिम काल की परिकल्पना संभव है।

कुलाधिपति डॉ. अजय तिवारी ने अभ्यास वर्ग के तात्पर्य को बताया और न्यास का विस्तृत परिचय दिया।और कार्यकर्ताओं को व्यापक रूप से कार्य करने के तरीके बताए।

प्रो. अनूप सिंह ने पंच परिवर्तन पर व्यख्यान दिया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध, स्वबोध, और कुटुंब प्रबंधन के बारे में विस्तृत रूप से बताया और कहा कि हर भारतीय को अपने भेष, अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए।

डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने किसी संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता में क्या गुण और विशेषताएं होनी चाहिए इसके बारे में बताया।

प्रो. अवनीश कुमार ने सभी को न्यास की कार्यशैली से अवगत कराया व राकेश भाटिया ने शिक्षा में वैदिक गणित के महत्व और विशेताओं को समझाया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. बिंदु सिंह, सुबोध कटियार, प्रबल प्रताप सिंह, धर्मेंद्र अवस्थी, प्रशांत शुक्ला, सुमित गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, अभिषेक गोस्वामी, अमित पटेल, प्रभाकर शास्त्री, राहुल यदुवंशी, अनोखेलाल पाठक, अंशुमान सिंह, प्रभा पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## रोजगार सजृन के लिये एम.एस.एम.ई. से समाज को अनेक अपेक्षाएंः शिव कुमार गौड

**सहारनपुर।** एस.आई.ए. के अध्यक्ष शिव कुमार गौड ने कहा कि वर्तमान समय में एम.एस.एम.ई. रोजगार सजृन का सबसे बड़ा स्त्रोत है, जिसका लाभ उठाकर उद्यमी जहाँ अपने संस्थान का विस्तार करता है, वही समाज को भी एक बड़े स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य करता है, इसी कड़ी में केन्द्र सरकार के उपक्रम भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अग्राणीय भूमिका निभा रहा है। जी.पी.ओ. रोड़ स्थित होटल में सहारनपुर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष शिव कुमार गौड ने कहा कि नई यूनिट लगाने व पहले से स्थापित इकाईयों का विस्तार करने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, इसके लिये आसान किस्तो पर और सुगमता से उद्यमी को लोन उपलब्ध कराये जाने के लिये सरकार कार्यरत है।

## नहीं रोकी जा सकी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी, अभिभावकों में आक्रोश

### साल दर साल खुलेआम लूटे जाते रहे अभिभावकों को नहीं मिली राहत, मुसीबत जस की तस

**प्राइवेट स्कूल रूपी दुकानों से अभिभावक परेशान, बच्चे भी डिप्रेशन का शिकार।**




*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** प्राइवेट स्कूल संचालकों की मनमानी लगातार जारी है। जैसे पिछले सालों में लगातार अभिभावकों पर स्कूलों द्वारा भारीभरकम लोड डाला जाता रहा है, नए शिक्षा सत्र में वैसा ही हाल फिर है। आये दिन अभिभावकों की स्कूल संचालकों से नोकझोंक और खींचतान जारी है। प्राइवेट स्कूल संचालको द्वारा भारी भरकम फीस, कॉपी किताबों, ड्रेस आदि के मनमानी बजट से अधिकतर अभिभावकों में नाराजगी देखने को मिल रही है। आक्रोशित अभिभावक स्कूल संचालकों के इस मनमानी की शासन, प्रसाशन के पास शिकायत करते हैं, कहीं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर अपनी बात रखते हैं।

लेकिन फिर भी शहर के अभिभावकों का यही कहना है कि आश्वासन के नाम आजतक लॉलीपॉप के अलावा उन्हें कुछ नहीं मिला। जिससे प्राइवेट स्कूल रूपी दुकाने चला रहे संचालकों के हौसले बुलंद है।

**स्कूलों द्वारा मनमानी पैसों की डिमांड से, बच्चों में डिप्रेशन**

अच्छी शिक्षा हर कोई अपने बच्चे को देना चाहता है, जिसके लिए लोग स्कूलों में बच्चे का एडमिशन करवाने पहुंचते हैं। लेकिन स्कूल संचालकों द्वारा बनाये गए नियम कायदे और कानून सुनकर अभिभावकों के पैरों तले जमीन खिसक जाती है। स्कूलों द्वारा बताए गए तरह तरह के खर्चों और शर्तों से जहां अभिभावक डिस्टर्ब होते हैं वहीं बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ता है।

स्कूलों की मनमानी और भारी भरकम खर्चे की बातें जब बच्चों के माता पिता घर में करते और परेशान होते दिखते हैं तो बच्चे भी डिप्रेशन में हो रहे हैं।

**आदतों से बाज नहीं आए प्राइवेट स्कूल, जारी है खुली लूट**

प्राइवेट स्कूल संचालक आज तक अपनी आदतों से बाज नहीं आये, जबकि न जाने कितनी निगरानी समितियां बनीं, न जाने कितने कार्रवाई के डर दिखाए गए।

इन समितियों और निगरानी कमेटियों सहित कार्रवाई के डर के आगे प्राइवेट स्कूल संचालकों मनमानी निरन्तर जारी है। पढ़ाई के नाम पर की जा रही खुली लूट के कारण, नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही प्राइवेट स्कूल एक बार फिर चर्चा में हैं।

## एसएसपी कार्यालय के सामने महिला ने खाया जहर

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** बृहस्पतिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने एक महिला द्वारा किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया गया।घटना के बाद पुलिस द्वारा आनन-फानन में महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा उसे एडमिट कर लिया गया, हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। घटना का कारण दो पक्षों का विवाद बताया जाता है। महिला द्वारा थाना पुलिस पर भी दवंग से मिली भगत का आरोप लगाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मूसाझाग क्षेत्र के कस्बा गुलड़िया निवासी एक परिवार गांव से पलायन कर एसएसपी से शिकायत करने हेतु बृहस्पतिवार को उनके कार्यालय पहुंचा था। बताया जाता है कि यहां शिकायत करने के बाद परिवार एसएसपी कार्यालय से बाहर निकल आया,इस दौरान परिवार की एक महिला द्वारा एसएसपी कार्यालय के समीप जहर का सेवन कर लिया गया जिससे वह अचेत होकर सड़क पर गिर गई।महिला के सड़क पर गिरते ही वहां हड़कंप मच गया और आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई।दरअसल गुलड़िया वार्ड संख्या 10 निवासी हरीश शर्मा, सुनीता,अनुभव शर्मा,मुन्नी देवी, तथा राम भरोसे एक ही परिवार के सदस्य हैं।हरीश का आरोप है कि इस वार्ड में उसकी बिरादरी का एक अकेला परिवार रहता है।जिस कारण गांव के कुछ दबंग उसके और उसके परिवार को आए दिन प्रताड़ित करते हैं,जिसकी शिकायत कई बार थाना मूसाझाग पर करने के बावजूद भी पुलिस द्वारा मामले को दबा दिया गया।जिससे दबंगों हौसले लगातार बढ़ते जा रहे थे इस कारण हमारे परिवार ने गांव छोड़ने का निर्णय लिया है।इस सबसे आहत होकर बृहस्पतिवार को उनका पूरा परिवार गांव से पलायन हेतु ट्रैक्टर ट्राली में समान लाद कर एसएसपी कार्यालय पहुंचा था। बताते हैं कि एसएसपी से शिकायत के दौरान उनके द्वारा परिवार को कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

# डीएम जसजीत कौर की एक और उपलब्धि

## आकांक्षी ब्लॉकों में जमीनी चुनौतियों और उनके समाधानों से उभरने वाले उपयोग के मामलों को प्रस्तुत करने के लिए किया जाएगा पुरस्कृत

**नीति आयोग भारत सरकार, नीति आयोग राज्य सहायता मिशन द्वारा नीति फार स्टेटस यूज कैस चैलेंज के विजेताओं में डीएम साहिबा भी शामिल।**



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** नीति आयोग भारत सरकार नीति आयोग राज्य सहायता मिशन द्वारा नीति फार स्टेटस यूज कैस चैलेंज के विजेताओं में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर का चयन करते हुए उनका नाम उपलब्धि पुरस्कारों की सूची में शामिल किया गया है। डीएम मोहतरमा कौर ने बताया कि आयोग ने 23 दिसंबर 2024 को आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के जिला म?जिस्ट्रेटों/कलेक्टरों को जमीनी चुनौतियों और उनके समाधानों से उभरने वाले उपयोग के मामलों को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए नीति फॉर स्टेट्स (एनएफएस) यूज़ केस चैलेंज का शुभारंभ किया था। इस चैलेंज को साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने को मजबूत करने के लिए एक प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहन तंत्र के रूप में तैयार किया गया था, जिसमें जिलों को डेटा जिलों को डेटा विश्लेषण के माध्यम से समस्या विवरण तैयार करने, विभिन्न संकेतकों में कमियों की पहचान करने और अनुकरणीय हस्तक्षेपों का प्रस्ताव देने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। एडीपी/एबीपी के छह विषयों, जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, शिक्षा, बुनियादी ढांचा ढांचा, सामाजिक विकास और वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास के अंतर्गत 17 फरवरी 2025 तक प्रस्तुतियाँ आमंत्रित की गई। एनएफएस यूज केस चैलेंज के विजेताओं की सूची जिला बिजनौर के जिलाधिकारी का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि विकास खंड नजीबाबाद स्वास्थ्य एवं पोषण तथा विकास खंड कोतवाली के अंतर्गत सामाजिक विकास के सूचकांक में जिलाधिकारी बिजनौर को पुरस्कार दिया गया है, जिसके अंतर्गत प्रति इंडिकेटर एक-एक लाख रुपए की धनराशि भी शामिल है। डीएम साहिबा ने कहा कि आकाशी ब्लॉकों में प्राप्त होने वाली यह उपलब्धि जिला बिजनौर के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अंतर्विभागीय समन्वय एवं टीमवर्क के रूप में किए जाने वाले प्रयासों का सुपरिणाम है, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

## प्रत्येक विकास खण्ड की 02 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होगी ग्राम चौपाल

**सहारनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने जन सामान्य की शिकायतों के मौके पर ही निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद की प्रत्येक विकास खण्ड की 02 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल आयोजित किये जाने संबंधी रोस्टर जारी किया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल प्रातः 11 बजे से समाप्ति तक आयोजित की जायेगी जिसमें जन सामान्य की शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते हुए ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। यदि किसी योजना के बारे में कोई व्यवहारिक कठिनाई आती है तो उस कठिनाई को भी निस्तारित किया जायेगा। सुमित राजेश महाजन ने माह अप्रैल, मई एवं जून में आयोजित किये जाने वाले ग्राम चौपालों का रोस्टर जारी करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम चौपाल के निर्धारित तिथि से पूर्व ही उस ग्राम पंचायत में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान जन सहयोग से चलाया जाए। ग्राम चौपाल में जन प्रतिनिधियों को खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा आमंत्रित किया जाए। इसमें मनरेगा का मजदूरी भुगतान, समूहों की गतिविधियां, विद्युत सखी, बीसी सखी, लखपति महिलाएं, टी.एच.आर. प्लान्ट, गौआश्रय स्थल, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, टीकाकरण, राशन वितरण, गैस कनेक्शन, हर घर नल से जल, आंगनबाडी एवं एएनएम सेन्टर का निरीक्षण, कल्याणकारी पेंशन एवं छात्रवृत्तियों का सत्यापन किया जायेगा। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक एंव ऑर्गेनिक खेती, सुशासन जैसे विषयों पर अनिवार्य रूप से चर्चा की जायेगी। प्रत्येक ग्राम चौपाल में संबंधित ग्राम के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक भी उपस्थित रहेंगे तथा चकमार्ग, सार्वजनिक भूमि आदि की पैमाइश भी कराएंगे। इसमें सभी विभागों के संबंधित ग्राम स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# सख्त तेवर में दिखाई दीं पालिका अध्यक्ष फात्मा रज़ा

## उपस्थित पंजिका की जांच कर 22 कर्मियों का वेतन काटने के दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** नगर पालिका सदर की अध्यक्षा द्वारा बृहस्पतिवार को पालिका का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण शुरू करने से पूर्व ही उनके द्वारा पालिका के दोनों द्वार बंद करा दिए गए। जिससे पालिका कर्मियों में हड़कंप मच गया।निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्षा द्वारा 22 अनुपस्थित कर्मचारियों को पकड़ा गया है।इन कर्मियों के वेतन काटने के निर्देश उनके द्वारा दिए निर्देश दिए गए हैं।

पालिका अध्यक्ष फात्मा रज़ा बृहस्पतिवार को प्रातः 10 ¬16 बजे पालिका पहुंची थी,यहां पहुंचते ही उनके द्वारा पालिका के दोनों द्वारा बंद कर दिए गए जिससे उपस्थित गर्मी हक्के-बक्के रह गए। गेट बंद करने के बाद अध्यक्ष द्वारा उपस्थिति पंजिका की जांच की गई जिसमें बहुत सारे कर्मी नदारद मिले। पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने बताया कि बताया कि निरीक्षण के दौरान एई, जेई, राजस्व



निरीक्षक समेत कुल 22 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए हैं।अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए पालिकाध्यक्ष ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के आदेश और तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।फात्मा रजा ने बताया कि अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों में कर निर्धारण अधिकारी चंद्र भूषण, जलकल अभियंता नितिन सक्सेना, अवर अभियंता सूर्य प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक लवी कुमार व राजेंद्र सिंह, मानचित्रकार शरीफ अहमद, लिपिक सचिन सक्सेना, साहिर हुसैन, जहांगीर, मुशाहिद अली, रजनेश चंद्र, परवेज अहमद, कर संचयक राजीव अनेजा, नारायण दत्त शर्मा सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं।उन्होंने कहा कि

इस पर कार्रवाई के साथ ही कर्मचारियों के लिए सख्त निर्देश भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अब कोई भी कर्मचारी कार्यालय समय में किसी भी कार्य या राजस्व वसूली के लिए बाहर जाता है, तो उसे भ्रमण रजिस्टर में पूरा विवरण दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसमें आने-जाने का समय, कार्य और उद्देश्य स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा।इसके अलावा उनके द्वारा कार्यालय व फील्ड में किए गए कार्यों का दैनिक विवरण भी रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। पालिकाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना लिखित अनुमति के कोई भी अधिकारी और कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन 4 क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवा दिन

### रोडवेज टीम ने और पीडब्ल्यूडी टीम ने जीते मैच



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन - 4 क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन रोडवेज टीम और डाक विभाग के बीच पहले मुकाबला रहा। रोडवेज टीम ने मैच जीता। बृहस्पतिवार को सर्वप्रथम परिवहन निगम के एआरएम सत्यम सिसोदिया ने झंडारोहण किया गया एवं प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मायांशी कश्यप, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर इशिका आदि द्वारा राष्ट्रगान किया गया। जिसके पश्चात दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी गई। अंपायर फाजिल अली व विनीत कुमार की निगरानी में दोनों टीम के बीच मैच खेला गया। रोडवेज टीम ने टॉस जीतकर, पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा 10 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 219 रन बनाकर जीत हासिल की। डाक विभाग 17.4 ओवर में 188 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। रोडवेज टीम से अरुण कुमार कप्तान ने 26 बॉल पर 38 रन बनाए। और विजेंद्र सिंह ने 23 बॉल में 31 रन बनाए और रोहित ने 5 विकेट लिए और 13 रन बनाए और रोडवेज टीम से रोहित मैंन ऑफ द मैच रहे व डाक विभाग टीम से हर्षित ने 19 बॉल में 43 रन बनाए और फाइटर ऑफ़ द मैच रहे। और हाजी मोहम्मद विसाल व राजा अंसारी पूर्व चैयरमैन नहटौर ने संयुक्त रूप से रोहित को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी व हर्षित को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी। टूर्नामेंट में मो0 अहसान और सुखदेव सिंह द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई।

# उत्तर प्रदेश इकाई की विश्वविद्यालय स्तर की कार्यकारिणी का गठन एक गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**कुमारगंज/अयोध्या।** आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या में आज राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश इकाई की विश्वविद्यालय स्तर की कार्यकारिणी का गठन एक गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के प्रभारी श्री महेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से हुई, जिसमें शिक्षकों एवं अकादमिक समुदाय की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सर्वसम्मति से गठित कार्यकारिणी में श्री सीताराम मिश्रा को अध्यक्ष तथा डॉ. महेंद्र सिंह को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. रुद्र प्रताप सिंह, डॉ. आस्तिक झा, डॉ. ममता कुमारी एवं डॉ. सत्यव्रत सिंह को नियुक्त किया गया, जो संगठन की नीतियों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इसी क्रम में संगठन के विस्तार एवं प्रभावी संचालन को ध्यान में रखते हुए डॉ. संजीव सिंह, डॉ. कुलदीप, डॉ. ज्योति सरोज एवं डॉ. गरिमा सिंह को महामंत्री मंडल में शामिल किया गया। संयुक्त मंत्री के रूप में डॉ. विभा यादव, डॉ. रामवीर, डॉ. अतुल, डॉ. शशांक एवं डॉ. प्रीति सिंह को जिम्मेदारी प्रदान की गई, जो संगठनात्मक गतिविधियों के समन्वय एवं क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे। वित्तीय पारदर्शिता एवं संसाधनों के सुचारु प्रबंधन हेतु डॉ. कमल रवि शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा संगठन की गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार ने संगठन के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ केवल शिक्षक हितों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, नवाचार को प्रोत्साहन तथा शिक्षण-शोध के स्तर को उन्नत करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए शिक्षकों की समस्याओं के समाधान एवं शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में सक्रिय योगदान देंगे।

कार्यक्रम में कृषि अधिष्ठाता प्रो. प्रतिभा सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय में इस प्रकार के संगठनात्मक प्रयासों की सराहना की और इसे शिक्षकों के लिए एक सकारात्मक मंच बताया। अंत में डॉ. महेंद्र कुमार सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

यह आयोजन न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक रहा, बल्कि विश्वविद्यालय में शैक्षिक विकास, शिक्षक एकता एवं समन्वित प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भी देखा जा रहा है।

# डॉ आशीष श्रीवास्तव ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का चार्ज संभाला



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सिनर्जी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट द्वारा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अयोध्या के सहयोग से "Comprehensive Cancer Care" विषय पर सीएमई का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैंसर उपचार की आधुनिक तकनीकों, विशेष रूप से एडवांस रेडिएशन टेक्नोलॉजी एवं बचाव के उपायों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से चर्चा की। IMA अयोध्या के अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव व सचिव डॉ. निशांक सक्सेना ने ऐसे शैक्षणिक आयोजनों को चिकित्सा क्षेत्र के लिए उपयोगी बताया। सिनर्जी हॉस्पिटल के डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. सौरभ मिश्रा, डॉ. अंजलि जैन व डॉ. सी.पी. अवस्थी सहित अन्य चिकित्सकों ने कैंसर के समग्र उपचार व नई तकनीकों पर अपने विचार रखे।विशेषज्ञों ने कैंसर की शीघ्र पहचान, रोकथाम और समय पर उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

# स्मार्ट मीटर का तेज अभियान

## 1.02 लाख घरों में इंस्टॉलेशन पूरा बिजली विभाग का दावा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद में स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान तेजी पकड़ चुका है। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार ने बताया कि अयोध्या जनपद में कुल 5.03 लाख उपभोक्ताओं में से अब तक 1 लाख 12 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जल्द ही सभी पुराने मीटर बदलने का लक्ष्य है।उन्होंने कहा कि पूरे मंडल के करीब 20 लाख उपभोक्ताओं को इस नई व्यवस्था से घबराने की जरूरत नहीं है। जिनके पास कनेक्शन नही है वह नया लगवा सकते है। बाकी पुराने उपभोक्ताओं का मीटर खुद बदल देगा। जिनका पुराना बकाया है वह उसे जमा करके नया मीटर लगवा लें। स्मार्ट मीटर प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी और सटीक है। प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को समय से रिचार्ज कराना होगा, अन्यथा तीन दिन बाद कनेक्शन स्वतः कट जाएगा, जबकि पोस्टपेड में 30 दिन की मोहलत मिलती है।



उनका कहना है कि पूरे अयोध्या जोन में 55 हजार 192 उपभोक्ताओं जिनका कुल बकाया लगभग 40 करोड़ था।

# प्राथमिक विद्यालय मवई में सेवानिवृत्त शिक्षिका का हुआ सम्मान

**मवई -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता है।वह अपने जीवन के अंतिम क्षण तक समाज को नई दिशा देने का काम करता है।उक्त विचार ग्राम प्रधान मवई अब्बास अली ने प्राथमिक विद्यालय मवई में पूर्व माध्यमिक विद्यालय मवई की प्रधानाध्यापक उजमा खातून के सेवानिवृत्ति होने पर प्राथमिक विद्यालय मवई के शिक्षकों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता होता है।आज जो शिक्षक सेवा निवृत्त हो रहे हैं उनके पढ़ाए हुए देश के विभिन्न भागों में सेवाएं दे रहे हैं।जो अपने गांव से लेकर देश का नाम रोशन करने में लगे हुए हैं। इससे पूर्व शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षिका उजमा खातून को अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तक सम्मान स्वरूप प्रदान की इस अवसर पर पत्रकार शारिक खां,प्रधानाध्यापक दीपांकर,सहायक अध्यापक सत्येंद्र पांडेय,दीपक कुमार वर्मा,आयुष श्रीवास्तव, कसीमुद्दीन,गुड़िया रानी गुप्ता,कीर्ति यादव,अंजुम सगीरा,चंद्रा,मुन्नीलाल,प्रदीप कश्यप,मस्तान, जगराम,अनीस उर्फ पप्पू आदि लोग उपस्थित थे।

# कार्यालय ग्राम पंचायत अरनहवा, विकास खण्ड मिठौरा, जनपद महराजगंज

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

विकास खण्ड मिठौरा के ग्राम पंचायत अरनहवा द्वारा वी.वी. जी. राम. जी./पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित/स्वच्छ भारत मिशन/ ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन/आरसीसी सीमेंटेड बेंच की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य हेतु/स्कूली डेस्क एवं बेंच की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य हेतु/स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य हेतु एवं अन्य योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट/इण्टरलाकिंग ईट/बालू/सीमेंट/मोरंग इत्यादि व वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाइप/सरिया/पेंट/ वायरिंग/पत्थर बोर्ड/ईट का टुकड़ा/पत्थर की गिट्टी/स्ट्रीट लाइट/कचरा पात्र/प्लास्टिक बैंक/ भष्मक ई रिक्शा/सायकिल/ठेला/ सफाई सामग्री/एंगल आयरन/टीन शेड/इंडिया मार्का हैंड पंप रिबोर व मरम्मत/सोलर लाइट इत्यादि सामग्री से संबंधित आपूर्ति हेतु निदिदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनाँक 07.04.2026 को दिन में 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय अरनहवा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन 03 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर राशि मु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम व शर्तें :-**

17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत गुजरौलिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान-शिवजतन, ग्रा.पं. गुजरौलिया, वि.खं. लोटन बाजार
सचिव- दिलीप पटेल, ग्रा.पं. गुजरौलिया, वि.खं. लोटन बाजार


## युद्ध की विभीषिका झेलता आम आदमी

पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से अमरीका और इजराइल द्वारा ईरान पर हुए हमलों के बाद, जहां एक ओर इस युद्ध की आग 20 देशों तक फैल चुकी है, जिसकी वजह से हजारों जानें तो गई ही हैं, बड़ी मात्रा में तेल और गैस के भंडार भी नष्ट हुए हैं, भारी मात्रा में संपत्ति का भी नुकसान हुआ है, साथ ही पूरा विश्व ही समुद्री मार्गों के बाधित होने के कारण फिलहाल तो तेल और गैस की कीमतों में वृद्धि से भी जूझ रहा है। वैश्विक एजेंसियों की मानें तो युद्ध के कारण दुनिया में मुद्रास्फीति, गरीबी और खाद्य असुरक्षा भयंकर रूप से बढ़ सकती है। साथ ही आपूर्ति श्रृंखला में बाधा, जहाजरानी लागतों में वृद्धि और महत्वपूर्ण कम्पोनेंट्स की उपलब्धता में कमी के चलते वैश्विक आपूर्ति आघात, अर्थव्यवस्थाओं में अफरा-तफरी मचा सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यह युद्ध अमरीका की तेल भंडारों पर पकड़ बनाने की महत्वाकांक्षा के कारण हो रहा है, हालांकि पहले तो यह कहा गया कि ईरान आणविक हथियार बना रहा है और इसके कारण अमरीका और विश्व की शांति भंग हो सकती है, लेकिन अब अमरीकी प्रशासन के लोग भी यह कहने लगे हैं कि अमरीका ने बिना वजह इस युद्ध को छेड़ा है। वे इजरायल को युद्ध भड़काने के लिए दोषी ठहरा रहे हैं। लेकिन समझना होगा कि पहले तो वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी कर उसे अमरीका लाया जाना, और अब ईरान पर हमला करना, विशेषज्ञ ऐसा मानते हैं कि यह सब दुनिया के तेल भंडारों पर अमरीका के काबिज होने की कोशिश का यह संकेत है। अंतरराष्ट्रीय न्यूज एजेंसी रायटर का यह कहना है कि इससे पहले इराक में सत्ता परिवर्तन के माध्यम से वहां के तेल भंडारों पर भी अमरीका का लगभग कब्जा हो चुका है। दुनिया में अपनी धौंस जमाने के लिए इस प्रकार से युद्ध थोपना अवांछनीय है।

यूं तो कोई भी जंग महंगाई को बढ़ाने का कारण बनती है, लेकिन दुनिया की अधिकांश कच्चे तेल और गैस की आवश्यकताओं को पूरा करने वाले खाड़ी के देशों के इस जंग में शामिल होने के कारण स्वाभाविक तौर पर तेल और गैस की कीमतों में वृद्धि से महंगाई तो बढ़ती ही है, समुद्र के रास्ते सामान की आवाजाही में आने वाले अवरोधों के कारण साजोसामान की कमी के चलते भी महंगाई बढ़ती है। युद्ध जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, यह समस्या भीषण रूप लेती जा रही है। महंगाई के कारण घटती क्रय शक्ति, आवश्यक वस्तुओं की कमी और सरकारों द्वारा उसे वहन करने की शक्ति कम होने पर सामाजिक अशांति का भी खतरा बढ़ सकता है। समझा जा सकता है कि युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई आवश्यक वस्तुओं की कमी और यदि उसके कारण सामाजिक अशांति फैलती है तो उसका सीधा सीधा खामियाजा आम आदमी को ही भुगतना पड़ता है। युद्ध के हालात में निवेशकों का रुझान सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर हो जाता है। व्यवसायों में विश्वास डगमगाता है और अनिश्चितता फैलती है। ऐसे में शेयरों और बांडों में निवेश की बजाय लोग ज्यादा सोना, चांदी खरीदने लगते हैं। स्वाभाविक तौर पर शेयर बाजार गिरने लगते हैं। भारत की बात करें तो युद्ध के समय से लेकर अभी तक मुंबई स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 7 प्रतिशत से अधिक गिर चुका है। वैश्विक बाजारों की बात करें तो वहां भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। शेयर बाजार में गिरावट का भी सीधा सीधा असर आम आदमी पर ही पड़ता है। एक तरफ उसके पोर्टफोलियो का मूल्य कम हो जाता है और साथ ही साथ पेंशन फंडों द्वारा शेयर बाजारों में निवेशित धन का मूल्य भी कम हो जाता है। सामान्यतः भारत जैसे विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर युद्ध का असर नकारात्मक ही पड़ता है। सबसे पहले तेल की कीमतें बढने से विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन बढ़ जाता है और विदेशी मुद्रा भंडार कम हो जाते हैं। दूसरे, बढ़ते आयात बिल और संस्थागत निवेशकों द्वारा पूंजी के बहिर्गमन के कारण स्थानीय मुद्रा का अवमूल्यन हो जाता है। गौरतलब है कि युद्ध के पिछले लगभग तीन सप्ताह में रुपए का मूल्य डॉलर के मुकाबले लगभग 3.0 प्रतिशत घट चुका है, और यह प्रक्रिया लगातार जारी है।

## महिलाओं का अंधविश्वासी होना भी उनके यौन शोषण का बड़ा कारण

महिलाओं को देवियां कहकर संबोधित करने व देवियों की पूजा करने वाले हमारे देश में आये दिन महिलाओं के यौन शोषण की नई से नई व घिनौनी से घिनौनी ख़बरें सामने आती रहती हैं। वैसे तो राजनीति,निजी व सरकारी सेवा क्षेत्र,शैक्षणिक संस्थान आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं के यौन शोषण की ख़बरें सुनाई देती हैं परन्तु बड़े ही दुःख व शर्म की बात यह है कि महिलाओं का सबसे अधिक शोषण उनके अन्धविश्वास के चलते या उनकी धर्मान्धता के कारण होता है। देश के अनेक बड़े से बड़े स्वयंभू धर्मगुरु जो ईश्वरीय अवतार होने तक का दावा किया करते थे, महिलाओं के यौन शोषण यहाँ तक कि बलात्कार व हत्या जैसे मामलों में जेल की सज़ा काट चुके हैं और कई अब भी जेलों में हैं परन्तु आश्चर्य यह है कि उनके काले कारनामों से पर्दा हटने के बावजूद ऐसे दुराचारी स्वयंभू धर्मगुरुओं के अनुयायियों ख़ासकर महिला अनुयायियों में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बल्कि उनके प्रति अंधआस्था रखने वाले लोग यह कहते सुने जाते हैं कि उनके गुरु जी को 'जबरन फंसाया' गया है। शायद यही वजह है कि हमारे देश में आये दिन इस तरह के नित नये मामले सामने आते रहते हैं।


निर्मल रानी

पिछले दिनों ऐसा ही हैरान करने वाला एक मामला महाराष्ट्र के नासिक से सामने आया। यहाँ कैप्टन अशोक खरात उर्फ़ अशोक कुमार उर्फ़ एकनाथ खरात नाम से प्रसिद्ध एक ज्योतिषी की हैरान कर देने वाली काली करतूत उजागर हुई। इस व्यक्ति का नासिक के कनाडा कॉर्नर क्षेत्र में 'ओकस प्रॉपर्टी डीलर्स एंड डेवलपर्स' नाम से एक कार्यालय था जो ज्योतिष के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध था । उसके क़रीब ही सिन्नर में उसका एक विशाल फ़ार्म हाउस था जिसमें उसने ईशान्येश्वर मंदिर बना रखा था। वह एक ट्रस्ट बनाकर इस व्यवस्था को स्वयं संचालित करता था। वह ख़ुद ही ट्रस्ट का प्रमुख था। उसके पास और भी अनेक संपत्तियां थीं। खरात के नेताओं, अधिकारियों, सेलिब्रिटी और व्यापारियों से भी गहरे संबंध थे। इस 67 वर्षीय पूर्व मर्चेंट नेवी कर्मचारी जो कि स्वयं को 'कैप्टन' बताता था उसने ज्योतिष और आध्यात्मिक शक्तियों के नाम पर अनेक महिलाओं को अपने जाल में फंसाया हुआ था । वह स्वयं को रसूख़दार व शक्तिशाली ज्योतिषी व आध्यात्मिक गुरु बताता था। यहां तक कि भगवान शिव का अवतार होने का दावा भी किया करता था। यह व्यक्ति संपन्न ऊंचे रसूख़ वाली उच्च पदों पर आसीन महिलाओं व उच्च पदों पर विराजमान लोगों की पत्नियों को उनके व्यक्तिगत , पारिवारिक, वैवाहिक या फिर भविष्य व कैरियर संबंधी समस्याओं का समाधान बताने के बहाने से अपने कार्यालय या अपने फ़ार्म हाउस पर बुलाया करता था। इसके बाद वह उन महिलाओं की कुंडली देखता था। फिर किसी महिला को उसके 'पति की मौत' का ख़तरा बताता तो किसी को कोई और परिवारिक संकट बता देता। किसी को उसका 'भविष्य ख़राब' होने की भविष्यवाणी कर देता तो किसी को गंभीर बीमारी का भय बता देता। और इसी की आड़ में वह पूजा-पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने की बातें किया करता था। यह स्वयंभू ज्योतिषी अपने कार्यालय या फ़ार्म हाउस के एक प्राइवेट केबिन में 'शुद्धिकरण' या 'रीतियों ' के नाम पर अपना शिकार बनाने वाली महिलाओं को किसी पेय के माध्यम से ऐसा नशीला पदार्थ पिलाता जिससे वे बेहोश हो जातीं या फिर सम्मोहित हो जातीं। उसके बाद वह अपने कार्यालय में ही उन महिलाओं का यौन शोषण किया करता था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# पोषण योजनाओं की पहुंच पर सवाल

बिहार में जब आंगनबाड़ी की शुरुआत हुई थी, तब इसके केंद्रों की संख्या बहुत सीमित थी और यह केवल कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित थी। धीरे-धीरे इसका विस्तार हुआ और आज राज्य में लगभग 1.14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत हैं। इनमें से बड़ी संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होती है, जहाँ इनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। पिछले कुछ वर्षों में इन केंद्रों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ इनके संचालन में भी कुछ सुधार देखने को मिले हैं। डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम की शुरुआत, पोषण ट्रैकिंग और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के प्रयासों के कारण अधिक से अधिक बच्चों और महिलाओं को इस योजना से जोड़ा गया है। अनुमानतः बिहार में लाखों बच्चे, किशोरियाँ और गर्भवती महिलाएं इन सेवाओं का लाभ ले रही हैं, जिससे कुपोषण की समस्या में कुछ हद तक कमी आई है और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बेहतर हुई है।


खुशी कुमारी

हालांकि, इतने वर्षों के बाद भी यह योजना अपने सभी लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल नहीं कर पाई है, विशेषकर बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी स्थिति अभी भी संतोषजनक नहीं कही जा सकती। कई आंगनबाड़ी केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है, पोषण आहार का वितरण नियमित नहीं है और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की भी कमी देखने को मिलती रहती है। कई स्थानों पर भवन की स्थिति खराब है या केंद्र अस्थायी जगहों पर संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा, सभी लाभार्थियों तक समान रूप से सेवाएं नहीं पहुंच पाती, जिससे असमानता बनी रहती है।



इसका एक उदाहरण राज्य के मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी प्रखंड स्थित नरौली गांव भी है। लगभग 250 से अधिक घरों वाले इस गांव में अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी अधिक है। आर्थिक तौर पर यह गांव काफी पिछड़ा हुआ है। यहाँ के अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूरी, खेतिहर काम या छोटे-मोटे स्वरोजगार से अपनी आजीविका चलाते हैं। ऐसे में उनके सीमित संसाधनों के कारण गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए पर्याप्त पोषण और देखभाल सुनिश्चित कर पाना आसान नहीं है। इस पृष्ठभूमि में आंगनबाड़ी केंद्र, जो बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के लिए पोषण और देखभाल का एक मजबूत आधार होना चाहिए, वहीं अपनी सीमाओं में सिमटकर रह गया है।

नरौली गांव के लोगों का कहना है कि यहां संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर सभी बच्चों और महिलाओं को समान रूप से सुविधाएं नहीं मिल पातीं हैं। कई बार पोषण आहार की आपूर्ति नियमित नहीं होती, तो कभी स्वास्थ्य जांच समय पर नहीं हो पाती। गर्भवती महिलाओं को जो विशेष देखभाल और पोषण मिलना चाहिए, वह अक्सर अधूरा रह जाता है। किशोरियों के लिए आयरन और फोलिक एसिड जैसी आवश्यक सुविधाएं भी निरंतर नहीं मिलतीं। यह स्थिति केवल एक केंद्र की नहीं, बल्कि कई ग्रामीण क्षेत्रों की एक साझा समस्या बन चुकी है।

मुजफ्फरपुर जिले में लगभग 5617 आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं, जिनमें से बड़ी संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है। पिछले वर्ष ही राज्य सरकार ने 900 की जगह 400 की आबादी पर एक आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की घोषणा की थी। जिसके बाद जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या दस हजार से अधिक होने का अनुमान लगाया गया है। जिससे ज्यादा से ज्यादा गरीब परिवारों के बच्चों, गर्भवती और दूध पिलाने वाली महिलाओं तथा किशोरियों को लाभ मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। जिला के मुसहरी प्रखण्ड में भी सैकड़ों आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, लेकिन इनकी गुणवत्ता और नियमितता पर सवाल खड़े होते रहे हैं। जिसका सीधा असर इसके लाभार्थियों के जीवन पर पड़ता है।

2026-27 के केंद्रीय बजट में सरकार ने आंगनबाड़ी सेवाओं के लिए लगभग 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित करने की घोषणा की है, जो 'सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0' योजना के तहत आती है। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक आधुनिक बनाना, पोषण स्तर में सुधार लाना और सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाना है। वहीं बिहार सरकार ने भी अपने बजट में लगभग 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि महिला एवं बाल विकास योजनाओं, जिसमें आंगनबाड़ी भी शामिल हैं, के लिए निर्धारित की है। यह आंकड़े उम्मीद जगाते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह राशि सही तरीके से जमीन तक पहुँच रही है?

हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले पांच वर्षों में बिहार में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति में बहुत हद तक सुधार हुआ है। कई केंद्रों में भवन निर्माण हुआ है, डिजिटल मॉनिटरिंग की शुरुआत हुई है और पोषण ट्रैकिंग सिस्टम को बेहतर बनाया गया है। जिससे बच्चों में कुपोषण के स्तर में थोड़ी कमी आई है और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की संख्या में भी वृद्धि हुई है। लेकिन इन सुधारों के बावजूद, संसाधनों का सही वितरण का नहीं हो पाना सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है।

सवाल यह उठता है कि क्या केवल योजनाएं बनाना और बजट आवंटित करना ही पर्याप्त है? जब एक गर्भवती महिला को समय पर पोषण नहीं मिलता है, जब एक बच्चा भूखे पेट सोने को मजबूर होता है, या जब एक किशोरी को अपने स्वास्थ्य के बारे में सही जानकारी नहीं मिलती, तब यह केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं रह जाती, बल्कि यह पूरे समाज की जिम्मेदारी बन जाती है। यह भी समझना जरूरी है कि महिलाओं और बच्चों की देखभाल केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं हो सकती, खासकर तब जब परिवार खुद आर्थिक रूप से कमजोर हो। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्र एक सहारा बन सकते हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि वे पूरी क्षमता से काम करें।

हर महिला, हर बच्चा और हर किशोरी को समान अधिकार और सुविधाएं मिलनी चाहिए, न कि किसी प्रकार का भेदभाव। इस स्थिति को सुधारने के लिए केवल सरकार ही नहीं, बल्कि समाज की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। स्थानीय स्तर पर निगरानी समितियों को मजबूत करना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बेहतर प्रशिक्षण और संसाधन देना, और समुदाय की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है। अगर गांव के लोग खुद अपने केंद्र की जिम्मेदारी लें और उसकी निगरानी करें, तो बदलाव सबसे अधिक संभव है क्योंकि जब तक हर घर में पोषण और देखभाल की रोशनी नहीं पहुंचेगी, तब तक विकास की कहानी अधूरी ही रहेगी।

**(यह लेखिका के निजी विचार हैं)**

# बुजुर्गों के भरण-पोषण के लिये एक सराहनीय पहल

भारतीय संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है- 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव' केवल शास्त्रों की पंक्ति नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना की आत्मा रही है। इसलिए यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि जन्म देने और पालन-पोषण करने वाले माता-पिता को जीवन की सांझ में उपेक्षा, अपमान और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़े, और उन्हें अपने ही बच्चों से गुजारा भत्ता पाने के लिए कानून और प्रशासन का सहारा लेना पड़े। दुर्भाग्य से यह आज के समय की कठोर वास्तविकता बनती जा रही है। बुढ़ापा अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की क्षमताएं कम होने लगती हैं, बीमारियां बढ़ने लगती हैं और आय के स्रोत लगभग समाप्त हो जाते हैं। सेवानिवृत्ति के समय जो थोड़ी बहुत जमा-पूंजी होती है, वह बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। सरकारी नौकरी करने वालों को पेंशन मिल भी जाती है, लेकिन निजी क्षेत्र या छोटे व्यवसाय से जुड़े लोगों की स्थिति अधिक कठिन हो जाती है। ऐसे समय में यदि बच्चे ही माता-पिता की देखभाल न करें तो यह केवल पारिवारिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध की श्रेणी में आता है।


ललित गर्ग

इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित 'तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026' एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। इस विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि बच्चे अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो उनके वेतन से एक निश्चित राशि काटकर माता-पिता को दी जाए। यह कानून सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। इस प्रकार यह कानून केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को कानूनी रूप देने का प्रयास है। हालांकि भारत में पहले से 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007' मौजूद है, लेकिन तेलंगाना का यह नया विधेयक अधिक व्यापक, संवेदनात्मक और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें प्रावधान है कि यदि बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो शिकायत मिलने पर उनके वेतन से पंद्रह प्रतिशत या दस हजार रुपये (जो भी कम हो) काटकर माता-पिता के खाते में जमा किए जाएंगे। शिकायत का निस्तारण जिला कलेक्टर द्वारा साठ दिनों के भीतर किया जाएगा और इसके लिए वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन भी किया जाएगा। इस कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें केवल जैविक माता-पिता ही नहीं, बल्कि सौतेले माता-पिता भी शिकायत कर सकते हैं।



यह कानून इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारतीय परिवार व्यवस्था तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार में बदल चुके हैं और अब तो एक व्यक्ति परिवार की अवधारणा भी विकसित हो रही है। करियर की दौड़, आर्थिक दबाव, शहरी जीवनशैली, सुविधावाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती भावना ने परिवार की पारंपरिक संरचना को कमजोर किया है। कई बार माता-पिता को घर से निकालकर वृद्धाश्रम भेज दिया जाता है, और यदि घर में रख भी लिया जाए तो उन्हें उपेक्षा, तिरस्कार और मानसिक पीड़ा सहनी पड़ती है। उनकी दवाइयों, भोजन और देखभाल तक में लापरवाही बरती जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यह प्रश्न उठता है कि क्या माता-पिता की सेवा केवल संस्कारों से सुनिश्चित की जा सकती है या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है? आदर्श स्थिति में तो संस्कार ही पर्याप्त होने चाहिए। भारतीय इतिहास और परंपरा में माता-पिता की सेवा के अनेक प्रेरक उदाहरण मिलते हैं। श्रवण कुमार का उदाहरण तो भारतीय संस्कृति में आदर्श पुत्र का प्रतीक बन चुका है, जिसने अपने अंधे माता-पिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थ यात्रा करवाई। इसी प्रकार भगवान श्रीराम ने पिता के वचन को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल धार्मिक कथाएं नहीं, बल्कि भारतीय समाज की नैतिक संरचना के आदर्श हैं।


इतिहास में छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेक व्यक्तित्वों के जीवन में भी माता-पिता के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान देखने को मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा रही है। लेकिन आज जब संस्कार कमजोर हो रहे हैं, तब समाज को कानून का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन इस पूरे विषय को केवल एकतरफा दृष्टि से देखना भी उचित नहीं होगा। यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता-पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चे हमेशा उनकी इच्छाओं के अनुसार ही जीवन जिएं, अपने निर्णय स्वयं न लें, विवाह, करियर, जीवनशैली हर चीज में माता-पिता की इच्छा सर्वोपरि रहे। कई बार माता-पिता बच्चों की निजी जिंदगी में अत्यधिक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे परिवार में तनाव उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों और माता-पिता के बीच दूरी बढ़ जाती है और पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो जाता है।

इसलिए समस्या का समाधान केवल कानून नहीं है, बल्कि परिवार के भीतर संतुलन, संवाद और समझ भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि माता-पिता ने उनके लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है, इसलिए बुढ़ापे में उनकी सेवा और सम्मान उनका नैतिक कर्तव्य है। वहीं माता-पिता को भी यह समझना चाहिए कि समय बदल गया है, नई पीढ़ी की जीवनशैली और सोच अलग है, इसलिए उन्हें बच्चों को समझने और उन्हें स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है। वास्तव में परिवार एक संस्था है, जो प्रेम, त्याग, सम्मान और संवाद पर चलती है, न कि केवल अधिकार और अनुशासन पर। जहां केवल अधिकार होंगे, वहां टकराव होगा; जहां केवल त्याग होगा, वहां असंतुलन होगा; लेकिन जहां प्रेम और संतुलन होगा, वहां परिवार मजबूत होगा।

तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता-पिता का भरण-पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता। इसके लिए समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। स्कूलों में, सामाजिक संस्थाओं में और धार्मिक संगठनों में परिवार और बुजुर्गों के सम्मान की शिक्षा दी जानी चाहिए। आज 'नया भारत' और 'विकसित भारत' की बात की जा रही है, लेकिन केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है। यदि समाज में बुजुर्ग असुरक्षित, उपेक्षित और अपमानित होंगे, तो विकास अधूरा रहेगा। वास्तविक विकास वही है जिसमें समाज का हर वर्ग-बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी सकें।

# देश के भविष्य का ब्लूप्रिंट है जनगणना

आबादी के मामले में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश में 1 अप्रैल 2026 से 'जनगणना 2027' के पहले चरण की शुरुआत हो गई है। यह भारत की 16वीं और आजादी के बाद की 8वीं जनगणना है। साल 1872 में पहली व्यापक जनगणना से शुरू होने वाली हर दस वर्षीय जनगणना का मकसद विकसित होते सामाजिक ताने बाने को समझना रहा है। सालों से जैसे-जैसे देश बदल रहा है, वैसे-वैसे जनगणना करने तरीके और दायरा भी बदल रहा है।


राजेश माहेश्वरी

जनगणना इसलिए कराई जाती है ताकि सरकार को यह पता चल सके कि देश में कितने लोग हैं, वे कहां रहते हैं, क्या काम करते हैं और किस भाषा में बात करते हैं। हालांकि जनगणना सिर्फ लोगों की गिनती नहीं होती, यह देश की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक तस्वीर दिखाती है। इससे सरकार को नीतियां बनाने, संसाधनों का वितरण और योजनाओं की दिशा तय करने में मदद मिलती है।

भारत में सदियों पुराने ग्रंथ ऋग्वेद में भारत में 800-600 ईसा पूर्व में एक प्रकार की जनसंख्या गणना का उल्लेख मिलता है। इसके अलावा कौटिल्य के अर्थशास्त्र और मुगल काल में आइन-ए-अकबरी में भी जनगणना कराने के बारे में जिक्र किया गया है। आधुनिक काल में जनगणना का इतिहास 1800 से शुरू होता है जब इंग्लैंड ने अपनी जनगणना कराई थी। ब्रिटिश काल में भारत के अंदर जेम्स प्रिंसेप द्वारा इलाहाबाद (वर्ष 1824) और बनारस (वर्ष 1827-28) में जनगणना कराई थी।

एक भारतीय शहर की पहली पूर्ण जनगणना वर्ष 1830 में हेनरी वाल्टर द्वारा ढाका (आज का बांग्लादेश) में करवाई थी। भारत में पहली बार आधिकारिक जनगणना सन 1872 में ब्रिटिश शासन के दौरान कराई गई थी। हालांकि यह जनगणना पूरे देश में एक साथ नहीं हुई थी, बल्कि अलग-अलग क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से कराई गई थी। 1881 में भारत में पहली बार संपूर्ण और व्यवस्थित जनगणना कराई गई, जिसे 'पहली आधुनिक जनगणना' माना जाता है। तब से हर 10 साल में जनगणना कराई जा रही है। भारत की जनगणना दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक जनगणना मानी जाती है।

आजाद भारत की पहली जनगणना का कार्य 1951 में हुआ था। उस समय देश की आबादी महज 36 करोड़ थी, जबकि 2011 में हुई आखिरी जनगणना में देश की आबादी 1.21 अरब हो चुकी थी। भारत में प्रत्येक दस वर्ष के अंतराल पर नियमित जनगणना का कार्य किया जाता है। दशकीय (10 साल में होने वाली) जनगणना का संचालन गृह मंत्रालय के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय की ओर से किया जाता है। साल 1951 तक प्रत्येक जनगणना के लिए तदर्थ आधार पर जनगणना संगठन की स्थापना की गई थी।

भारत में जनगणना का काम संविधान के जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के तहत किया जाता है। इस कानून को बनाने का विधेयक भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की ओर से पेश किया गया था। भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ का विषय है। यह संविधान की सातवीं अनुसूची के क्रमांक 69 में सूचीबद्ध है। जनगणना अधिनियम, 1948 में गोपनीयता की गारंटी भी दी जाती है। जनगणना के दौरान एकत्र की गई जानकारी इतनी गोपनीय होती है कि यह न्यायालयों के लिये भी सुलभ नहीं होती है। गोपनीयता के उल्लंघन पर दंड का भी प्रावधान है।

साल 2011 में हुई जनगणना में 29 सवाल पूछ गए थे । इनमें सामान्य सवालों के अलावा मातृभाषा,अन्य भाषाओं की जानकारी, माइग्रेशन, रोजगार और पलायन से जुड़ी वजह से संबंधित सवाल किए गए थे। जनगणना 2021 को कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण स्थगित कर दिया गया था। हालांकि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें स्व-गणना का भी प्रावधान होगा। यह पहली बार है कि ऐसे परिवार और परिवारों में रहने वाले सदस्यों की जानकारी एकत्र की जाएगी, जिसका मुखिया कोई ट्रांसजेंडर हो। पहले केवल पुरुष और महिला के लिये एक कॉलम था।

जनगणना के पहले चरण (मकान सूचीकरण और आवास) में कुल 33 सवाल पूछे जाएंगे। ये सवाल मकान की स्थिति, परिवार की सुख-सुविधाओं, पीने के पानी, शौचालय, बिजली, ईंधन और मुख्य रूप से खाए जाने वाले अनाज से संबंधित होंगे। इस बार की जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर अब मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे जनगणना कर्मचारियों द्वारा एकत्रित जानकारी सीधे सर्वर पर पहुंचेगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इस डिजिटल जनगणना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसे दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा अधिक व्यवस्थित और विश्लेषण योग्य बनेगा।

इस बार सरकार ने एक बहुत बड़ी सुविधा दी है। इस सुविधा का नाम है सेल्फ-इन्यूमरेशन। इसका सीधा सा मतलब यह है कि अब आपको जनगणना वाले बाबू के घर आने का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। आप खुद ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं। यह पोर्टल हिंदी और अंग्रेजी समेत 16 भाषाओं में उपलब्ध है।

जनगणना से जुड़ी जानकारी की सुरक्षा को लेकर भी सरकार ने खास इंतजाम किए हैं। डेटा को उसी स्तर की सुरक्षा दी जाएगी जो परमाणु ऊर्जा केंद्रों, नेशनल पावर ग्रिड या सैन्य नेटवर्क को दी जाती है। इसकी निगरानी नेशनल क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर के तहत होगी। सरकार ने जनगणना के आंकड़ों को अति संवेदनशील सूचना बुनियादी ढांचा यानी सीआईआई की श्रेणी में रखा है। इसका मतलब है कि डेटा पूरी तरह गोपनीय रहेगा और आरटीआई के दायरे से भी बाहर होगा। इसे किसी सरकारी योजना या अदालत में साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। साथ ही डेटा लीक करने पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई का प्रावधान भी रखा गया है। जनगणना का आधिकारिक आंकड़ा 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि के आधार पर तय माना जाएगा।

इस पूरे अभियान को सही ढंग से चलाने के लिए सरकार ने करीब 11,718.24 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट रखा है। देशभर में लगभग 30 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों को इस काम में लगाया गया है। खास बात यह है कि अब सारा डेटा मोबाइल ऐप के जरिए तुरंत सर्वर पर चला जाएगा, जिससे गलती होने की गुंजाइश कम होगी और जनगणना के नतीजे भी पहले के मुकाबले जल्दी आ पाएंगे। जनगणना का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा फरवरी 2027 में शुरू होगा, जिसमें लोगों की गिनती की जाएगी। उसी दौरान जाति आधारित गणना भी होगी। 1 मार्च 2027 की रात 12 बजे के वक्त को इस पूरी गिनती का मुख्य आधार माना जाएगा। इस डिजिटल बदलाव से न केवल काम आसान होगा, बल्कि आपका डेटा भी पहले से ज्यादा सुरक्षित रहेगा। निश्चित रूप से, जनगणना केवल जनसंख्या की गिनती नहीं है, बल्कि देश के भविष्य का ब्लूप्रिंट है।

# धौरहरा हादसे के पीड़ितों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल

■ मृतकों के परिजनों से जताई संवेदना, प्रशासन की अनदेखी पर जताई नाराजगी



**अवधनामा संवाददाता**

**फतेहपुर।** बिंदकी तहसील क्षेत्र के धौरहरा गांव में हुए भीषण सड़क हादसे के बाद कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल मृतकों के घर पहुंचा और शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। प्रतिनिधि मंडल ने घायलों के उपचार में प्रशासन की ओर से पर्याप्त मदद न मिलने पर गहरा दुख जताया।

ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार को धौरहरा गांव के निषाद बिरादरी के लोग संगम से एक बच्चे का मुंडन कराकर वापस लौट रहे थे, तभी कौशांबी जनपद में हुए सड़क हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि पांच अन्य लोगों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी द्वारा गठित प्रतिनिधि मंडल में पूर्व जिला अध्यक्ष पप्पू पाल, एआईसीसी सदस्य राजीव लोचन निषाद, अभिषेक कश्यप, शुभांशु निषाद, राजकुमार पाल, देशराज पाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने मृतकों के परिजनों से मिलकर उनका दुख बांटा और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों के इलाज में प्रशासन की ओर से कोई ठोस सहायता न मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और प्रशासन से मांग करेगी कि घायलों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गरीब निषाद बिरादरी के लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उन्हें इलाज के लिए अपनी जमीन-जायदाद बेचने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। प्रशासन को चाहिए कि मानवीय आधार पर तत्काल राहत प्रदान करे, ताकि पीड़ितों को समुचित इलाज मिल सके।

# बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा शिफ्टिंग के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** थाना ललौली क्षेत्र के ग्राम सभा ललौली के ग्रामीणों ने बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की शाखा को गांव से बाहर शिफ्ट किए जाने के विरोध में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कड़ा विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह शाखा पिछले लगभग 45 वर्षों से गांव में संचालित हो रही है और इसका लेनदेन भी सुचारू रूप से चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बैंक की वर्तमान स्थिति से गांव वासियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं है, लेकिन अब शाखा को गांव से बाहर स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया से लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि गांव की लगभग 90 प्रतिशत महिलाएं बैंकिंग कार्यों के लिए इसी शाखा पर निर्भर हैं, जबकि अधिकांश पुरुष रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब और मुंबई जैसे स्थानों पर रहते हैं। ऐसी स्थिति में महिलाओं के लिए दूरस्थ स्थान पर जाकर बैंकिंग कार्य करना असुरक्षित और असुविधाजनक होगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए बैंक शाखा को यथावत गांव में ही संचालित रखा जाए। साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शाखा को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया तो वे सभी अपने-अपने खाते बंद करवा देंगे और किसी अन्य बैंक में खाता खुलवाएंगे। साथ ही उन्होंने जमा धनराशि वापस करने की भी मांग की है। इस दौरान मकबूल मोहम्मद, खां समीम, आदिल खान, फखरुद्दीन, जमाल अली, निसार खान, मकबूल हाफिज, नूर मोहम्मद, मास्टर फरहत खान, अंसार खान, इसरार खान, अबरार खान, जहीर खान, महताब आलम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुहम्मद ताहिर बने आल इंडिया पसमांदा उलेमा बोर्ड के प्रदेश महासचिव

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के लखनऊ स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठनात्मक विस्तार के तहत नई नियुक्ति की घोषणा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूऊ अली अंसारी एवं बिहार से पधारे अतिथि जनाब जमालुद्दीन अंसारी ने श्री मुहम्मद ताहिर जी को ऑल इंडिया पसमांदा उलेमा बोर्ड का प्रदेश महासचिव, उत्तर प्रदेश नियुक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह नियुक्ति औपचारिक रूप से घोषित की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने श्री ताहिर के अनुभव, कार्यशैली और सामाजिक प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि वे संगठन को मजबूत करने और पसमांदा समाज के हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

नवनियुक्त प्रदेश महासचिव श्री मुहम्मद ताहिर ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने तथा पसमांदा समाज के उत्थान के लिए तन-मन-धन से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## मेडिकल कॉलेज में 16 को जुटेंगे टीबी विशेषज्ञ

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से प्रो. प्रीतमदास प्रेक्षागृह में 16 अप्रैल को एक्स्ट्रा पल्मोनरी ट्यूबरकुलोसिस (ईपीटीबी) विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर विशेषज्ञ टीबी के इलाज की नवीनतम तकनीक और जांच की सरल प्रक्रिया पर विचार व्यक्त करेंगे।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. रीना सचान ने बताया कि यह सेमिनार टीबी के उन्मूलन में एक सार्थक प्रयास होगा। क्योंकि टीबी एक गंभीर लेकिन इलाज योग्य बीमारी है। समय पर पहचान, सही इलाज और जीवनशैली में सुधार से इससे बचाव और उपचार दोनों संभव है। दवाइयों का पूरा कोर्स लेना और नियमित जांच कराना बेहद जरूरी है।

सेमिनार में रेजीडेंट डॉक्टर ट्यूबरकुलोसिस विषय पर केंद्रित पोस्टर की प्रस्तुति करेंगे। इस मौके पर डॉक्टर शोध पत्र की प्रस्तुति करेंगे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति अभियान 5.0 (फेज-2)' के अंतर्गत जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति एवं एंटीरोमियो टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। गुरुवार को अभियान के तहत पुलिस टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं और आमजन को मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान ग्राम चौपाल लगाकर लोगों से संवाद स्थापित किया गया और उनकी समस्याओं को सुनते हुए त्वरित एवं विधिसम्मत समाधान के लिए प्रेरित किया गया। टीमों ने महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, उनके अधिकारों की सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर आपात स्थिति में उनके उपयोग के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सेवा 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा cybercrime.gov.in पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने लोगों को इन सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाने और समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर रहा है।

# नम आंखों से दी डॉ. चंद्रभवन यादव को भावभीनी विदाई

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर/बांदा।** स्वर्गीय डॉ. चंद्रभवन यादव के निधन के बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शोक की गहरी लहर देखने को मिली। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, क्षेत्रीय नागरिक एवं शुभचिंतक शामिल हुए। फतेहपुर से चौधरी राजेश यादव अपनी टीम के साथ उनके आवास बांदा पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। माहौल अत्यंत भावुक हो गया और हर किसी की आंखें नम नजर आईं। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवा प्रभारी चौधरी राजेश यादव ने कहा कि स्व. डॉ. चंद्रभवन यादव का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, सौम्य और मिलनसार था। उन्होंने अपने जीवन में समाज सेवा, पारिवारिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके आदर्श और कार्य हमेशा समाज को प्रेरित करते रहेंगे। वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद से न केवल उनका परिवार बल्कि समाज के अनेक लोग लाभान्वित हुए। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दौरान विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए दिवंगत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनका व्यक्तित्व और योगदान सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेगा। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वरुण यादव (पूर्व ब्लॉक प्रमुख तिंदवारी), देवराज यादव (प्रदेश अध्यक्ष), यशवंत यादव (सभासद खागा), हरिओम प्रधान, अभिलाष यादव, ऋषि यादव, शैलेंद्र सिंह यादव (बिंदकी), धीर सिंह यादव (मीडिया प्रभारी), किरण वर्मा, सुमन दिवाकर, राकेश, मूलचंद, उमेश, अशोक (नगर अध्यक्ष बबेरू), आलोक (प्रधान बिगहना), सत्यदेव, रामरतन यादव (ब्लॉक अध्यक्ष नरैनी), सामवेद (जिला मीडिया प्रभारी बांदा), अनिल यादव, रूप सिंह, कमलेश, घनेन्द्र, गौतम, हिमांशु, अभिनंदन, सचिन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण शोकाकुल और भावुक बना रहा, जहां हर व्यक्ति दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करता नजर आया।

# डीएम की मौजूदगी में गेहूं फसल की क्रॉप कटिंग, औसत उपज 32.8 कुंतल प्रति हेक्टेयर

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** जनपद में रबी फसल के अंतर्गत गेहूं की उपज का सटीक आकलन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा क्रॉप कटिंग का कार्य तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को तहसील सदर के ब्लॉक तेलियानी अंतर्गत ग्राम कासिमपुर बीबीहाट में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की उपस्थिति में गेहूं फसल की क्रॉप कटिंग कराई गई। क्रॉप कटिंग का कार्य कृषक शिवबरन सिंह पुत्र सुन्दर के खेत (गाटा संख्या 43) तथा कृषक गोरेलाल पुत्र रामसहाय के खेत (गाटा संख्या 330) में संपन्न कराया गया। इस दौरान निर्धारित मानक के अनुसार दोनों खेतों में 43.3 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फसल काटकर उसकी उपज का मापन किया गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गाटा संख्या 43 में 32.8 किलोग्राम गेहूं की उपज दर्ज की गई, जबकि गाटा संख्या 330 में 34.5 किलोग्राम उत्पादन पाया गया। इन आंकड़ों के आधार पर औसत उपज 32.8 कुंतल प्रति हेक्टेयर आंकी गई, जो क्षेत्र में गेहूं उत्पादन की स्थिति को दर्शाती है। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मोबाइल एप में क्रॉप कटिंग से संबंधित सभी आंकड़ों को समयबद्ध और सही तरीके से फीड किया जाए। उन्होंने कहा कि फसल उपज के सही आंकड़े शासन स्तर पर योजनाओं के निर्माण और किसानों को लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीके से किए गए उपज आकलन से न केवल वास्तविक उत्पादन की जानकारी मिलती है, बल्कि इससे किसानों को मिलने वाली सुविधाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सटीकता आती है। इस दौरान तहसीलदार सदर, अपर सांख्यिकी अधिकारी, संबंधित राजस्व लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारी एवं क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों में भरोसा बढ़ा है कि उनकी फसल का सही आकलन कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

# उरई में सर्किट हाउस बुकिंग अब पूरी तरह ऑनलाइन

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** शासन द्वारा जारी निर्देशों के क्रम जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जनपद में माननीयगण/अन्य विशिष्ट अतिथिगण हेतु सर्किट हाउस, निरीक्षण भवन एवं गेस्ट हाउस में कमरों की बुकिंग व्यवस्था को पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया गया है। अब सभी बुकिंग केवल अधिकृत वेब पोर्टल के माध्यम से ही की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की ऑफलाइन बुकिंग मान्य नहीं होगी।

शासन द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में यह व्यवस्था लागू की गई है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि बुकिंग की पुष्टि तभी मानी जाएगी जब उसे जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अतिथि को पहले ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कर आवश्यक विवरण भरते हुए भुगतान करना होगा। भुगतान सफल होने के पश्चात बुकिंग का अनुरोध जिलाधिकारी के लॉगिन पैनल पर पहुंचेगा, जहां से स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में रिसेप्शन काउंटर पर जाकर सीधे बुकिंग कराने की अनुमति नहीं होगी, बल्कि ऐसी स्थिति में भी ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाना अनिवार्य रहेगा। यह व्यवस्था पारदर्शिता, जवाबदेही और सुव्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक जनपद में प्रोटोकॉल के अंतर्गत कुछ कक्ष आरक्षित रखे जाएंगे, जिनका आवंटन भी निर्धारित नियमों के अनुसार ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से ही किया जाएगा। विशेष परिस्थितियों में ही जिलाधिकारी स्तर से आवश्यक संशोधन किया जा सकेगा।

# सूदखोरों से परेशान युवक ने खाया जहर, जेब से मिला सुसाइड नोट

■ दुकान पर आकर धमकी देने का आरोप, हालत गंभीर जिला अस्पताल में भर्ती

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित पक्के तालाब इलाके में एक युवक ने सूदखोरों की कथित प्रताड़ना से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। युवक की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें दो लोगों पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार पक्के तालाब निवासी शिवकुमार पुत्र दिनेश कुमार की सर्राफा (सराफा) की छोटी दुकान है, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उसकी पत्नी सपना ने बताया कि महफूज और नीलू नाम के दो सूदखोर अक्सर दुकान पर आकर गाली-गलौज करते थे और बच्चों के सामने धमकी देते थे।

परिजनों का आरोप है कि शिवकुमार ने मूल रकम चुका दी थी, इसके बावजूद सूदखोर अत्यधिक ब्याज की मांग कर लगातार दबाव बना रहे थे। इसी मानसिक तनाव से परेशान होकर गुरुवार दोपहर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं अस्पताल के डॉक्टर अमन सिंह के अनुसार युवक द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन करने की बात सामने आई है और उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल उसकी स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सुसाइड नोट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सलाई मशीन वितरण एवं नवीन कार्यकारिणी का गठन

**अवधनामा संवाददाता**




**उरई।** भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा उरई द्वारा महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिलाई मशीनों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे समाज में उन्हें किसी भी प्रकार से हीन भावना ना रहे और वह आत्मनिर्भर होकर स्वरोजगार कर सकें। कार्यक्रम के दौरान परिषद की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर मोहित सिपोलिया, सचिव पद पर विमल गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर एमपी सिंह तथा महिला संयोजक के रूप में श्रीमती अलका कठिल को निर्वाचित किया गया।

कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित प्रांतीय महासचिव नंद गोपाल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि परिषद सदैव समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रही है। साथ उन्होंने बताया मुख्य शाखा उरई सेवा के कार्यों में प्रांत में हमेशा अग्रणी रहती हैप्रांतीय वित्त सचिव सुनील मित्तल ने संगठन की योजनाओं को विस्तार देने पर बल दिया।

क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव इंजीनियर अजय इंटौरिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं। उन्होंने बताया भारत विकास परिषद स्वावलंबन के कार्यक्रम हमेशा से संचालित करती रही है । इस बार हम लोगों ने 10 सिलाई मशीन बाटी है आगे के वर्षों में बेरोजगार युवाओं को अपना स्वयं का छोटा व्यापार शुरू कराने का हमारा लक्ष्य है।नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहित सिपोलिया ने अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। और कहा भारत विकास परिषद का समाज में जो नाम है उसे आगे बढ़ाने के लिए सेवा के विभिन्न प्रकल्पों पर हम सभी लोग मिलकर काम करेंगे आपने जो विश्वास हमारी टीम पर जताया हैं हमारी टीम पूरा करने का प्रयास करेंगी

कार्यक्रम में वर्तमान अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, सचिव रवि ईटौदिया, कोषाध्यक्ष विमल गुप्ता, पूर्व प्रांतीय महासचिव अजय महतले, शाखा संरक्षक जीवन राम गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, डॉ. हरिमोहन पुरवार, जिला अध्यक्ष राजेश निगोतिया, डॉ देवेंद्र सेठ,संजय सुहाने, अश्वनी परिवार प्रांतीय पदाधिकारी इंजीनियर सुनील दोहरिया, महावीर शरण सरावगी, अनूप महेश्वरी एवं गोपाल कृष्ण अवस्थी , विशाल कनकने, डॉ मुकेश दुबौलिया, डॉ संजीव गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता,चंद्रभान गुप्ता,अनूप गुप्ता जेडीसी बैंक , रितेश तरसौलिया, राघवेंद्र कनकने, अखिलेश रूसिया, नवीन विश्वकर्मा , रामनरेश गुप्ता, प्रमोद कठिल, सीताराम अग्रवाल , दिनेश अग्रवाल, रामनरेश गुप्ता, रेखा गुप्ता,रजनी निगोतिया, मंजू गुप्ता, मालती मिसुरिया , ज्योति गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# उरई में गेहूं क्रय केंद्र का भव्य उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** मिनौरा सहकारी संघ लि., उरई द्वारा कालपी रोड स्थित नवीन मंडी परिसर में राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चन कर इलेक्ट्रॉनिक कांटे का शुभारंभ किया और केंद्र के संचालन की औपचारिक शुरुआत की। इस क्रय केंद्र के प्रारंभ होने से वर्ष 2026-27 के रबी विपणन सत्र के अंतर्गत किसानों को अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बेचने में सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जादौन ने प्रथम किसान प्रकाश सिंह को माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान खिलाकर गेहूं खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ कराया। यह प्रतीकात्मक पहल किसानों के सम्मान और उनके योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से की गई। मिनौरा सहकारी संघ लि. के अध्यक्ष श्याम करण प्रजापति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया तथा केंद्र की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। अपने संबोधन में डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर के निर्देशन में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जनपद जालौन में अब तक कुल 49 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे किसानों को नजदीक में ही अपनी फसल बेचने की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति कुंतल अधिक है। यह वृद्धि किसानों की आय में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन क्रय केंद्रों का लाभ उठाएं और अपनी उपज को सरकारी दर पर बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कालपी सहकारी संघ के निदेशक रविंद्र सिंह परमार, आदर्श प्रजापति समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश प्रजापति, दयाराम प्रजापति, ओमकार सिंह, सचिव अमित चतुर्वेदी, केंद्र प्रभारी गौरव द्विवेदी, आकाश, चरण सिंह, महेश कुमार सहित अन्य कृषकजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## रन फार डा. अम्बेडकर दौड़ 05 अप्रैल को

**प्रयागराज।** देवपती मेमोरियल ट्रस्ट और प्रबुद्ध फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञान के प्रतीक राष्ट्रनायक बोधिसत्व डा. बाबासाहेब भीमराव रामजी अम्बेडकर (जन्म 14 अप्रैल 1891) की 135 वीं जयंती के सम्मान में अप्रैल माह के प्रथम रविवार 05 अप्रैल को रन फार डा. अम्बेडकर दौड़ का आयोजन हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर पूर्वाह्न 06 बजे से शुभारम्भ होगा। यह दौड़ डा. अम्बेडकर प्रतिमा से पत्थर चर्च गिरजाघर, सुभाष चौराहा, तुलसी चौराहा, प्रयाग संगीत समिति तिराहा, हार्ट स्टफ चौराहा, जिएचएस चौराहा, प्रधान डाक घर चौराहा से अपने उदगम स्थल तक लगभग तीन किलोमीटर की दौड़ रहेगी।

रन फार डा. अम्बेडकर दौड़ में प्रतिभागी धावक कार्यक्रम के संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रबुद्ध फाउंडेशन के सचिव आईपी रामबृज के व्यक्तिगत मोबाईल नम्बर 9454697841 और 6392041878 पर फोन कर अपना नामांकन करा सकते है।

# केएम विवि में हुआ विश्व ऑटिज्म दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

- बाल रोग विभाग की ओपीडी में 3 से 10 अप्रैल लगेगा निःशुल्क कैम्प
- पोस्टर प्रदर्शनी के विजेताओं को कुलपति ने किया सम्मानित
- ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं है जिसे ठीक किया जाएः कुलपति

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस हर साल 2 अप्रैल को मनाया जाता है। केएम विश्वविद्यालय के मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल के बाल रोग विभाग द्वारा रेजींडेस चिकित्सकों ने ऑटिज्म जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति, मेडीकल कालेज के प्राचार्य, अस्पताल के मेडीकल सुप्रीटेंट व डाक्टरों, मेडीकल छात्रों और ऑटिज्म से पीड़ित परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा ऑटिज्म को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी के विजेताओं में एमबीबीएस के विराट, देवश्री, वंश, उत्कर्षा, युगान्ध्र, सानिकाका को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं विश्व ऑटिज्म जागरूकता पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। ऑटिज्म को लेकर बाल रोग विभाग की ओपीडी में 3 अप्रैल से 10 अप्रैल तक कैम्प का आयोजन होगा जिसमें इससे ग्रस्त मरीज निःशुल्क परामर्श का लाभ उठा सकेंगे। जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां और श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, मेडीसिन के विभागध्यक्ष डा. आरपी गुप्ता, बाल रोग विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर डा. सौरभ ताल्यान, असिटेंट प्रोफेसर डा. पूर्वी सक्सैना ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन बाल रोग विभाग की जूनियर रेजींडेस डा. रीर्तिका राय किया।

स्वागत भाषण में केएम विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा यह दिन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि हमारे समाज में ऐसे लोग भी हैं जो दुनिया को अलग नजरिए से देखते और समझते हैं। उन्हें सहानुभूति से अधिक, समझ, स्वीकार्यता और सम्मान की आवश्यकता है। ऑटिज्म, जिसे ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) भी कहा जाता है, कोई बीमारी नहीं है जिसे ठीक किया जाए। यह दिमाग के काम करने का एक अलग तरीका है। ऑटिज्म से जुड़े लोग दुनिया को, लोगों को और चीजों को अलग नजरिए से महसूस करते हैं। बच्चों के व्यवहार में बदलाव को नजरअंदाज न करें और समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लें।

मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने कहा विश्व ऑटिज्म के प्रति हम जागरूकता फैलाने, प्रारंभिक हस्तक्षेप प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों को वह देखभाल मिले जिसके वे हकदार हैं।

अध्यक्षता भाषण को संबोधित करते हुए बाल रोग विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार सिंह ने कहा ऑटिज्म डिसऑर्डर स्पेक्ट्रम बच्चों में होने वाला एक न्यूरो-डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जिसमें उनके व्यवहार, संवाद क्षमता और सामाजिक विकास पर असर पड़ता है। ऑटिज्म के कुछ सामान्य संकेत बचपन में ही दिखने लगते हैं। जैसे बच्चे का आंखों में कम देखना, बोलने में देरी होना, बार-बार एक ही हरकत करना या दिनचर्या में थोड़ा बदलाव होने पर परेशान हो जाना। कुछ बच्चों को तेज आवाज, रोशनी या कुछ खास चीजों से ज्यादा परेशानी भी हो सकती है। लेकिन हर ऑटिज्म से प्रभावित व्यक्ति अलग होता है। किसी में लक्षण ज्यादा होते हैं, तो किसी में कम।

एसोसिएट प्रोफेसर डा. सौरभ ताल्यान ने कहा समाज में फैली गलतफहमियों को दूर करने के लिए सबसे जरूरी है, दूसरी चीज है स्वीकार्यता। हमें ऑटिज्म वाले लोगों को बदलने की कोशिश करने के बजाय उन्हें वैसे ही स्वीकार करना चाहिए जैसे वे हैं। अगर कोई बच्चा थोड़ा अलग व्यवहार करता है, तो उसे जज करने के बजाय समझने की कोशिश करनी चाहिए। तीसरी और सबसे अहम चीज है सम्मान। हर इंसान की तरह ऑटिज्म से जुड़े लोगों को भी बराबरी का हक है, चाहे वो स्कूल हो, नौकरी हो या समाज। उन्हें भी अपने सपनों को पूरा करने का पूरा अधिकार है। आज के समय में कई संगठन और स्कूल इस दिशा में काम कर रहे हैं। अब पहले की तुलना में लोग ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। ऑटिज्म से जुड़े बच्चों के लिए स्पेशल एजुकेशन और थेरेपी जैसी सुविधाएं भी बढ़ रही हैं। अगर ऑटिज्म के लक्षण जल्दी पहचान लिए जाएं, तो सही थेरेपी और सपोर्ट से बच्चों की जिंदगी में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। मनो चिकित्सा विभाग के असिटेंट प्रोफेसर डा. हरीश चन्द्रा और डा. नमृता सहित मेडीसन के एचओडी डा. आरके गुप्ता ने कहा ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों में शुरुआती उम्र से ही विकास संबंधी देरी, बोलने में कठिनाई, और सामाजिक संपर्क में कमी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। समय रहते पहचान और सही उपचार बेहद जरूरी है, ताकि बच्चे को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिल सके।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल रोग विभाग और मनो रोग विभाग सहित अन्य विभागों के जूनियर रेजीडेंस डा. मरीनल, डॉ मोनिका, डॉ निहारिका, डॉ अक्षय, डॉ आस्था, डॉ अर्चिता, डॉ सोनल, डॉ चंदना, डॉक्टर अंकिता ,डॉ वैशाली, डॉ.उर्वशी, डा. सचिन, डॉ अपूर्व डॉ राजकुमार, डॉ मंदीप डॉ प्रतीक, डॉ शाहीन, डॉ निखिल, डा. अमन सहित सभी गायनी के एचओडी डा. धन सिंह, सर्जरी के डा. यशपॉल जिंदल, ईएनटी विभागाध्यक्ष डा. शिवांगी त्रिवेणी तथा सैकड़ों की संख्या में एमबीबीएस छात्र-छात्राएं, बड़ी संख्या में रेसीडेंस चिकित्सक मौजूद रहे।

## वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह में मेधावी छात्र छात्राएं हुए सम्मानित



**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)** विकास खंड राया के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नगौड़ा में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को उनका परीक्षाफल वितरित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक कक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एआरपी राजीव शर्मा ने छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल वितरित किया। उन्होंने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया और बताया कि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा ने उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय में संचालित शैक्षिक और सह-शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रधानाध्यापिका ने नए शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने के लिए अभिभावकों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा,गीता रानी, टेकेंद्र कुमार शर्मा,उमा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण पर प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई, विद्या इंडस्ट्रियल पार्क कॉलोनी सील




**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)** सौंख रोड स्थित विद्या इंडस्ट्रियल पार्क कॉलोनी में चल रहे अवैध निर्माण कार्यों पर प्राधिकरण ने सख्त कार्रवाई करते हुए पूरी कॉलोनी को सील कर दिया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के तहत की गई। प्राधिकरण द्वारा किए गए निरीक्षण में सामने आया कि लगभग 40,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही इस कॉलोनी में बिना स्वीकृति एवं अनुमोदन के निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जो कि प्राधिकरण के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस पर सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार दिनांक 1 अप्रैल 2026 को मौके पर चल रहे सभी निर्माण कार्यों को सील कर दिया गया। यह पूरी कार्रवाई सचिव आशीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि बिना मानचित्र स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## श्री हनुमान जी महाराज का पंचामृत अभिषेक करते मंदिर सेवायत

**मथुरा।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर घाटी वाले बाबा गूजर घाटी चौक बाजार पर श्री हनुमान जी महाराज का प्रातः 8ः00 बजे 251 किलो दूध, 51 किलो दही, 51 किलो बूरा, 11 किलो घी, 11 किलो शहद, केसर , इत्र, गुलाब जल एवं गंगा एवं यमुना जल द्वारा पंचामृत अभिषेक विद्वान आचार्यो के मंत्र उच्चारण के साथ महंत बलदेव प्रसाद व्यास एवं चरण सेवक सोनू पंडित व मोनू पंडित ने किया। इस अभिषेक के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे। शाम को भगवान श्री राम दरबार, श्री हनुमंत लाल महाराज, एवं श्रीनाथजी के विग्रह को देसी विदेशी फूलों से कलाकारों द्वारा भव्य सजाया गया साथ ही विभिन्न सामग्री सहित विशाल छप्पन भोग ठाकुर जी को अर्पण किए गए। विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों एवं छप्पन भोग के मध्य विराजमान ठाकुर जी की बंगले की शोभा अदिति दर्शित हो रही थी। रात्रि 11ः00 बजे तक भक्तों की दर्शन करने हेतु भीड़ लगी रही। कार्यक्रम के अंत में महंत बलदेव प्रसाद व्यास ने ठाकुर जी की भक्तों के साथ महा आरती की। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पुलिस मुठभेड़ में मासूम बच्ची के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम डुडवा बुजुर्ग में 3 वर्षीय मासूम बच्ची के अपहरण के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया। एसओजी, सर्विलांस टीम और थाना गुरसहायगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। ज्ञात हो कि विगत दिन पूर्व ग्राम डुंडवा बुजुर्ग निवासी शाहिद अली उर्फ शानू की 3 वर्षीय पुत्री घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गई। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी बच्ची का कोई पता नहीं चला, जिसके बाद उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी।



पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कुछ समय बाद बच्ची गांव के बाहर स्थित एक विद्यालय के पास झाड़ियां में बोरे में गंभीर हालत में मिली। उसके चेहरे, आंख और हाथ पर चोटों के निशान थे। बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल कन्नौज में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, बच्ची खतरे से बाहर है। प्राथमिक जांच में किसी प्रकार के यौन उत्पीड़न की पुष्टि नहीं हुई है, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में कई टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान 32 वर्षीय अकील पुत्र शरीफ निवासी ग्राम डुंडवा बुजुर्ग के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई गुरुवार की सुबह करीब 6ः15 बजे पुलिस ने मुखबिर से सूचना पर इलाके की घेराबंदी कर ली। खुद को घिरता देख आरोपी ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया और मौके पर ही दबोच लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने बच्ची को गलत नीयत से उठाया था और अपने घर ले जाकर उसे टॉफी-बिस्कुट खिलाए। लेकिन जब पुलिस की सघन तलाश शुरू हुई तो वह घबरा गया और बच्ची को बोरे में बंद कर विद्यालय के पीछे छोड़ आया।

पुलिस ने आरोपी का मोबाइल भी जांच के लिए कब्जे में लिया है, जिसमें संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिले हैं। फिलहाल आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस सफल कार्रवाई में सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक प्रदीप यादव, निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी, उपनिरीक्षक विनोद कुमार कश्यप, उपनिरीक्षक दीपक कुमार हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, सुरेंद्र कांस्टेबल नागेंद्र कुमार सत्येंद्र कुमार सत्य प्रकाश सनी यादव अभिषेक त्यागी विक्षित कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## हनुमान जयंती पर किया गया हनुमान चालीसा का पाठ शोभा यात्रा निकाली



**देवरिया।** गुरुवार, बैतालपुर क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने समाजसेवी सुशील श्रीवास्तव के नेतृत्व में मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा धर्म ध्वजा के साथ शोभा यात्रा भी निकाली तत्पश्चात विशाल भंडारा भी किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने हनुमान जयंती पर शोभा यात्रा में शामिल होकर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त, संकटमोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व की समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। हनुमान जी से प्रार्थना है कि वे सभी के जीवन से संकट दूर कर सुख, शांति, बल, बुद्धि और आरोग्य प्रदान करें। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, मीडिया संपर्क प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव, यशवंत शाही, अजय सिंह, घनश्याम मणि, दुर्गेश, अमित, मोनू, जितेंद्र सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

## नायब तहसीलदार पद पर चयनित त्रिपुरेश मणि का स्वागत



**रुद्रपुर देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** महेशपुर निवासी कौशलेंद्र कुमार त्रिपाठी के सुपुत्र त्रिपुरेश मणि त्रिपाठी के नायब तहसीलदार में चयन होने पर गांव आगमन पर महेशपुर गांव के शिव मंदिर पर स्वागत सम्मान का आयोजन किया गया। ग्राम वासियों ने अपने लाल को माला पहनाकर स्वागत किया। सभी ने चयन हेतु बधाई दिया एवं हर्ष व्यक्त किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गौरी बाजार विश्व विजय निषाद ने कहा की रुद्रपुर विधानसभा में नायब तहसीलदार का पद आने पर काफी प्रसन्नता है। पूर्व प्रमुख जटाशंकर द्विवेदी ने त्रिपुरेश के चयन पर बधाई दिया।प्रमुख प्रतिनिधि गौरी बाजार विश्वविजय निषाद, पूर्व प्रमुख जटाशंकर द्विवेदी, जिला मंत्री महेश मणि त्रिपाठी, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष उदयभान सिंह, रमाशंकर मणि त्रिपाठी, तारकेश्वर मणि त्रिपाठी, शशि भूषण पांडेय, प्रेम शंकर सिंह, जगत नारायण पांडेय ,रमेश पांडे , सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर विद्युत अवधेश मणि त्रिपाठी, कामेश्वर मणि त्रिपाठी सुभाष पांडेय, कौशल किशोर शर्मा, अवधेश यादव, सत्यम यादव आदि ने बधाई देते हुए स्वागत किया।

## संभल में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की



**संभल/अवधनामा संवाददाता।** सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने लोक सभा में संभल में केंद्रीय विद्यालय और कुंदरकी विधानसभा में नवोदय विद्यालय खोलने की मांग की जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा और मुस्तकबिल मिल सके सांसद ने उत्तर प्रदेश और देश भर में मदरसो को निशाना बनाकर की जा रही बुलडोजर कार्य वाही के खिलाफ मजबूती के साथ आवाज़ बुलंद की।

# भोजपुरी कॉमेडी के स्टार हैं सुनिल यादव : चंद्रभूषण सिंह यादव

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** बिहार के गोपालगंज जिला अंतर्गत विजयीपुर प्रखंड निवासी सुनिल यादव को अंगवस्त्र एवं महामना बुद्ध का चित्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में कहा कि सुनिल यादव भोजपुरी कॉमेडी के उभरते हुए स्टार हैं। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने सुनिल यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुनिल यादव ने भोजपुरी भाषा में किए जाने वाले अपने वार्तालाप से करोड़ों लोगों को



हंसाने का जो अद्भुत हुनर पाया है वह सराहनीय है।किसी को भी रुला देना बहुत आसान है लेकिन दुनिया का सबसे कठिन काम लोगों को हंसाना है जिसे सुनिल यादव अपने अभिनय और वाणी से बखूबी अंजाम दे रहे हैं जिस हेतु हम सभी उनका अभिनंदन करते हैं। भोजपुरी के हास्य कलाकार सुनिल यादव को सम्मानित किए जाते समय उपस्थित रह उन्हें बधाई देने वालों में अनिल यादव, गिरीश चंद यादव उर्फ परदेशी बाबा,रामप्यारे यादव, सुरेश नारायण सिंह, अभिषेक गुड्डू गोंड, संतोष मद्धेशिया, अयोध्या वर्मा, नाजिर अंसारी, संजय यादव, व्यास यादव,मुरलीधर,शंकर गोंड,नारायण प्रसाद, नगीना यादव, सचिन कुमार, अमित टुनटुन यादव, झुल्लर अंसारी,शैलेन्द्र यादव, अशोक यादव, गोविंद यादव, दयानंद यादव,बेलभद्र गोंड आदि के नाम प्रमुख हैं।

## थ्रेसर में फंसने मूक बधिक महिला की मौत

**जौनपुर।** केराकत क्षेत्र के तेजपुर गांव में बुधवार की रात एक दर्दनाक हादसे में विवाहिता की मौत हो गई। बताया गया कि अपने खेत में गेहूं की मड़ाई के दौरान 48 वर्षीय मूकबधिर बिन्दू देवी पत्नी सुरेन्द्र राम थ्रेसर में फंस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही बिन्दू देवी ने दम तोड़ दिया।बताया जा रहा है कि मड़ाई के दौरान थ्रेसर ट्रैक्टर से चल रहा था, जिसे राजकुमार यादव चला रहा था। चर्चा का विषय है कि घटना के समय ट्रैक्टर चालक मौके पर मौजूद था। यदि चालक वहां सतर्क रहता, तो संभवतः हादसा टल सकता था। मृतका अपने पीछे दो पुत्र और एक नाबालिग पुत्री स्नेहा को छोड़ गई हैं।

# मौलाना की गिरफ्तारी पर आभार व्यक्त किया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** मौलाना अब्दुल सलीम द्वारा योगी आदित्यनाथ की माताजी के संबंध में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में प्रशासन द्वारा त्वरित एवं सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की गई है।

इस कार्रवाई के लिए ठाकुर रितिक राजपूत, जिलाध्यक्ष करणी सेना, जनपद संभल की ओर से प्रशासन एवं सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया गया है।

ठाकुर रितिक राजपूत ने कहा कि किसी भी व्यक्ति, विशेषकर माँ और महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग न केवल निंदनीय है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के भी विरुद्ध है। प्रशासन द्वारा उठाया गया यह सख्त कदम समाज में एक सकारात्मक संदेश देता है और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने में सहायक सिद्ध होगा।

उन्होंने आगे कहा कि समाज में सम्मान, शांति और सौहार्द बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस तरह की अमर्यादित टिप्पणियां सामाजिक वातावरण को बिगाड़ती हैं, जिन्हें किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

अंत में, उन्होंने प्रशासन एवं सरकार का पुनः धन्यवाद करते हुए अपेक्षा जताई कि आगे भी ऐसे संवेदनशील मामलों में इसी प्रकार त्वरित एवं सख्त कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

## रबी कटाई के दौरान आग से बचाव के निर्देश, कंबाइन मालिकों को सतर्क रहने की हिदायत



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में रबी मौसम 2026 के दौरान फसल कटाई में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम को लेकर कंबाइन हार्वेस्टर मालिकों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कंबाइन हार्वेस्टर एवं भूसा बनाने वाली मशीनों के साथ अनिवार्य रूप से बोरी में बालू, पानी से भरा ड्रम तथा अग्निशमन यंत्र रखा जाए। इन व्यवस्थाओं के बिना कटाई कार्य न करने की हिदायत दी गई, ताकि किसी भी स्थिति में आग पर तुरंत काबू पाया जा सके।जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता (विद्युत) को ढीले बिजली के तारों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों से अपील की गई कि वे बिजली के तारों के नीचे खड़ी फसल की समय रहते कटाई कर लें, जिससे आग लगने की संभावना कम हो सके।बैठक में उप कृषि निदेशक ने किसानों एवं कंबाइन मालिकों को जागरूक करते हुए कहा कि फसल अवशेषों को जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने किसानों से अपील की कि अवशेषों का भूसा बनवाकर उपयोग करें। साथ ही मौसम को देखते हुए फसल की कटाई जल्द से जल्द पूर्ण करने की सलाह दी गई, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# समाजसेवी दुर्गेश्वर सोनी व आदित्य ब्रह्मचारी को खान सर के पिता ने किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**भाटपार रानी, देवरिया।** उप नगर भाटपार रानी के खान सर के निवास पर समाजसेवी दुर्गेश्वर सोनी व आदित्य ब्रह्मचारी को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपने आवास पर खान सर के पिता जी ने नगर के संभ्रांत नागरिकों की उपस्थिति के बीच सम्मानित किया, बताते चलें विगत कई वर्षो से सामाजिक सौहार्द एकता का प्रतीक रामनवमी की जुलूस की भव्य शोभायात्रा नगर वासियों के सहयोग से समाजसेवी व सभासद दुर्गेश्वर सोनी के द्वारा प्रतिवर्ष बढ़े ही शालीनता के साथ निकाला जाता है ,दुर्गेश्वर सोनी समाज में कई तरह के अपने रोचक कार्यों के लिए प्रसिद्ध है इन्होंने कई बार रक्तदान भी किया है और तमाम सामाजिक सेवा के प्रति समर्पित रहते हैं उनकी उत्कृष्ट निष्ठा



समाज के प्रति प्रत्येक नगर वासियों को प्रेरित करती है, हालांकि दुर्गेश्वर सोनी का मानना है कि उनके कार्य में सभी बड़े छोटों का सहयोग रहता है और यह आपकी नेतृत्व क्षमता और सहयोग की बदौलत उसको सहयोग बड़े शालीनता के साथ करते हैं, इस अवसर पर खान सर के पिता ने कहा कि हमारी भारतीय सभ्यता गंगा जमुना तहजीब में विश्वास रखती है और जो भी व्यक्ति समाज में उत्कृष्ट सेवा समाज के प्रति करता है उसका सम्मान होना चाहिए दुर्गेश्वर सोनी आदित्य ब्रह्मचारी की समर्पण समाज को संगठित करती है और समाज की सेवा करती है ऐसे व्यक्तित्व का सम्मान करना बड़े ही सौभाग्य की बात है, इस अवसर पर दुर्गेश्वर सोनी ने कहा कि कोई भी आयोजन का नेतृत्व किसी एक व्यक्ति के द्वारा संभव नहीं है यह पूरे नगर वासियों की समर्पण का देन है की श्री रामनवमी का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ इसके उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया, आदित्य ब्रह्मचारी ने इस सम्मान के लिए खान सर के पिता को धन्यवाद दिया और इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सम्मान हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है और सामाजिक दायित्व के प्रति सजग रहने के लिए जागरूक करता रहता है इसके लिए मैं खान सर के पिता को धन्यवाद देता हूं की उन्होंने अपने यहां बुलाकर हम सबको सम्मानित किया, इस अवसर पर व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष संजय जयसवाल तहसील महामंत्री पवन कुमार गुप्ता पूर्व नगर अध्यक्ष पप्पू जायसवाल पूर्व सभासद हनुमान जायसवाल संजय बरनवाल मंटू बाबू सभासद राजेश गुप्ता डॉक्टर कन्हैया लाल गुप्ता विक्रांत कुमार वर्मा चंदन कुमार गुप्ता बाबूलाल चौरसिया बजरंगी राय पूर्व मनोनीत सभासद लक्ष्मण वर्मा कुलदीप गुप्ता रामेश्वर मद्धेशिया सतीश बरनवाल संजय कुमार गुप्ता सहित अन्य सारे लोग मौजूद रहे इस अवसर पर खान सर के पिता बशीर खान ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आगे भी समाज सेवा के प्रति जागरूक रहने वाले समाजसेवी को सम्मानित करते रहेंगे

# पत्रकार नरेन्द्र भारद्वाज आइजेयू के राष्ट्रीय सचिव निर्वाचित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन (आईजेयू) की विजयवाड़ा में आयोजित तीन दिवसीय 11वीं प्लेनरी बैठक में उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के मथुरा इकाई जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज राष्ट्रीय सचिव के महत्वपूर्ण पद पर निर्वाचित हुए हैं, जिससे प्रदेश व मथुरा जनपद के पत्रकारों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है। इनके साथ ही शाहजहांपुर के वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र सिंह भी राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य के पद पर निर्वाचित हुए हैं

आंध्र प्रदेश राज्य के विजयवाड़ा में आयोजित आइजेयू के 11वें प्लेनरी सत्र का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने किया जिसमें यूनियन से संबद्ध देश भर के 27 राज्यों के पत्रकारों ने भाग लिया। यूनियन के चुनाव अधिकारी वरिष्ठ पत्रकार एम ए मजीद ने चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए नई केंद्रीय कमेटी के निर्वाचित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी से अवगत कराया।

नरेन्द्र भारद्वाज के आइजेयू में राष्ट्रीय सचिव निर्वाचित होने पर स्थानीय पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कहा हमेशा पत्रकार हितों के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे हैं। उन्होंने न केवल पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाया, बल्कि संगठन को सशक्त बनाने और पत्रकारों को एकजुट रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश महामंत्री रमेश शंकर पांडेय ने कहा कि मथुरा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज को आइजेयू का राष्ट्रीय सचिव व शाहजहांपुर से वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र सिंह को कार्यसमिति सदस्य चुने जाने से प्रदेश व मथुरा के पत्रकारों को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त प्रतिनिधित्व मिलने की उम्मीद जगी है। इसे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। सम्मेलन में मथुरा से ज़िला महासचिव रमेश चंद, वरिष्ठ पत्रकार अजय शर्मा, मोहन मीना, बी एल पांडेय व आबिद ने भाग लिया।

# फुटबॉल विश्वकप: फाइनल देखने के लिए देने होंगे 10 लाख से ज्यादा

### टी20 विश्वकप 2026 फाइनल के टिकट का दाम

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आठ मार्च 2026 को हुए टी20 विश्वकप 2026 फाइनल के आधिकारिक टिकटों की शुरुआती कीमत दो हजार रुपये रखी गई थी। प्रीमियम सीटों की कीमत 20 हजार रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक थी, जबकि हॉस्पिटैलिटी सूट्स के टिकट 50 हजार रुपये से 75 हजार रुपये के बीच थे।

अगर टी20 विश्वकप फाइनल के अधिकतम 75 हजार रुपये से भी फीफा विश्वकप फाइनल के अधिकतम दाम की तुलना हो तो यह 13+ गुना ज्यादा है। हालांकि, रीसेल मार्केट में टिकटों की कीमतें आसमान छू रही थीं, जहां एक सीट के लिए दो से तीन लाख तक वसूले जाने की खबरें सामने आईं थीं। फीफा विश्वकप 2026 के आम टिकटों के दाम भी टी20 विश्वकप 2026 के आम टिकटों के दाम से ज्यादा हैं।

बुधवार रात तक ग्रुप चरण के 72 मैचों में से 17 मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जबकि नॉकआउट चरण के किसी भी मैच के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं थे। इससे फीफा विश्वकप के मैचों का क्रेज साफ दिखता है। फीफा फुटबॉल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट के लिए डायनामिक प्राइसिंग का इस्तेमाल कर रहा है। यह टूर्नामेंट अमेरिका के 11 शहरों के अलावा मैक्सिको के तीन और कनाडा के दो शहरों में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच (मैक्सिको 1ह्य सऊदी अरब, 11 जून, मेक्सिको सिटी) के टिकट की कीमत 2,355 डॉलर यानी 2.2 लाख रुपये से बढ़कर 2,985 डॉलर यानी 2.79 लाख रुपये तक पहुंच गई। वहीं, कनाडा के पहले मैच (बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ, 12 जून, टोरंटो) के टिकट भी 2,170 डॉलर यानी 2.03 लाख रुपये से बढ़कर 2,240 डॉलर यानी 2.1 लाख रुपये हो गए।




फीफा विश्वकप 2026 के फाइनल मुकाबले के टिकटों की कीमत 10 लाख रुपये से भी ज्यादा पहुंच गई है, जो हाल ही में हुए टी20 वर्ल्ड कप फाइनल के टिकट से करीब 13 गुना अधिक है। डायनामिक प्राइसिंग सिस्टम के कारण टिकटों की कीमत लगातार बढ़ रही है, जिससे आम फैंस के लिए मैच देखना मुश्किल होता जा रहा है। वहीं, भारी डिमांड और सीमित उपलब्धता ने कीमतों को और बढ़ा दिया है, जिससे यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे महंगा वर्ल्ड कप बन सकता है।

दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 यूएस डॉलर थी यानी 8.12 लाख रुपये। यह दाम हाल ही में अहमदाबाद में हुए टी20 विश्वकप के फाइनल की टिकट की दाम से लगभग 13 गुना ज्यादा है। आइए जानते हैं पूरा मामला...

न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 अमेरिकी डॉलर यानी 6.90 लाख रुपये कर दी गई है, जो पहले 5,575 अमेरिकी डॉलर थी यानी कि 5.22 लाख रुपये। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 यूएस डॉलर (5.41 लाख भारतीय रुपये) कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर यानी 3.92 लाख रुपये अधिक है। पहले श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत एक लाख 49 हजार रुपये थी।

**टिकट खरीदना भी बना चुनौती**

फीफा की टिकटिंग वेबसाइट पर टिकट खरीदना भी आसान नहीं रहा। कई यूजर्स को साइट में प्रवेश करने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ फैंस को लास्ट-मिनट सेल्स फेज पर क्लिक करने के बाद गलत क्यू में भेज दिया गया, जो किसी खास टीम के समर्थकों के लिए था। हालांकि, फीफा ने बाद में कहा कि तकनीकी समस्या को ठीक कर लिया गया है।

फीफा ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी मैचों के टिकट एक साथ बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे। टिकट्स को अलग-अलग चरणों में जारी किया जाएगा, जिससे फैंस को समय-समय पर नए मौके मिलते रहेंगे।फीफा ने बताया कि यह बिक्री चरण पूरे टूर्नामेंट के दौरान खुला रहेगा और इसमें पहली बार फैंस किसी कैटेगरी के बजाय सीधे अपनी खास सीट (सीट लोकेशन) चुनकर टिकट खरीद सकते हैं।

**60 डॉलर टिकट भी, लेकिन सीमित**

पिछले साल, पांच दिसंबर को आए ड्रॉ के बाद एक महीने तक चले टिकट बिक्री चरण में टिकट की कीमतें 140 डॉलर यानी 13 हजार रुपये से लेकर 8,680 डॉलर यानी 8.12 लाख रुपये तक रखी गई थीं। आलोचनाओं के बाद फीफा ने कहा कि हर भाग लेने वाले देश के सबसे वफादार फैंस के लिए 60 डॉलर यानी करीब पांच लाख रुपये के टिकट भी उपलब्ध कराए जाएंगे। हालांकि, हर मैच में प्रति टीम सिर्फ 400 से 700 टिकट ही दिए जाने की संभावना है।




टिकट की कीमतों में लगातार बदलाव को लेकर डायनामिक प्राइसिंग सिस्टम की आलोचना हो रही है। इस बीच, अमेरिका के 69 डेमोक्रेट सांसदों ने 10 मार्च को फीफा अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो को लिखे पत्र में कहा, 2026 वर्ल्ड कप के लिए डायनामिक टिकट प्राइसिंग का इस्तेमाल फीफा के उस मूल उद्देश्य के बिल्कुल विपरीत है, जिसमें फुटबॉल को सभी के लिए आसान और सुलभ बनाना शामिल है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इससे 2026 वर्ल्ड कप अब तक का सबसे महंगा और कम सुलभ टूर्नामेंट बन सकता है।

गियानी इनफैनटिनो ने पहले दावा किया था कि टिकट की मांग इतनी ज्यादा है कि यह 1000 साल के वर्ल्ड कप के बराबर है। हालांकि, यह साफ नहीं है कि इतनी बड़ी संख्या में मांग सस्ते टिकटों के लिए है या महंगे कैटेगरी के लिए।

## अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम पर क्यों भड़के केरल के खेल मंत्री? मेसी के देश ने हमें धोखा दिया: वी अब्दुरहीमान

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने गुरुवार को कहा कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने पैसे लेने के बावजूद यहां मैच खेलने के लिए नहीं आकर राज्य को धोखा दिया। अब्दुरहीमान ने कहा कि वह वास्तव में चाहते थे कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और लियोनल मेसी केरल आएं और राज्य में एक मैच खेलें।

उन्होंने एक टीवी चैनल से कहा, इसके लिए मैंने कई बार बातचीत की थी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम को देने के लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने के लिए प्रायोजक ढूंढना आसान काम नहीं था। अब्दुरहीमान ने कहा, लेकिन पैसे मिलने के बावजूद अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने हमें धोखा दिया। हमें उनसे ऐसे विश्वासघात की उम्मीद नहीं थी। वादा करने के बावजूद उसकी टीम यहां नहीं आई।





केरल के खेल मंत्री ने कहा कि जब उन्होंने इस संबंध में पूछताछ की तो पता चला कि अर्जेंटीना ने पांच अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही किया था। अब्दुरहीमान ने कहा, उन्होंने उन देशों से पैसे तो लिए लेकिन वहां खेलने नहीं गए। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के खिलाफ मामला दर्ज करना होगा और उन्हें हमें मुआवजा देना होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम का बेसब्री से इंतजार कर रहा था लेकिन उनके व्यवहार से उन्हें काफी दुख हुआ। अब्दुरहीमान ने कहा, इससे केरल के फुटबाल प्रेमियों को निराशा हुई है। मैं कितना निराश हूं इसको मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। पिछले साल नवंबर में मंत्री ने कहा था कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और स्टार स्ट्राइकर मेसी मार्च 2026 में केरल का दौरा करेंगे।

## सनराइजर्स हैदराबाद के शिवांग कुमार ने किया आईपीएल डेब्यू

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने केकेआर के खिलाफ मैच के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया। सनराइजर्स ने इस मैच में मध्य प्रदेश के स्पिनर शिवांग कुमार को मौका दिया जिन्होंने आईपीएल में डेब्यू किया। आइए जानते हैं कौन हैं शिवांग कुमार जिस पर हैदराबाद ने दांव खेला। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल 2026 के छठे मुकाबले में स्पिनर शिवांग कुमार को मौका दिया है। ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे इस मैच के साथ शिवांग ने आईपीएल में डेब्यू किया। 26 मई 2002 को जन्मे शिवांग मध्य प्रदेश से आते हैं। कलाई के इस स्पिनर ने दिसंबर 2025 में लिस्ट-ए करियर की शुरुआत की थी। वह मध्य प्रदेश की ओर से तीन लिस्ट-ए मैच खेले, जिसमें 14.30 की औसत के साथ 10 विकेट निकाले।

## पाकिस्तान फिर शर्मसार: कोच ही एथलीटों से करवा रहा था डोपिंग! नाबालिगों को भी नहीं छोड़ा, 10 साल बाद खुली पोल

**नई दिल्ली।** खेल मध्यस्तता न्यायालय (सीएएस) की एंटी-डोपिंग डिवीजन ने पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और कोच पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। दोनों को खिलाड़ियों और नाबालिगों को प्रतिबंधित दवाएं देने का दोषी पाया गया है।

पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों की वजह से पूरी दुनिया में रोज ही किरकिरी कराता है। अब ऐसा ही कुछ उसने खेल जगत में भी किया, जिसकी वजह से वह कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचा है। खेल मध्यस्तता न्यायालय (सीएएस) की एंटी-डोपिंग डिवीजन ने पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ के पूर्व अध्यक्ष हाफिज इमरान बट और कोच इरफान बट पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। दोनों को खिलाड़ियों और नाबालिगों को प्रतिबंधित दवाएं देने का दोषी पाया गया।

सीएएस के फैसले के मुताबिक,



2014 से 2016 के बीच दोनों अधिकारियों ने बड़े स्तर पर डोपिंग गतिविधियों को बढ़ावा दिया और खिलाड़ियों को स्टेरॉयड जैसे प्रतिबंधित पदार्थ दिए। इस गंभीर अपराध को देखते हुए उन्हें खेल से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया है। अब वे किसी भी ऐसी गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकेंगे, जो विश्व एंटी-डोपिंग कोड के तहत आती हो। इस मामले में एक और बड़ा नाम सामने आया है। पाकिस्तानी भारोत्तोलक अबूबकर गनी को भी चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। गनी 2021 विश्व चैंपियनशिप के दौरान डोप टेस्ट में फेल पाए गए थे, जहां उनके सैंपल में टैमोक्सीफेन मेटाबोलाइट पाया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि उन्होंने खुद को बचाने के लिए फर्जी मेडिकल दस्तावेज पेश किए थे, जिसे डोपिंग प्रक्रिया में छेड़छाड़ माना गया। सीएएस ने गनी पर 6 मार्च 2026 से 5 मार्च 2030 तक प्रतिबंध लागू किया है।

इस पूरे मामले के बाद अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने भी संकेत दिए हैं कि पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ पर और सख्त कार्रवाई हो सकती है। पहले से ही महासंघ एक साल के निलंबन का सामना कर रहा है, और अब नए मामलों के सामने आने के बाद उसकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। यह घटनाक्रम खेलों में साफ-सुथरी प्रतिस्पर्धा पर गंभीर सवाल खड़े करता है और एंटी-डोपिंग नियमों को सख्ती से लागू करने की जरूरत को एक बार फिर उजागर करता है।

## चेक बाउंस केस में कोर्ट ने राजपाल यादव को लगाई फटकार, अभिनेता बोले- ‘मुझे पांच बार और जेल भेज दें’




**मुंबई।** गुरुवार को राजपाल यादव चेक बाउंस केस में नया अपडेट सामने आया है। सुनवाई के दौरान अभिनेता ने कोर्ट से उन्हें जेल भेजने की बात क्यों कही? और कोर्ट ने इस मामले पर क्या फैसला सुनाया है। पिछले दिनों राजपाल यादव एक चेक बाउंस केस को लेकर चर्चा में रहे। इस केस की सुनवाई गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने अभिनेता के रवैय पर नाराजगी भी जाहिर की। सुनवाई के दौरान राजपाल यादव ने एक भावुक अपील कोर्ट के सामने की है। इस बारे में विस्तार से जानिए। राजपाल यादव 9 करोड़ रुपये के कर्ज और चेक बाउंस मामले को लेकर काफी समय से खबरों में हैं। इसी मामले में वह तिहाड़ जेल में भी कुछ दिन रह चुके हैं। 2 अप्रैल को इस मामले की सुनवाई कोर्ट में थी, राजपाल यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई में भाग लिया। एएनआई के मुताबिक दिल्ली हाई कोर्ट ने 2 अप्रैल को राजपाल यादव चेक बाउंस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस मामले की सुनवाई जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा कर रहे हैं। राजपाल यादव द्वारा अब तक बकाया राशि ना चुके पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा, ‘हमें सवालों के जवाब नहीं मिल रहे हैं। आपने जो हलफनामा दिया था, उसमें कुछ और कहा था, और अब आप कुछ और कह रहे हैं।’ सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते से मामला सुलझाने की कोशिश थी। शिकायतकर्ता भी 6 करोड़ की रकम को ही पूरे और अंतिम निपटारे के तौर पर स्वीकार करने के लिए राजी हो गया था। लेकिन राजपाल ने अपने पक्ष में अलग ही दलील सामने रखी। उनका कहना था कि पहले ही भारी आर्थिक नुकसान उठा चुके हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अभिनेता ने कोर्ट को बताया कि पहले ही पांच फ्लैट बेचने पड़े और वो एक बड़ी रकम चुका चुके हैं। राजपाल ने कहा, ‘मैं भावुक नहीं हो रहा हूं, आप चाहें तो मुझे पांच बार और जेल भेज दें।’ राजपाल यादव की आगामी फिल्म ‘भूत बंगला’ है, जिसमें वो अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित इस हॉरर-कॉमेडी में तब्बू, परेश रावल, वामिका गब्बी और असरानी जैसे कई कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

## सोनी सब के ‘इत्ती सी खुशी’ में शादी की तैयारियाँ शुरू, लेकिन क्या सारा की छिपी हुई मंशा अन्विता और विराट की शादी की योजनाओं को खतरे में डाल देगी?

**मुंबई।** सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अपनी दिल छू लेने वाली कहानी से दर्शकों के दिलों में जगह बना रहा है। अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) और विराट (रजत वर्मा) अपनी ज़िंदगी के नए पड़ाव में कदम रख रहे हैं। निजी संघर्षों, गलतफहमियों और भावनात्मक उतार-चढ़ाव के बाद अब शादी के रस्मों की शुरुआत हो चुकी है, जिसका लंबे समय से इंतज़ार किया जा रहा था। यह घड़ी परिवार में खुशियाँ, प्यार और अपनापन लेकर आई है।

आने वाले एपिसोड्स में जश्न की शुरुआत हल्दी की रंगीन तैयारियों से होगी। काम के दबाव और पारिवारिक उम्मीदों के बीच भी अन्विता अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरी तरह निभाती है। वहीं, विराट हर पल उसके साथ खड़ा रहता है, समाज की आलोचनाओं से उसे बचाता है और अपने बिना शर्त समर्थन से उनके रिश्ते को और मज़बूत बनाता है। दोनों के बीच की गर्मजोशी और साझेदारी इस रिश्ते को भरोसे और सम्मान की नींव पर



खड़ा करती है, चाहे हालात कितने भी उलझे क्यों न हों। लेकिन, जैसे-जैसे शादी की रस्में शुरू होती हैं, एक हल्का तनाव भी महसूस होने लगता है। इसी बीच सारा सेठी (भूमिका गुरंग) की रहस्यमयी एंट्री कहानी में नया मोड़ लाती है। उसकी मौजूदगी अन्विता और विराट के बड़े दिन पर तुरंत हलचल पैदा करती है। शुरुआत में वह रस्मों के बीच रुकावटें डालती नज़र आती है, लेकिन जल्द ही यह इशारा मिलता है कि उसके इरादे विराट और उसके जटिल अतीत से गहराई से जुड़े हैं। यह ट्रैक दर्शकों के लिए जश्न और रहस्य का अनोखा संगम लेकर आ रहा है, जहाँ खुशी और तनाव एक साथ आगे बढ़ते हैं।

जैसे-जैसे शादी के जश्न आगे बढ़ते हैं, सारा के कदम टकराव और अनिश्चितता को जन्म देते हैं। उसकी मौजूदगी से माहौल में अचानक तनाव और अप्रत्याशित घटनाएँ पैदा होती हैं। यही सवाल उठता है कि क्या सारा अन्विता और विराट के सबसे अहम् दिन पर मुश्किलें खड़ी करेगी?

अन्विता का किरदार निभा रहीं सुम्बुल तौकीर खान कहती हैं, अन्विता के लिए शादी बहुत भावनात्मक पल है, क्योंकि यह सिर्फ प्यार की बात नहीं है, बल्कि यह अपने लिए खुशी चुनने का फैसला है। तमाम जिम्मेदारियों और हलचल के बीच भी वह उस खुशी को थामे रखना चाहती है। लेकिन, सारा सेठी की एंट्री के साथ एक अजीब-सी बेचैनी शुरू हो जाती है; कुछ गड़बड़ महसूस होती है, भले ही अन्विता उसे पूरी तरह समझ नहीं पाती।

मुझे जो दिलचस्प लगता है, वह यह कि अन्विता तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देती; वह ज़मीन से जुड़ी और संभली रहती है। यह ट्रैक उस जश्न और तनाव का खूबसूरत मेल पेश करता है, जहाँ अन्विता अपने नए सफर के लिए उम्मीद रखती है, लेकिन साथ ही अनजाने में एक ऐसी स्थिति में कदम रख रही है, जो उसे चुनौती दे सकती है।

## फिर चला तुलसी का जादू, 12वें हफ्ते में ‘अनुपमा’ की गिरी टीआरपी

**मुंबई।** पिछले कुछ हफ्तों की टीआरपी लिस्ट में सीरियल ‘क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2’ का बोलबाला है। 12वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में भी स्मृति ईरानी स्टारर इस सीरियल ने पहले नंबर पर अपनी जगह को बरकरार रखा है। जानिए, 12वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कौन-कौन से सीरियल ने जगह बनाई है।

दर्शक कौन से सीरियल को सबसे ज्यादा पसंद करते हैं, इस बात का पता हर हफ्ते की टीआरपी लिस्ट से चलता है। गुरुवार को 12वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई है। जानिए, इस बार कोन से सीरियल को दर्शकों ने टॉप 5 में जगह दी है। पढ़िए, टीवी सीरियल की टीआरपी रिपोर्ट। सीरियल ‘क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2’ को 11वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली थी। 12वें हफ्ते भी इसने अपनी टीआरपी को बरकरार रखा है। 2.0 की टीआरपी के साथ यह लिस्ट में पहले स्थान पर है।

## सिरसी में ऑल इंडिया मुशायरे का शानदार आयोजन, शायरों ने लूटी महफ़िल



**सम्भल।** सिरसी उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, लखनऊ के तत्वावधान में इंडियन मैरिज हॉल, बुद्ध बाजार में आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा अत्यंत गरिमामय वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। मुशायरे में देश के विभिन्न हिस्सों से आए नामचीन शायरों ने अपने बेहतरीन कलाम पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति**

कार्यक्रम की अध्यक्षता मशहूर शायर अनवर कैफ़ी मुरादाबादी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में समर अब्बास (चेयरमैन प्रतिनिधि, नगर पंचायत सिरसी) उपस्थित रहे। साथ ही मुजाहिद फ़राज़ ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मेहमान-ए-एज़ाज़ी के रूप में कशिश वारसी (क़ौमी सदर, भारतीय सूफ़ी फाउंडेशन) एवं डॉ. मुनव्वर ताबिश मौजूद रहे। मुशायरे की सफल निज़ामत हकीम बुरहान सम्भली ने अपने शानदार अंदाज़ में की।

**शायरों ने बांधा समां**

देर रात तक चली इस अदबी महफ़िल में शायरों ने एक से बढ़कर एक अशआर पढ़े। डॉ. मुनव्वर ताबिश संभली ने पढ़ा– हिजरत की बात आए भी कैसे गुमान में, अजदाद मेरे दफ्न हैं हिंदुस्तान में। वहीं निज़ाम नौशाही मुंबई ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा हर लम्हा दिए जाते हैं ग़म देख रहा हूं, अपनो के ये अंदाज़े करम देख रहा हूं। मेहदी सिरसीवी ने इतिहास को याद करते हुए पढ़ा पलट के देखिए तारीख की किताबों को, हर एक वर्क पा लहू का निशान बाकी है। डॉ. अनस इकान की पंक्तियाँ तुम्हारे ग़म को सदा अपने पास रहने दिया और अब्बास सिरसवी के शेर मेरे अजदाद के तेवर मेरी ग़ैरत में रहे पर श्रोताओं ने भरपूर दाद दी। इनके अलावा डॉ. शफीक उर रहमान बरकाती, शिबान क़ादरी, सुलेमान फ़राज़, नासिर अमरोहवी, अभिषेक तिवारी शिमला और ताहिर संभली ने भी अपनी रचनाओं से प्रभावित किया।

**उर्दू अदब के प्रचार पर जोर**

कार्यक्रम के अंत में आयोजक दानिश ग़दीरी (डायरेक्टर/फाउंडर, शायरिस्तान फाउंडेशन), एम.ए. खान और डॉ. शाकिर हुसैन इस्लाही ने सभी अतिथियों का आभार जताया। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि इस तरह के आयोजन उर्दू साहित्य और तहजीब के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन को सफल बनाने में अशरफ अली ख़ान, अर्जुन कुमार कश्यप और तंज़ील ख़ान का विशेष सहयोग रहा।

### एयरपोर्ट से रश्मिका मंदाना का लुक हुआ वायरल

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना का एयरपोर्ट लुक सामने आया है। पीले रंग के टॉप और डेनिम जींस रश्मिका का स्टाइलिश लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। लेकिन इस दौरान रश्मिका अकेले ही नजर आईं। जिस पर फैंस उनसे विजय देवरकोंडा के बारे में पूछ रहे हैं। अपनी शादी के बाद रश्मिका मंदाना आज फिर से एयरपोर्ट पर नजर आईं। इस दौरान रश्मिका ने हल्के पीले रंग के रिब्ड क्रॉप टॉप में अपने लुक को ब्राइट बनाया। उन्होंने अपने टॉप को हाई-वेस्ट को वाइड-लेग ब्लू जींस के साथ पेयर किया। रश्मिका का यह कूल और कैजुअल लुक काफी सिंपल होने के साथ ही स्टाइलिश भी है। एयरपोर्ट लुक बिना सनग्लासेस के अधूरा है, और रश्मिका ने इसे बखूबी अपनाया। उन्होंने अपने इस आउटफिट के साथ चमकीले मैरून रंग के जूते पहने। रश्मिका मंदाना अक्सर ही अपनी मौजूदगी से फैंस का दिल जीतती आई हैं। आज एयरपोर्ट पर रश्मिका का यह लेटेस्ट लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है।

## सिनेमाई जगत में हलचल: रामायणम से रणबीर कपूर का राम लुक जारी

**लखनऊ।** फिल्मकार नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी की महत्वाकांक्षी फिल्म रामायणम ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। गुरुवार को फिल्म के निर्माताओं ने एक विशेष टीज़र के माध्यम से भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर की पहली झलक साझा की। प्राइम फोकस स्टूडियोज और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के सहयोग से बन रही यह दो भागों वाली फिल्म फ्रेंचाइजी दुनिया भर के दर्शकों के लिए एक बड़ा सिनेमाई अनुभव होने वाली है।

**अमर किरदार और वैश्विक उत्साह**

दुनिया भर में एक साथ रिलीज किए गए इस टीज़र ने दर्शकों के बीच भारी उत्साह पैदा कर दिया है। 5,000 साल पुरानी इस अमर गाथा को आधुनिक तकनीक के साथ पेश किया जा रहा है। फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने कहा कि राम की कहानी की ताकत उनके त्याग में है। वह एक ऐसा नायक है जो अपनी



पसंद से ऊपर अपने फर्ज को रखता है और सत्य के लिए सत्ता तक को छोड़ने की हिम्मत रखता है।

**मानवीय संवेदनाओं का सफर**

निर्देशक नितेश तिवारी के अनुसार, रामायणम् की महानता इसकी भावनाओं की गहराई में है। यह सिर्फ अच्छाई और बुराई की जंग नहीं, बल्कि हमारे फैसलों और उनके नतीजों की कहानी है। फिल्म में राम के मानवीय सफर को पूरी ईमानदारी से दिखाने का प्रयास किया गया है।

**रणबीर कपूर का अनुभव**

मर्यादा पुरुषोत्तम राम की भूमिका निभाने पर अभिनेता रणबीर कपूर ने कहा, मैं यहाँ राम को पेश करने नहीं, बल्कि उनसे सीखने आया हूँ। उनकी सादगी और पवित्रता को अपने अंदर उतारने की कोशिश करना मेरे लिए एक बहुत ही विनम्र और नया अनुभव रहा है। फिल्म का विजुअल इफेक्ट्स का जिम्मा आठ बार की एकेडमी अवॉर्ड विजेता कंपनी छ्हश्वत्र संभाल रही है, जिससे यह फिल्म तकनीकी रूप से भी मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# ईंधन की उपलब्धता पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने, दोनों दलों के सांसदों ने एक दूसरे पर उठाए सवाल





**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और ईंधन की उपलब्धता को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस आमने-सामने आ गईं। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्ष में कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक हुई थी, जिसमें जरूरी सामानों की आपूर्ति पर इस संकट के असर की समीक्षा की गई थी। पीएम मोदी ने कहा, पश्चिम एशिया में जारी जंग के असर से भारतीय नागरिकों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अफवाहों और गलत जानकारी को रोकना और सही जानकारी लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी बयान के मुताबिक, यह बैठक इस बात की समीक्षा के लिए हुई कि मंत्रालयों व विभागों ने पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए अब तक क्या कदम उठाए हैं और आगे क्या किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर यह सीसीएस की दूसरी बैठक थी। पहली बैठक 22 मार्च को हुई थी।

प्रधानमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे वैश्विक हालात से प्रभावित नागरिकों और क्षेत्रों की समस्याओं को कम करने के लिए हरसंभव कदम उठाएं। ईंधन की आपूर्ति और कीमतों को लेकर चिंता के बीच भाजपा ने कहा, सरकार स्थिति को सक्रिय रूप से संभाल रही है। जबकि, कांग्रेस जमीनी स्तर पर एलपीजी और पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता पर सवाल उठाए।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष पर घबराहट फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा, कुछ लोग अफवाहें फैला रहे हैं। (कांग्रेस नेता) राहुल गांधी ने यह बयान दिया कि पेट्रोल और डीजल दो दिन में खत्म हो जाएगा, जो सही नहीं है। उन्होंने कहा, पड़ोसी व अन्य देशों में कई तरह की पाबंदियां हैं। लेकिन भारत में सब कुछ सामान्य रूप से चल रहा है। जोशी ने कहा, वैश्विक संकट के बावजूद देश अच्छी स्थिति में है। प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते देश का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री खुद स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब दुनिया महंगाई और जरूरी सामान की कमी से जूझ रही है, तब प्रधानमंत्री अपने मंत्रिपरिषद के साथ हर पहलू पर ध्यान दे रहे हैं, ताकि खाद की कीमतें न बढ़ें।उन्होंने यह भी कहा, 40 पेट्रोलियम उत्पादों पर छूट दी गई है और कई मामलों में सीमा शुल्क भी हटा तिया गया है। पेट्रोल और डीजल पर शुल्क घटाकर 10 रुपये प्रति लीटर की राहत दी गई है, जिससे कीमतों को नियंत्रण में रखने की कोशिश की गई है। वहीं, भाजपा सांसद मदन राठौर ने भी कहा, प्रधानमंत्री पूरी तरह सतर्क हैं और पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने कहा, आज भी आपूर्ति जारी है। भारत के जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आ रहे हैं। किसी तरह की समस्या नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी भाषा लोकतंत्र की भावना के अनुरूप नहीं है।

## किसी भी हालात का सामना करने को भारत तैयार, पश्चिम एशिया संकट पर बोले राजनाथ सिंह

**तिरुवनंतपुरम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को केरल के दौरे पर हैं। यहां उन्होंने देश में ईंधन और गैस की किसी भी तरह की कमी के दावों को नकार दिया। इसी के साथ राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत पश्चिम एशिया के हालातों पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। केरल विधासभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राज्य में प्रचार की कमान संभाली। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में ईंधन या गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तैयार है। केरल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना हमारे टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के हितों की रक्षा के लिए अपनी कूटनीतिक कुशलता का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# प्रफुल्ल पटेल और तटकरे का पार्थ पवार ने किया बचाव



**मुंबई।** दिवंगत एनसीपी नेता अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे के खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद और अटकलों पर आधारित करार दिया है। उन्होंने कहा कि इन वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाने वाली खबरें पूरी तरह निराधार हैं। पार्थ पवार ने बयान में कहा कि इस तरह की कहानियां सिर्फ कल्पना हैं और सम्मानित नेताओं को गढ़े गए विवादों में घसीटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पटेल और तटकरे ने दशकों तक पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और नेतृत्व का परिचय दिया है, जो आज भी संगठन का मार्गदर्शन कर रहा है। ऐसे निराधार आरोप बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं और इन्हें खारिज किया जाना चाहिए। पार्थ का यह बयान उस समय आया है जब यह चर्चा चल रही है कि उनकी मां और महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, पटेल और तटकरे से नाराज हैं। वहीं, रोहित पवार ने पिछले सप्ताह दावा किया था कि सुनेत्रा पवार ने 10 मार्च को भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर खुद को पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की जानकारी दी थी। उन्होंने यह भी कहा था कि उनके पति अजित पवार की 28 जनवरी को हवाई दुर्घटना में मौत के बाद पार्टी की ओर से भेजे गए किसी भी पुराने पत्राचार को नजरअंदाज किया जाए। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पार्टी प्रमुख बनने से पहले चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र को लेकर पटेल और तटकरे द्वारा दी गई सफाई से सुनेत्रा पवार संतुष्ट नहीं थीं। रोहित पवार के अनुसार, पटेल और तटकरे ने 16 फरवरी को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर पार्टी संविधान में संशोधन और सभी अधिकार कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को दिए जाने की जानकारी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम पार्टी पर नियंत्रण हासिल करने की कोशिश थी। इस बीच, सुनेत्रा पवार द्वारा कथित रूप से चुनाव आयोग को भेजे गए चार पन्नों के पत्र की कॉपी सोशल मीडिया पर सामने आई है। इस पत्र में पटेल और तटकरे का बिना किसी पदनाम के उल्लेख होने से संगठन में उनकी स्थिति को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। पार्टी प्रवक्ताओं ने इस पत्र पर प्रतिक्रिया के लिए किए गए संपर्क का जवाब नहीं दिया। गौरतलब है कि सुनेत्रा पवार गुरुवार को दिल्ली दौरे पर थीं और उनके साथ पटेल और तटकरे की गैरमौजूदगी ने भी कई सवाल खड़े किए। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि वह अभी राज्यसभा सदस्य हैं और बजट सत्र के अंतिम दिन संसद में मौजूद रहीं।

# पुलिस पर हमले के बाद बंगाल के बीरभूम में 14 लोग गिरफ्तार, सड़क निर्माण को लेकर शुरू हुआ था विवाद



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम में पुलिस पर हमला करने के मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, सड़क निर्माण को लेकर विवाद शुरू हुआ था, जिसके बाद गांव वालों ने पुलिस पर हमला कर दिया। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के सूरी में सड़क निर्माण को लेकर हुए विवाद के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में कम से कम 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी गुरुवार को अधिकारियों ने दी। यह घटना बुधवार देर रात उस समय घटी जब सूरी के कंकुरिया गांव में एक सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, इलाके में सड़क निर्माण को लेकर पहले से ही भूमि विवाद चल रहा था। सड़क निर्माण कंपनी ने जेसीबी का इस्तेमाल शुरू कर दिया, जिससे ग्रामीणों और कंपनी के बीच विवाद शुरू हो गया। जल्द ही यह विवाद मारपीट में बदल गया। सूचना मिलते ही सूरी पुलिस स्टेशन के प्रभारी इंस्पेक्टर शैलेंदा उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। आरोप है कि उस समय ग्रामीणों के एक समूह ने पुलिस पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पुलिस वाहनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। ग्रामीणों के हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

पुलिस कांस्टेबल शैलेंदा उपाध्याय गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत बचाकर सूरी सदर अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस और केंद्रीय बल मौके पर पहुंचे। साथ ही, स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए केंद्रीय बलों की दो कंपनियां भी मौके पर पहुंचीं।इस संबंध में बीरभूम जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ÷हमने इस घटना के सिलसिले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें कई महिलाएं शामिल हैं। हमारे कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिसकर्मियों पर हमले की साजिश रचने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सत्ता में आए तो रद्द होगा सीएपीएफ कानून



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 बुधवार को राज्यसभा में पारित हो चुका है। इसे आज लोकसभा में पेश किया गया है। यहां से भी इसके आसानी से पारित होने की संभावना है। वहीं, सीएपीएफ बिल को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार इस बिल के जरिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट रही है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि अगर आगामी आम चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आती है, तो सीएपीएफ विधेयक 2026 को रद्द कर दिया जाएगा। राहुल गांधी ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अजय मलिक से मुलाकात का जिक्र किया।

राहुल गांधी ने कहा, 15 साल से अधिक की निष्ठापूर्ण सेवा के बावजूद - प्रमोशन नहीं, अपनी ही फोर्स को लीड करने का अधिकार नहीं। क्योंकि सभी शीर्ष पद आईपीएस अफसरों के लिए आरक्षित हैं। यह सिर्फ एक अफसर की पीड़ा नहीं - यह लाखों सीएपीएफ जवानों के साथ हो रहा संस्थागत अन्याय है।

उन्होंने आगे कहा, ये जवान सीमाओं पर तैनात रहते हैं। आतंक और नक्सलवाद से लोहा लेते हैं, लोकतंत्र के उत्सव चुनावों को सुरक्षित बनाते हैं। लेकिन जब इनके अधिकार और सम्मान की बात आती है, तो व्यवस्था मुंह फेर लेती है। लोकसभा में नेता विपक्ष ने कहा, खुद सीएपीएफ के जवान इस भेदभाव के विरुद्ध हैं। सुप्रीम कोर्ट तक ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। फिर भी वर्तमान सरकार इसी अन्याय को कानूनी रूप से स्थायी बनाने पर आमादा है। सीएपीएफ विधेयक पर कांग्रेस सांसद ने कहा, आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि भारत में किसी भी अर्धसैनिक बल का नेतृत्व ऐसे अधिकारी ने नहीं किया है जो अपने ही अर्धसैनिक बलों में निचले पदों से ऊपर उठा हो। ऐसा कोई अर्धसैनिक बल नहीं है जिसका नेतृत्व बल के भीतर से उभरा हो। शीर्ष नेतृत्व अर्धसैनिक बलों पर थोपा जाता है। यह पूरी तरह गलत है। हमने इसका विरोध किया है और सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा, सरकार एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को पलट रही है। यह सीएपीएफ के लिए सबसे बड़ा मुद्दा है। मुझे समझ नहीं आता कि आप किसी ऐसे संगठन के मनोबल की रक्षा कैसे कर सकते हैं जो अपने ही किसी व्यक्ति को नेतृत्व के पद पर नहीं बिठा सकता। सरकार ने जो किया है वह अन्यायपूर्ण है। मुझे समझ नहीं आता कि सरकार ऐसा क्यों कर रही है।

उन्होंने कहा, इसके पीछे कुछ कारण हो सकते हैं; शायद आजकल चुनाव हैं। वे यह विधेयक उसी दिन लाए जब मैं असम के दौरे पर था। मैंने सरकार को संदेश भेजकर इस विधेयक को एक-दो दिन के लिए टालने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। वे नहीं चाहते कि मैं संसद में इस विधेयक पर बोलूं। कांग्रेस का रुख सभी अर्धसैनिक बलों के साथ, और सत्ता में आने पर हम उन्हें न्याय दिलाएंगे।

## औलाद के बेरोजगार होने पर बुजुर्गों में बढ़ जाता है अवसाद का खतरा

**नई दिल्ली।** भारत में बुजुर्गों में अवसाद का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, खासकर तब जब उनकी वयस्क औलाद बेरोजगार हों। आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा पर निर्भर परिवारों में यह प्रभाव और गहरा होता है। सामाजिक जुड़ाव बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाए रखता है। भारत में बुजुर्गों के अवसाद में जाने की एक बड़ी वजह उनकी वयस्क औलादों का बेरोजगार होना है। यह खुलासा अनुदैर्ध्य वृद्धावस्था (एलएएसआई) के सर्वे में हुआ है। एलएएसआई के तहत इकट्ठा किए गए आंकड़ों में सामने आया है कि औलादों की बेराजगारी में बुजुर्ग माता-पिता में अवसाद का खतरा 12 फीसदी अधिक बढ़ जाता है। जर्नल सोशल साइंस एंड मेडिसिन में छपे इस शोध अध्ययन के नतीजों से यह भी पता चला है।

# ईरान ने अमेरिका को दी धमकी कदम रखा तो लाशें भी नहीं मिलेंगी:अमीर हतामी



**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध अब आर-पार की जंग में बदल चुका है। ईरान के सेना प्रमुख ने अमेरिका को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। वहीं, तेहरान में हुए हवाई हमले में ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनकी पत्नी की मौत हो गई है।

ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरानी सेना के प्रमुख मेजर जनरल अमीर हतामी ने कहा है कि अगर अमेरिकी सेना ने इस्लामिक गणराज्य ईरान की धरती पर कदम रखा, तो हमलावरों में से एक भी शख्स जिंदा नहीं बचेगा। हतामी ने कहा कि हमारे देश के ऊपर से युद्ध के बादलों को हटना ही होगा। सभी को सुरक्षा मिलनी चाहिए, क्योंकि यह मुमकिन नहीं है कि बाकी जगहें तो सुरक्षित रहें और हमारे लोग असुरक्षित। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ईरान को %पत्थर युग% में भेज देंगे। आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने ट्रंप की उग्र भाषा की कड़े शब्दों में निंदा की है। मार्टिन ने कहा कि युद्ध में शामिल दोनों पक्षों को आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। पीएम मार्टिन ने कहा कि हम सब जानते हैं कि ईरान की हुकूमत दमनकारी रही है, लेकिन इस युद्ध में वो मासूम लोग मारे जा रहे हैं और बर्बाद हो रहे हैं, जिनका इस हुकूमत से कोई लेना-देना नहीं है।

दूसरी ओर, अमेरिकी और इस्राइली हमलों के बाद भी ईरान के हौसले पस्त होते नहीं दिख रहे हैं। ईरानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोलफाघरी ने दावा किया है कि तेहरान के पास हथियारों और गोला-बारूद का गुप्त भंडार मौजूद है। जोलफाघरी ने कहा कि अमेरिका जिन ठिकानों को तबाह करने का दावा कर रहा है, वो मामूली हैं। हमारे असली सैन्य ठिकाने ऐसी जगहों पर हैं, जिनके बारे में अमेरिका और इस्राइल को कोई जानकारी नहीं है।

इसी खूनी संघर्ष के बीच ईरान की राजधानी तेहरान से एक बड़ी खबर सामने आई है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, एक हवाई हमले में देश के पूर्व विदेश मंत्री और सीनियर डिप्लोमैट कमाल खराजी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इतना ही नहीं, इस हमले में उनकी पत्नी की भी मौत हो गई है। यह अभी साफ नहीं है कि इस हवाई हमले का निशाना खुद खराजी थे या हमला पास की किसी जगह पर किया गया था। खराजी ने ही 2022 में एक इंटरव्यू में कहा था कि ईरान के पास परमाणु बम बनाने की तकनीकी क्षमता है।

# ट्रंप बार-बार क्यों कर रहे हैं युद्ध खत्म होने का दावा

**अमेरिका।** इस्राइल-अमेरिका के ईरान से युद्ध को अब एक महीने से ज्यादा हो गए हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार अमेरिका की जीत के दावों से लेकर इस संघर्ष से बाहर निकलने की बात तक कह चुके हैं। हालांकि, हर बार ईरान में अमेरिकी सैन्य अभियान को लेकर उनका बयान बदलता चला जा रहा है। अब राष्ट्र के नाम संबोधन में ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान में युद्ध के लक्ष्यों के पूरा होने के बाद संघर्ष से निकल जाएंगे।

ईरान ने अमेजन के डाटा सेंटर पर ड्रोन हमला किया, बाटेलको के दफ्तर में कर्मचारी दहशत के मारे नहीं बैठे। ईरान के आरजीसी ने 18 अमेरिकी कंपनियों पर 'आर्थिक बम' फोड़ने की चेतावनी जारी कर दी है। दूसरी तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बयान लगातार बदल रहे हैं। वह अब 2-3 सप्ताह में युद्ध खत्म होने का दावा कर रहे हैं। आखिर आगे क्या होगा? भारतीय सेना के पूर्व मेजर जनरल विजय कुमार नेरुला कहते हैं कि पश्चिम एशिया में ईरान ने अमेरिका की सही नस पकड़ ली है। वह आर्थिक मोर्चे पर घेरेबंदी कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति अपने लोगों को खुश करने में लगे हैं। उनके अंदाज से लग रहा है कि पश्चिम एशिया के हालात से अपमानित महसूस कर रहे हैं। खाड़ी देश में तैनात रहे वरिष्ठ सूत्र का कहना है कि वहां के 13 अमेरिकी सैन्य अड्डे खाली हो चुके हैं। वहां कोई नहीं है और अमेरिकी अधिकारी, सैनिक लोग रिहाइशी इलाकों, होटलों में छिपकर रहे हैं। दुबई में रह रहे एके मेनन भी कहते हैं कि यहां के हालात लगातार खराब हो रहे हैं। कारोबार और व्यापार पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। अंदाजा यही लग रहा है कि अमेरिका पश्चिम एशिया से बाहर आने का सम्मानजनक रास्ता ढूंढ रहा है। यही कारण है कि ट्रंप एक बार कुछ और दूसरी बार कुछ कह रहे हैं। कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को ईरान के ड्रोन हमले से ईंधन टैंकों में आग लग गई। दूसरी तरफ ईरान के आरजीसी ने 18 टेक कंपनियों पर अमेरिका और इस्राइल को हमले में सहयोग करने का आरोप लगाया है। इनमें गूगल, अमेजन, बाटेलको, एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, टेस्ला, बोइंग, डेल, सिस्को, एचपी, इंटेल,ओरैकल, जेपी मार्गन, जीई जैसी कंपनियां हैं। ईरान की कोशिश अमेरिका को आर्थिक मोर्चे पर डराने की है। वह सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात समेत सभी को भाई बता रहा है। उसके टारगेट पर अमेरिका, उसके सैन्य अड्डे, कारोबारी प्रतिष्ठान, दूतावास हैं। ईरान चेतावनी दे रहा है कि अमेरिका खाड़ी देशों को छोड़कर चला जाए। पूर्व मेजर जनरल विजय कुमार नेरुला का कहना है कि ईरान का मकसद अमेरिका से निबटना, उसे पीछे धकेलना है। वह अभी इस्राइल पर उतना ध्यान नहीं दे रहा है। ईरान के हुक्मरान अमेरिका और उसके दावे पर भरोसा नहीं कर रहे हैं। पूर्व ब्रिगेडियर एके सिंह का कहना है कि अमेरिका दुनिया का नंबर वन फॉयर पॉवर देश है। इस्राइल के साथ मिलकर सैन्य अभियान चला रहा है। ब्रिगेडियर सिंह कहते हैं कि गलत अनुमान के साथ अमेरिका और इस्राइल ने युद्ध शुरू किया। युद्ध शांति वार्ता के प्रयासों के बीच में शुरू हुआ। इसलिए विश्वास का संकट काफी गहरा है। हालांकि ब्रिगेडियर सिंह कहते हैं कि अमेरिका और ईरान दोनों के रणनीतिकार वार्ता और शांति के प्रयास की शुरुआत को स्वीकार कर रहे हैं, लेकिन इसे धरातल पर आ पाने में समय लगेगा।

रक्षा और विदेश मामले के जानकार रंजीत कुमार कहते हैं कि अमेरिका की धमकी से ईरान ने डरना छोड़ दिया है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान शांति से इनकार नहीं कर रहे हैं, लेकिन उनकी कुछ शर्तें हैं। ईरान सम्मान के साथ युद्ध की समाप्ति चाहता है। यह केवल राष्ट्रपति ट्रंप के जीत का दावा कर देने भर से नहीं रुकेगा।

# ईरान संघर्ष में साथ न मिला तो भड़के ट्रंप



**अमेरिका।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ को दिए इंटरव्यू में उत्तरी अमेरिकी और यूरोपीय देशों के गठबंधन- नाटो को लेकर नाराजगी जताई थी। ट्रंप का कहना था कि इस गठबंधन ने ईरान युद्ध में अमेरिका का साथ नहीं दिया और वह अमेरिका को इससे बाहर करने के बारे में गंभीरता से सोच रहे हैं। एक महीने पहले जब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमले शुरू किए तो यह आशंका जताई जा रही थी कि इस युद्ध के विश्व युद्ध बनने में देर नहीं लगेगी। माना जा रहा था कि अमेरिका और इस्राइल पर अगर ईरान का पलटवार होता है तो अमेरिका के सहयोगी देश, खासकर नाटो और यूरोपीय संघ के देश उसकी मदद के लिए जरूर आगे आएंगे। हालांकि, जहां पहला अनुमान कि ईरान पलटवार करेगा वाली बात सही साबित हुई, तो वहीं दूसरा अनुमान कि अमेरिका के सहयोगी मदद के लिए आगे आएंगे अब तक सही नहीं हो पाया। उल्टा अधिकतर सहयोगियों ने यह कहकर युद्ध में उतरने से इनकार कर दिया कि यह संघर्ष अमेरिका ने खुद शुरू किया है और वह इसमें नहीं कूदेंगे। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी सहयोगियों के रवैये से खासे नाराज रहे हैं। बीते एक महीने में उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-ट्रूथ सोशल पर नाटो को कागज के शेर तक बताया। साथ ही उन्होंने अपने सहयोगियों पर भी लगातार संघर्ष में शामिल होने का न सिर्फ दबाव बनाया, बल्कि ब्रिटेन और यूरोप के कई देशों पर उनकी मदद न करने के आरोप भी लगाए। अब ट्रंप ने एक ब्रिटिश अखबार को दिए इंटरव्यू में कहा है कि वह अमेरिका को नाटो से बाहर निकालने पर विचार कर रहे हैं। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर यह नाटो क्या है? ट्रंप आखिर कब से और क्यों अमेरिका को इस गठबंधन से बाहर निकालना चाहते हैं? अमेरिका के नाटो से निकलने की पूरी प्रक्रिया क्या होगी? अगर अमेरिका इस गठबंधन को छोड़ देता है तो इसका असर क्या होगा? आइये जानते हैं...

नाटो यानी नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन है। यह पश्चिमी देशों-यूरोप के कुछ देश और उत्तरी अमेरिका के देशों का एक प्रमुख सैन्य और राजनीतिक गठबंधन है। नाटो की स्थापना दूसरे विश्व युद्ध के बाद सन 1949 में हुई थी। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में शुरुआत में 12 देशों ने एक साथ जुटकर इस गठबंधन की स्थापना की थी।

# युद्ध के साए में रोजगार चुनें या जिंदगी

**दुबई/दोहा/मनीला।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध ने खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों एशियाई प्रवासी मजदूरों को ऐसे मोड़ पर ला खड़ा किया है, जहां हर दिन उनकी जिंदगी और रोजगार आमने-सामने खड़े हैं। बीबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि मिसाइलों, सायरनों और अनिश्चितता के बीच एक सख्त सच्चाई उभर रही है कि जो लोग इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, वही सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं और सबसे कम विकल्प उनके पास हैं।

कतर में घरेलू कामगार के रूप में काम कर रहीं 49 वर्षीय नोर्मा टैक्टाकॉन के लिए हर दिन डर के साथ शुरू होता है। फिलीपीन में उनका परिवार, पति और तीन बच्चे पूरी तरह उनकी कमाई पर निर्भर है। वह अब अपने पति के साथ फिलीपीन लौटकर छोटा व्यवसाय शुरू करने पर विचार कर रही हैं। ईरानी हमलों के बीच कम वेतन वाले लाखों एशियाई मजदूर घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, सुरक्षा गार्ड अब भी वहीं फंसे हुए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कम से कम 12 दक्षिण एशियाई मजदूरों की मौत हो चुकी है। 32 वर्षीय फिलीपीनी केयरगिवर मैरी एन वेलास्केज तेल अवीव में उस समय घायल हो गईं जब एक बैलिस्टिक मिसाइल उनके अपार्टमेंट पर गिरी वह अपने मरीज को बचाने की कोशिश कर रही थीं। नेपाल के 29 वर्षीय दीबस श्रेष्ठ, जो अबू धाबी में सुरक्षा गार्ड थे, 1 मार्च को ईरानी हमले में मारे गए। दुबई में 55 वर्षीय बांग्लादेशी अहमद अली की मौत एक इंटरसेप्टेड मिसाइल के मलबे से हुई। उनके बेटे ने कहा, पिताजी को युद्ध का पता नहीं था।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार पश्चिम एशिया में करीब 2.4 करोड़ प्रवासी मजदूर हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा श्रम प्रवासन केंद्र है। इनमें अधिकांश भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, फिलीपीन व इंडोनेशिया से हैं। ये लोग कम वेतन, अस्थिर नौकरियों और सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच काम करते हैं। फिलीपीनी घरेलू कामगारों को खाड़ी में कम से कम 500 डॉलर मासिक वेतन मिलता है जो उनके देश की तुलना में 4-5 गुना अधिक है।

# अंतरिक्ष में टॉयलेट का जिक्र



**वॉशिंगटन** नासा का आर्टेमिस-2 मिशन लॉन्च हो गया है। चार अंतरिक्ष यात्री ओरियन कैप्सूल में सवार होकर चांद की ओर बढ़ रहे हैं। 10 दिनों के इस मिशन में यात्री चांद की परिक्रमा करेंगे और गहरे अंतरिक्ष के प्रभावों का अध्ययन करेंगे। इस बीच अंतरिक्ष से कमांडर रीड वाइसमैन ने पहला संदेश भी भेजा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आर्टेमिस-2 मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से एसएलएस रॉकेट ने इंटीग्रिटी नाम के ओरियन कैप्सूल को अंतरिक्ष में पहुंचाया। भारतीय समय के अनुसार यह लॉन्चिंग गुरुवार सुबह 4:05 बजे हुई। इस मिशन के साथ ही इंसान करीब 54 साल बाद एक बार फिर चांद की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इस मिशन को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नासा के आर्टेमिस 2 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर नासा की टीम और अंतरिक्ष यात्रियों को बधाई दी है। उन्होंने इस लॉन्च को अद्भुत बताया।

इस ऐतिहासिक मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। टीम की कमान रीड वाइसमैन संभाल रहे हैं। उनके साथ पायलट विक्टर ग्लोवर, मिशन विशेषज्ञ क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन यात्रा कर रहे हैं। लॉन्चिंग के एक घंटे बाद रॉकेट ने कैप्सूल को पृथ्वी की ऊंची कक्षा में पहुंचा दिया। अब अंतरिक्ष यात्री अगले 25 घंटों तक कैप्सूल के सभी सिस्टम की जांच करेंगे। इसके बाद वे चांद की ओर अपनी मुख्य यात्रा शुरू करेंगे।

इस बीच अंतरिक्ष से पहला संदेश भी आ गया है। संदेश में कमांडर रीड वाइसमैन ने बताया कि इंटीग्रिटी पर सूर्योदय हो रहा है।

इसी बीच मिशन के शुरुआती चरण में मिशन विशेषज्ञ क्रिस्टीना कोच ने अंतरिक्ष यान के टॉयलेट को ठीक करने का जरूरी काम भी संभाला ताकि 10 दिन की यात्रा आरामदायक रहे।

यह दस दिन की यात्रा अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से करीब 4.06 लाख किलोमीटर दूर तक ले जाएगी। अंतरिक्ष यात्री चांद के करीब जाएंगे लेकिन वहां उतरेंगे नहीं। वे चांद की परिक्रमा करके सुरक्षित पृथ्वी पर लौटेंगे। इस दौरान वैज्ञानिक ऑर्गन-ऑन-ए-चिप तकनीक से इंसानी शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करेंगे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस चार अप्रैल को

**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस दि. 04 अप्रैल को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह तहसील भोगांव में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील भोगांव में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील करहल में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील किशनी में जन-समस्याएं सुनेंगी।

## पूर्व सैनिकों का पुनर्मिलन समारोह 6 अप्रैल को

**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** ग्रुप कैप्टन (अ.प्रा.) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी आर.के. शर्मा ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं का पुर्नमिलन समारोह श्री देवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी के अन्तर्गत दि. 06 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे देवी मेला पण्डाल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें वीर नारियों व अलर्कत पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा, कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के आश्रितों के कल्याण हेतु केन्द्र, राज्य सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होने जनपद के पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं, आश्रितों से कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में श्री देवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी में उपस्थित होकर लाभ लें।

## अरिन ने मोनिरबा एकादश को जिताया



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** मोनिरबा एकादश ने सनराइज एकादश को 33 रन से हराकर शहीद भगत सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किया। इस जीत में अरिन सिंह (43 रन एवं दो विकेट) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लूकरगंज मैदान पर गुरुवार पर खेले गए मैच में मोनिरबा 25.4 ओवर में 171 रन (अभिजीत त्रिपाठी 61, अरिन सिंह 43, शिवम 2/10, अनिमेष चौधरी 4/18, लक्ष्य आनंद 2/24) बनाए। जवाब में सनराइज एकादश की टीम 20.1 ओवर में 138 रन (परिमल सागर 31, दक्ष भारती 13, मार्मिक राज 4/44, हैंडसम जायसवाल 3/20, अरिन सिंह 2/23) पर सिमट गई।

## क्रिकेट मास्टर एकेडमी का हुआ उद्घाटन



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** झूंसी के देव नगर में क्रिकेट मास्टर एकेडमी का हुआ उद्घाटन गुरुवार को हुआ। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक कपिल देव ने फीता काटकर एकेडमी का उद्घाटन किया। एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक अभिषेक कुमार पांडेय बताया कि प्रवेश प्रारंभ हो गया। यहां अनुभवी कोच की देखरेख में आधुनिक नेट प्रैक्टिस और नियमित मैच कराया जायेगा। कार्यक्रम में रोहित यादव, सचिन यादव और अमित सिंह मौजूद रहे।

## अनिमेष ने विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को जिताया




**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** अनिमेष यादव के हरफनमौला खेल (99 रन, 89 गेंद, सात चौके, दो छक्के एवं 6-0-28-3) की बदौलत विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने फ्रेंड्स क्लब को 79 रन से हराकर पांचवीं केएस स्पोर्ट्स ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। चक हरिहर वन झूंसी मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने 30 ओवर में छह विकेट पर 184 रन (अनिमेष यादव 99, ईशान सिंह 25, शिवम केसरवानी 17, हरिओम राय, मोहम्मद हम्माद, देवेश नारायण, ध्रुव सिंह व अंकुश आनंद एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में फ्रेंड्स क्लब की टीम 24.1 ओवर में 105 रन (हरिओम राय 35, मृत्युंजय सिंह 3/06, अनिमेष यादव 3/28, शिवम केसरवानी 2/19) पर सिमट गई। अनिमेष यादव को क्रिकेट कोच सचिन प्रकाश सिंह ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

# मनाई गई श्रीहनुमान जयंती



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)** स्थानीय नगर के साहबगंज मोहल्ला में स्थित गल्ला मंडी श्रीहनुमान जी के मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही श्रद्धालु भक्त मारुति नंदन श्रीहनुमान जी की कृपा पाने के लिए पूजा अर्चना करने पहुंचे। पूजा अर्चना के पश्चात् सुबह से मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

सर्ववैश्य समाज व गल्ला मंडी के युवकों ने संयुक्त रूप से भगवान की जन्मोत्सव भक्तों ने धूमधाम से मनाई गई। संगीतमय सुंदरकांड के कार्यक्रम के भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। इस मौके पर भगवान की झांकी भी भव्यतम तरीके से सजी थी। झांकी को निहारते ही श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारे लगाए साथ ही मंदिर परिसर में हवन भी कराया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आहुतियां दीं। इस दौरान सिटी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आलोक गुप्ता पिंटू, सर्व वैश्य समाज के अध्यक्ष राजकुमार ऊमरवैश्य नेता, विक्की गुप्ता, संदीप केशरी, रंजीत भोजवाल, अंकित जायसवाल, विपिन ऊमरवैश्य जिम्मी, मोंटी जायसवाल, सर्वजीत साहू, योगेश जायसवाल, नीशू केशरी, राजकुमार जायसवाल, वरूण ऊमरवैश्य,नमन गुप्ता, आदित्य गुप्ता व राजकुमार केसरी आदि लोगों ने बढ़चढ़ कर सहयोग प्रदान किया।

## जयवीर सिंह का मैनपुरी दौरा 4-5 अप्रैल को

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 04, 05 अप्रैल को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी दि. 04 अप्रैल को प्रातः 09.30 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्रॉजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 01.05 बजे स्टेशन रोड पर आर्य समाज मंदिर में आर्य समाज मंदिर, श्री सत्तेश्वर महादेव मंदिर, वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर नगला कैथ के विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने के उपरांत अपरान्ह 01.45 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे। पर्यटन मंत्री दि. 05 अप्रैल को अपरान्ह 02.30 बजे दिगम्बर जैन मंदिर प्रांगण घिरोर में जैन समाज के सहयोग से निर्मित 07 कमरों का लोकार्पण, बंधन योजना के अन्तर्गत रू. 1.90 करोड़ की लागत से जैन मंदिर के विकास की परियोजना, रू. 01-01 करोड़ की लागत से पं. दीन दयाल नगरीय विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत विकास, पेयजल हेतु स्वीकृत कार्यों, रू. 40 लाख की लागत से तालाब के सौन्दर्यीकरण की परियोजना का शिलान्यास करने के उपरांत अपरान्ह 03.15 बजे जनपद फिरोजबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सन्तोष सिंह अध्यक्ष बेचन लाल चुने गए मंत्री

- उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बरसठी का हुआ पुनर्गठन
- सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (बरसठी)** उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर बरसठी के प्रांगण में गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक इकाई बरसठी का पुनर्गठन हुआ। जिसमें शिक्षक सन्तोष सिंह को ब्लाक का अध्यक्ष व बेचन लाल को मंत्री चुना गया।

चुनाव अधिकारी जिला मीडिया प्रभारी डॉ अनुज सिंह,मडियाहूं ब्लाक अध्यक्ष विशाल सिंह व जिला कोषाध्यक्ष रोहित यादव चुनाव पर्यवेक्षक के निर्देशन में चुनाव संपन्न कराया गया। अन्य पदाधिकारियों में राम सिंह , पाल सिंह, अरुण कुमार द्विवेदी संरक्षक, प्रमोद कुमार सिंह कोषाध्यक्ष के पद पर सोमेंद्र त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर विनय कुमार सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मानिक चंद, राजबहादुर यादव, अतहर अली डॉ संदीप द्विवेदी व सरोज यादव उपाध्यक्ष पद पर श्री मिथलेश कुमार चौधरी, मनीष सिंह, सर्वेश कुमार उपाध्याय, जटाशंकर यादव, अजीज अहमद, दीपक कुमार सिंह नृपेंद्र कुमार सिंह, रोहित सिंह रामशंकर सिंह लक्ष्मीशंकर यादव व मनोरमा देवी को संगठन मंत्री, सत्येंद्र कुमार को प्रचार मंत्री, यशवंत कुमार सिंह को संयुक्त मंत्री, प्रेमचंद यादव को आडिटर चुने गए। नवनिचित पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष अमित सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रोहित यादव जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी, सन्तोष सिंह बघेल जिला ऑडिटर डॉ अनुज सिंह जिला संगठन मंत्री डॉ विशाल सहित जिले के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। पदाधिकारियों ने टीईटी अनिवार्यता से मुक्ति के सम्बन्ध में विकास खण्ड बरसठी के अध्यापकों से सीधा संवाद करते हुए अमित सिंह, राजेश सिंह टोनी व सन्तोष सिंह बघेल द्वारा टीईटी के मुद्दे पर किए जा रहे संघर्ष की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष बरसठी सन्तोष सिंह व राकेश उपाध्याय ने सयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विकास खंड बरसठी के सेवानिवृत हो रहे शिक्षक राम सिंह,गिरधारी लाल, अरविंद का सम्मान पूर्वक विदाई दी गई सभी उपस्थित शिक्षकों द्वारा अंग वस्त्र तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अध्यापकों में दिनेश सिंह, सुरेंद्र पटेल, जयप्रकाश, रमेश कुमार, मनोज कुमार जयसवाल, लाल बहादुर यादव, अनंत कुमार चौरसिया, कृष्ण कुमार पटेल, सुनील कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार सिंह, फूलचंद बिंद, मनोज कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, हरेंद्र यादव, ओपी अंबेडकर, इंद्रमणि पाल, अनुज त्रिपाठी, डॉ विनय कुमार शुक्ला, शिव शंकर यादव, अजय कुमार सिंह, समाज सेवी जज सिंह अन्ना, प्रधानाचार्य मृत्युंजय शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में अध्यापक उपस्थित रहे।

# शिक्षा चौपाल एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जनपद के सिरकोनी विकासखंड अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय सेहमलपुर में शिक्षा चौपाल एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ शैक्षिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया एवं विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने नवीन नामांकित बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें कॉपी-पेंसिल वितरित कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने अभिभावकों से अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने की अपील की। साथ ही कार्यक्रम के दौरान 20 नए बच्चों का नामांकन भी कराया गया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण आरूषि यादव एवं आयुषी यादव द्वारा बनाई गई कलाकृति रही, जिसे मुख्य विकास अधिकारी को भेंट किया गया। कलाकृति से प्रभावित होकर उन्होंने दोनों छात्राओं एवं उनकी माता को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार द्वारा आगंतुक अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारीगण ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और गुणवत्ता सुधार पर विशेष बल दिया।

अंत में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक इरफान खान ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और अभिभावकों की सहभागिता भी सशक्त होती है। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संपूर्ण आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


## कार्यालय जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।

पत्रांक : 749(2)/नाजिर/जि0पं0/2026-27 दिनांक : 02 अप्रैल, 2026

**टेण्डर सूचना**

जनपद लखीमपुर-खीरी के समस्त टूर एण्ड ट्रेवल एजेन्सी/गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला पंचायत लखीमपुर-खीरी के उपयोगार्थ मासिक किराये पर एक अर्टिका/बोलेरो जीप/स्कार्पियो/इनोवाकार की आवश्यकता है। जिसमें विभाग द्वारा केवल डीजल की आपूर्ति की जायेगी, अन्य सभी खर्चे गाड़ी मालिक को वहन करना होगा। किराये पर गाड़ी लिए जाने हेतु टेण्डर दिनांक 22.04.2026 को सांय 4.00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी में आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर के साथ धनराशि रू0 10,000.00 का एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकरी जिला पंचायत, खीरी के पदनाम से बंधक होगा अथवा धनराशि रू0 10,000.00 नकद के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त टेण्डरों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। (यदि निर्धारित तिथि को अवकाश होता है तो यही टेण्डर अगले कार्य दिवस में प्राप्त कराये जा सकेंगें) टेण्डर में गाड़ी का मेक माडल एवं पूर्ण विवरण दर्शाया जाना आवश्यक है। नयी गाड़ी को वरीयता दी जायेगी। शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से की जा सकती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी में निहित होगा।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।**


# स्कूल डायरी के नाम पर अभिभावकों की जेब पर डाका

- संत मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाँदा पर खुली वसूली के आरोप, अभिभावकों ने उठाए गंभीर सवाल

**अवधनामा संवाददाता**


**बाँदा।** जनपद बाँदा के एक निजी विद्यालय संत मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर अभिभावकों की जेब पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने के गंभीर आरोप लगे हैं। स्कूल में ÷स्कूल डायरी÷ के नाम पर प्रत्येक अभिभावक से करीब 300 रुपये वसूले जाने को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। अभिभावकों का कहना है कि डिजिटल युग में जब अधिकांश सूचनाएं मोबाइल, मैसेज और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दी जा रही हैं, तब महंगी डायरी खरीदना आखिर क्यों अनिवार्य किया जा रहा है?

**डायरी नहीं, अभिभावकों से कमाई का जरिया?**

पीड़ित अभिभावक, जो स्वयं को एक पिता, एक फौजी और ठगा हुआ अभिभावक बताते हैं, ने सवाल उठाया है कि आखिर स्कूल प्रशासन यह बताए कि पिछले पांच वर्षों में इस डायरी के माध्यम से कौन-कौन से जरूरी निर्देश दिए गए?

यदि डायरी इतनी ही आवश्यक है, तो फिर हर छोटी-बड़ी सूचना मोबाइल और व्हाट्सएप ग्रुप में क्यों भेजी जाती है?

अभिभावकों का कहना है कि कोरोना काल के बाद से स्कूलों की संचार व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल हो चुकी है। इसके बावजूद डायरी के नाम पर हर वर्ष अतिरिक्त पैसा वसूलना अनुचित और शोषणकारी प्रतीत होता है।




**घर में रद्दी, स्कूल में कमाई–** अभिभावक का आरोप है कि यह डायरी बच्चों की पढ़ाई में उपयोगी कम, बल्कि घर में रद्दी अधिक साबित हो रही है। उनका कहना है कि उनके पास पिछले वर्ष की डायरी आज भी सुरक्षित है, जिससे यह देखा जा सकता है कि पूरे साल में उसका वास्तविक उपयोग कितना हुआ। यह आरोप भी लगाया गया कि स्कूल प्रशासन डायरी को शैक्षिक आवश्यकता नहीं बल्कि कमाई का माध्यम बना चुका है।

**अभिभावकों की चुप्पी से बढ़ रही मनमानी–** इस पूरे मामले में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि अधिकांश अभिभावक खुलकर विरोध नहीं कर रहे, जिससे विद्यालय प्रबंधन की मनमानी बढ़ती जा रही है। सवाल यह उठता है कि क्या शिक्षा संस्थान अब शिक्षा का केंद्र कम और व्यावसायिक कमाई का साधन अधिक बनते जा रहे हैं?

**डीएम और शिक्षा विभाग से हस्तक्षेप की मांग–** पीड़ित अभिभावक ने जिलाधिकारी बाँदा एवं संबंधित शिक्षा अधिकारियों से इस पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि वे जल्द ही स्वयं प्रशासन से मिलकर यह प्रश्न उठाएंगे कि जब हर सूचना मोबाइल से दी जा रही है, तो डायरी के नाम पर यह वसूली आखिर क्यों?

बड़े सवाल जो जवाब मांगते हैं
जब सूचना डिजिटल माध्यम से दी जा रही है, तो डायरी क्यों अनिवार्य?
डायरी की कीमत 300 रुपये क्यों और किस आधार पर?
क्या शिक्षा विभाग निजी स्कूलों की ऐसी वसूली पर नजर रखता है?
क्या अभिभावकों की जेब पर हर साल डाला जा रहा यह बोझ वैध है?

## माता भीख बने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, जौनपुर में संगठन ने किया मनोनयन



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल वेलफेयर फाउंडेशन (उ.प्र. रजि0) द्वारा संगठन विस्तार के क्रम में जौनपुर जनपद में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष सुधीर सिंह पटेल ने माता भीख (पुत्र स्व. फूलचंद, निवासी ग्रामझ्रमिरचा, पोस्ट व थाना रामपुर, तहसील मड़ियाहूं, जनपद जौनपुर) को जिलाध्यक्ष, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ (जौनपुर) के पद पर मनोनीत किया है। जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि माता भीख की निष्ठा और कर्तव्यपरायणता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। संस्था ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे संगठन की नीतियों तथा प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।संस्था के अनुसार, उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती, गति और विस्तार मिलेगा तथा ÷स्वर्णिम भारत÷ के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। मनोनयन पर संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## रेलवे ट्रैक पर मिली किशोरी की लाश की हुई पहचान, परिजनों ने बताई दर्दनाक वजह

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के केवटली कला गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात किशोरी की लाश की पहचान होने के बाद मामला और भी भावुक हो गया है। मृतका की पहचान प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नगर ढकवा गांव निवासी श्रद्धा गुप्ता के रूप में हुई है।

परिजनों के मुताबिक, करीब 10 दिन पहले श्रद्धा के सिर में चोट लगी थी, जिसके बाद से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। इसी कारण आशंका जताई जा रही है कि उसने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं इलाके में भी शोक का माहौल है।

# मेडिकल कॉलेज बहराइच की बड़ी उपलब्धि, अत्याधुनिक स्टेपलर तकनीक से ऑपरेशन

- बिना किसी चीरा-टांका के हुई ग्रेड 4 पाइल्स की सर्जरी

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में मेडिकल कॉलेज बहराइच के सर्जरी विभाग ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक और अहम मुकाम हासिल किया है। चिकित्सकों की टीम ने लंबे समय से पाइल्स (बवासीर) की गंभीर बीमारी से जूझ रहे 40 वर्षीय मरीज गोपीनाथ का अत्याधुनिक स्टेपलर तकनीक के जरिए सफल ऑपरेशन किया है। इस नई तकनीक के इस्तेमाल से जनपदवासियों को अब सर्जरी के लिए महानगरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

**क्या है स्टेपलर तकनीक–** सर्जरी करने वाली टीम के नेतृत्वकर्ता डॉ. राहुल अग्रवाल और डॉ. सैयद ने बताया कि मरीज ग्रेड 4 पाइल्स से ग्रसित था। इस स्थिति को देखते हुए आधुनिक स्टेपलर विधि को अपनाने का निर्णय लिया गया। इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें शरीर के बाहर कोई भी चीरा या टांका नहीं लगता है। इससे मरीज को दर्द कम होता है, रिकवरी में बहुत कम समय लगता है और ऑपरेशन वाले दिन ही उसे अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है।

इन चिकित्सकों के सहयोग से सफल हुआ ऑपरेशन इस सफल ऑपरेशन में डॉ. राहुल अग्रवाल के साथ डॉ. अमित, डॉ. बृजेश, डॉ. दिवाकर, डॉ शिवम् मदेशिया शामिल थे। एनीस्थीसिया विभाग की ओर से डॉ. आशीष एवं डॉ. हिले ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। ऑपरेशन के बाद मरीज गोपीनाथ के स्वास्थ्य में काफी तेजी से सुधार हो रहा है और वह इस नई तकनीक से हुए इलाज से संतुष्ट हैं।



### प्रधानाचार्य ने की टीम की सराहना

मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. (प्रो.) संजय खत्री ने सर्जरी विभाग और एनीस्थीसिया विभाग की इस संयुक्त कामयाबी पर पूरी टीम की सराहना की और जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।मेडिकल कॉलेज प्रशासन मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए संकल्पित है। भविष्य में भी मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग करके मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि उन्हें इलाज के लिए अन्य शहरों में न भटकना पड़े।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, बाराबंकी

पत्रांक : 859/10ए/ई टेण्डरिंग/2025 दिनांक : 28.03.2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

1. उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बाराबंकी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी पोर्टल के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के ए0,बी0,सी0 एवं डी0 में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक 04.04.2026 से दिनांक 10.04.2026 के दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार के प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जाएगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाए गए ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जाएगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जाएगी। कार्य का विवरण निम्नवत् हैः-
2.

| क्रम सं | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| विशेष मरम्मत का कार्य (विधानसभा-रामनगर) | | | | | | | | | |
| 1 | बाराबंकी | पारा सम्पर्क मार्ग के किमी0 4(270) में सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। (ग्रा0मा0) | 13.69 | 1.40 | 855.00 | 2 माह | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड नं.-1, लो.नि.वि., बाराबंकी | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.-अम्बे. वृत्त, लो.नि.वि, अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि, अयोध्या |
| 2 | बाराबंकी | बिन्दौरा सआदतगंज से अनूपगंज सम्पर्क मार्ग किमी0 1(213), 2(007) सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। (ग्रा0मा0) | 10.65 | 1.10 | 855.00 | 2 माह | तदैव- | तदैव- | तदैव- |
| विशेष मरम्मत का कार्य (विधानसभा-जैदपुर) | | | | | | | | | |
| 3 | बाराबंकी | बांसा सफदरगंज मार्ग से सैदाबाद होते हुए दादरा रजईपुर मार्ग तक सम्पर्क मार्ग किमी0 3 में स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 2X2 मीटर स्पान आ0सी0सी0 बाक्स कलवर्ट का निर्माण कार्य। (ग्रा0मा0) | 15.89 | 1.60 | 944.00 | 2 माह | तदैव- | तदैव- | तदैव- |
| सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य (विधानसभा-दरियाबाद) | | | | | | | | | |
| 4 | बाराबंकी | गंगौली सम्पर्क मार्ग | 15.50 | 1.55 | 944.00 | 2 माह | तदैव- | तदैव- | तदैव- |

3. वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आनलाइन देखे जा सकते है।
4. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइटhttp://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.04.2026 से 10.04.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकेगें। निविदादाताओं द्वारा आनलाइन निविदा की अपलोडिंग/डाउनलोडिंग तथा समस्त प्रपत्रों को शासनादेश सं0 3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुसार जमा किया जाएगा। आन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिना क 10.04.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।
5. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

**(दीपक कुमार चौधरी)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि.,**
**बाराबंकी**

UPID-249107 Dated-01-04-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# बिकवाली के बाद हरियाली, सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा, निफ्टी 22700 के पार



**नई दिल्ली।** शुरुआती कारोबार में गुरुवार के दिन दोनों सूचकांकों में भारी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि बाजार में क्लोजिंग हरे निशान पर हुई। 30 शेयरों का सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 185.23 (0.25%) अंकों की बढ़त के साथ 73,319.55 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.70(0.15%) अंकों की बढ़त के साथ 22,713.10 के स्तर पर बंद हुआ। आइए बाजार की चाल को समझें।

शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। गुरुवार के मध्य सत्र के कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी आई और निवेशकों द्वारा निचले स्तरों पर ब्लू-चिप आईटी शेयरों की खरीदारी के चलते इनमें आई गिरावट की भरपाई होती दिखी। इस बीच रुपया भी डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ। रुपये में बीते 13 वर्षों में सबसे बड़ी एक दिवसीय बढ़त दर्ज की गई। रुपया डॉलर के मुकाबले एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त हासिल करते हुए 93.10 रुपये के स्तर पर बंद हुआ।

शुरुआती कारोबार में दोनों सूचकांकों में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिसमें 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,588.51 अंक गिरकर 71,545.81 के अंतर-दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आगे चलकर बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। 30 शेयरों का सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 185.23 (0.25%) अंकों की बढ़त के साथ 73,319.55 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.70(0.15%) अंकों की बढ़त के साथ 22,713.10 के स्तर पर बंद हुआ। भारी खरीदारी के चलते, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस जैसी आईटी क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों के शेयरों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई। मारुति सुजुकी इंडिया, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी भी लाभ कमाने वालों में शामिल थे।

हालांकि, 30 शेयरों वाले सेंसेक्स समूह में इटरनल, एशियन पेंट्स, सन फार्मास्युटिकल्स, एनटीपीसी, पावरग्रिड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट और अदाणी पोर्ट्स जैसी कंपनियां पिछड़ गईं। क्षेत्रीय सूचकांकों में, फोकस्ड आईटी और सूचना प्रौद्योगिकी एकमात्र ऐसे क्षेत्र के रूप में उभरे जिनमें 2 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई।

बाजार की इस शानदार और त्वरित रिकवरी का मुख्य श्रेय आईटी सेक्टर को जाता है। सूचकांकों के निचले स्तर पर पहुंचते ही निवेशकों ने इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखा। निवेशकों द्वारा निचले स्तरों पर ब्लू-चिप आईटी शेयरों में की गई भारी खरीदारी के चलते सुबह की पूरी गिरावट की भरपाई हो गई। दिग्गज आईटी कंपनियों के शेयरों में निवेश बढ़ने से बाजार के सेंटिमेंट में वापस सकारात्मकता लौट आई।

इक्विटी बाजार की इस शानदार वापसी के बीच विदेशी मुद्रा बाजार से भी एक बड़ी और सकारात्मक खबर सामने आई। गुरुवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले काफी मजबूत हुआ। इस मजबूती का पैमाना यह रहा कि रुपये में बीते 13 वर्षों में सबसे बड़ी एक दिवसीय बढ़त दर्ज की गई। एक दिन की इस सबसे बड़ी और ऐतिहासिक छलांग के साथ रुपया डॉलर के मुकाबले 93.10 रुपये के शानदार स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में व्यापक रूप से गिरावट दर्ज की गई, जिसमें दक्षिण कोरिया का कोस्पी 4.47 प्रतिशत, जापान का निक्केई 225 2.40 प्रतिशत, शंघाई का एसएसई कंपोजिट 0.74 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग 0.70 प्रतिशत गिर गया।

यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट देखी गई, जर्मनी का डीएएक्स 1.32 प्रतिशत गिर गया, पेरिस का सीएसी 40 0.80 प्रतिशत गिर गया, जबकि लंदन का एफटीएसई 100 स्थिर रहा।बुधवार को अमेरिकी बाजार में काफी तेजी देखी गई। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.18 प्रतिशत बढ़कर 108.42 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# एयरटेल 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मोबाइल सेवा प्रदाता बनी

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने गुरुवार को ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन (जीएसएमए) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वह 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। जीएसएमए, यह एक वैश्विक व्यापारिक निकाय है जो मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटरों और मोबाइल इकोसिस्टम में मौजूद कंपनियों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। यह प्रौद्योगिकी, पॉलिसी और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए भी काम करता है। एयरटेल ने जीएसएमए इंटेलिजेंस के आंकड़ों का हवाला देकर कहा, मोबाइल ग्राहक आधार के मामले में भारती एयरटेल वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है, और इसका परिचालन भारत और अफ्रीका में फैला हुआ है। 2026 के ताजा आंकड़ों के अनुसार, दुनिया के दूरसंचार बाजार में चाइना मोबाइल अपने एक अरब से अधिक ग्राहकों के साथ पहले नंबर है। वहीं भारती एयरटेल करीब 65 करोड़



ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है। इसमें भारत के अलावा 14 अफ्रीकी देशों में भी इसकी मजबूत मौजूदगी शामिल है। दूसरी ओर रिलायंस जियो तकरीबन 50 करोड़ ग्राहकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारती एयरटेल के कार्यकारी उपाध्यक्ष गोपाल विट्ठल ने कहा, ...हम नवाचार, विश्वसनीयता और अनुभव के स्तर को और ऊंचा उठाने की कोशिश करेंगे ताकि ग्राहक के साथ हर बातचीत विश्वास अर्जित करने और मूल्यवान संबंध प्रदान करने का एक अवसर हो। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि ये आंकड़े 31 मार्च तक उपलब्ध संख्याओं पर आधारित हैं। एयरटेल ने कहा कि भारत में उसके 368 मिलियन से अधिक मोबाइल ग्राहक हैं और अफ्रीका के 14 देशों में 179 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं।

कंपनी ने बयान में कहा, अपने क्षेत्रीय केंद्रों से परे, एयरटेल यूटेलसैट वनवेब और स्पेसएक्स के साथ रणनीतिक साझेदारी जरिए डिजिटल विभाजन को कम कर रहा है, और दूरस्थ समुद्री, विमानन और ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गति, कम विलंबता वाला ब्रॉडबैंड पहुंचाने के लिए निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) उपग्रहों के एक समूह का इस्तेमाल कर रहा है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बिक्री में शानदार बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बताया कि मार्च में उसकी कुल बिक्री पिछले साल मार्च की तुलना में 24 प्रतिशत बढ़कर 37,194 यूनिट रही। मार्च, 2026 में टोयोटा ने घरेलू बाजार में कुल 35,125 गाड़ियां बेचीं। पिछले साल मार्च में कंपनी ने 28,373 गाड़ियां बेची थीं। मार्च में कंपनी का निर्यात भी पिछले साल मार्च के 1,670 की तुलना में 24 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,069 दर्ज किया गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 4,06,081 गाड़ियों की बिक्री की। ये वित्त वर्ष 2024-25 में बेची गई 3,37,148 गाड़ियों की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा है। TKM के सेल्स, सर्विस और यूज्ड कार बिजनेस के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने कहा कि SUV, MPV और कॉम्पैक्ट कारों की लगातार मांग ने इन नतीजों को और भी बेहतर बनाया है। उन्होंने कहा, "SUV, MPV और कॉम्पैक्ट सेगमेंट में लगातार मांग के चलते हमने इस वित्तीय वर्ष में अच्छा प्रदर्शन किया है। साल भर नए प्रोडक्ट्स और ग्राहक-केंद्रित पहलों ने Toyota को एक डायनैमिक, टेक्नोलॉजी ड्रिवन और युवा-उन्मुख ब्रांड के रूप में स्थापित करने में मदद की।

## देश में 60 दिनों का क्रूड ऑयल रिजर्व मौजूद, आठ राज्यों को 10त्न अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी कोटा

**नई दिल्ली।** वैश्विक ऊर्जा बाजार में किसी भी संभावित उतार-चढ़ाव के बीच भारत सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर एक मजबूत और आश्वस्त करने वाली जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि भारत के पास अगले 60 दिनों की मांग को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

इसके साथ ही, व्यावसायिक गतिविधियों और औद्योगिक मांग को सुचारू बनाए रखने के लिए सरकार ने आठ राज्यों के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों के कोटे में अतिरिक्त 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी का भी अहम ऐलान किया है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने देश के सामरिक ऊर्जा भंडार की वर्तमान स्थिति पर आधिकारिक जानकारी साझा की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में आश्वस्त किया, ÷भारत के पास अगले 60 दिनों के लिए कच्चे तेल का स्टॉक सप्लाई है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, ÷सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पिछले एक महीने में 3.33 लाख पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

# हयात ने भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया में नई सीनियर लीडरशिप नियुक्ति के साथ विकास के अगले चरण को दी रफ़्तार



**शिकागो।** हयात होटल्स कॉर्पोरेशन ने आज भारत में अपने बिज़नेस के विस्तार के अगले पड़ाव के तहत विकास चावला की नियुक्ति की घोषणा की है। उन्हें प्रेसिडेंट भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया की नई और महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। यह नियुक्ति 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। यह नया पद हयात की भारत में तेज़ी से विस्तार करने और अपने ब्रांड की मज़बूत मौजूदगी बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। भारत, हयात के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण विकसित हो रहे बाज़ारों में से एक है। यह नियुक्ति भारत में हयात की मज़बूत प्रगति के बीच हुई है, जहाँ कंपनी प्रमुख शहरों और मशहूर पर्यटन स्थलों में अपने होटलों और आगामी प्रोजेक्ट्स (पाइपलाइन) का लगातार विस्तार कर रही है। विकास चावला अब हयात के ग्रुप प्रेसिडेंट (एशिया पैसिफिक) डेविड उडेल को रिपोर्ट करेंगे। उडेल ने कहा, भारत में इस नए सीनियर पद को बनाना यह दिखाता है कि हमें यहाँ की तरक्की की संभावनाओं पर कितना भरोसा है और हम इस बाज़ार के लिए कितने गंभीर हैं। पिछले 40 से ज़्यादा सालों में हयात ने भारत में अपनी मज़बूत नींव बनाई है। अब जब हम विकास के अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं, तो विकास चावला का अनुभव और काम करने का खास अंदाज़ हमारी टीम को नई ऊर्जा और कौशल देगा। उन्हें भारतीय ग्राहकों की गहरी समझ है, जो इस महत्वपूर्ण बाज़ार में हमारे रणनीतिक विकास के लिए बहुत काम आएगी। इससे हम अपने ब्रांड का विस्तार और तेज़ी से कर पाएंगे और कामयाबी के नए रास्ते खोलेंगे। विकास चावला एक अनुभवी उद्यमी हैं, जिन्हें फूड एंड बेवरेज और कंसल्टिंग क्षेत्र में 30 साल से ज़्यादा का वैश्विक लीडरशिप अनुभव है। वे भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया में हयात की पूरी रणनीति, विकास और प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। उनके पास ब्रांड बनाने, बिज़नेस का विस्तार करने और रणनीतिक ग्रोथ का बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड है, जो हयात के %इनसाइट्स-लेड% (समझ-आधारित) और ब्रांड-केंद्रित संगठन बनने की दिशा से पूरी तरह मेल खाता है। उच्च-प्रदर्शन वाली टीमें तैयार करने और लगातार इंडस्ट्री-लीडिंग ग्रोथ देने के प्रति उनकी लगन भारत में हयात के अगले चरण को ऊंचाइयों पर ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी। विकास चावला, प्रेसिडेंट भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया ने कहा, मैं भारत में हयात की तरक्की के इस शानदार दौर में जुड़कर बहुत खुश हूँ। हयात के बेहतरीन ब्रांड्स, शानदार टीम और मेहमानों को यादगार अनुभव देने का इरादा आगे बढ़ने के ढेरों मौके देता है। मेरा लक्ष्य हयात के पोर्टफोलियो को इतना आगे ले जाना है कि यह भारत के पारखी यात्रियों की पहली पसंद बन जाए। साथ ही, मैं इसे काम करने के लिए भारत का सबसे अच्छा हॉस्पिटलटी ब्रांड बनाना चाहता हूँ, ताकि भारत पूरी दुनिया में हयात की सफलता का एक मज़बूत आधार बने। भारत, हयात के लिए एशिया पैसिफिक क्षेत्र में सबसे तेज़ी से बढ़ते बाज़ारों में से एक है। मध्यम वर्ग के बीच बढ़ती प्रीमियम यात्रा, लग्ज़री अनुभवों और डाइनिंग के अनोखे अंदाज़ की मांग, हयात की लग्ज़री, लाइफस्टाइल और शानदार फूड एंड बेवरेज की ताक़त के साथ पूरी तरह मेल खाती है।

## सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इस्पात मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएआईएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने 2 अप्रैल से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, एक नियामक फाइलिंग में यह जानकारी दी गई है। इस बीच, इस्पात मंत्रालय के आदेशानुसार, कंपनी के निदेशक (कार्मिक) कृष्ण कुमार सिंह को तीन महीने के लिए - 2 अप्रैल से 1 जुलाई, 2026 तक- या जब तक कोई नियमित पदाधिकारी कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेता या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बीएसई को दी गई जानकारी में, सेल ने कहा कि प्रकाश ने 2 जनवरी को मंत्रालय को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। कंपनी ने फाइलिंग में बताया, सक्षम प्राधिकारी ने 1 अप्रैल 2026 से एसएआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद से उनके इस्तीफे को मंजूरी दे दी है। उस आधार पर, एसएआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश 1 अप्रैल 2026 से एसएआईएल बोर्ड के सदस्य नहीं रहे। सरकारी स्वामित्व वाली आरईसी लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि राजेश कुमार ने 2 अप्रैल, 2026 से निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कंपनी के एक बयान के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 25 मार्च को विद्युत मंत्रालय के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी जिसमें कुमार को आरईसी लिमिटेड में पांच साल की अवधि के लिए निदेशक (वित्त) के पद पर नियुक्त करने की बात कही गई थी। राजेश कुमार एक अनुभवी वित्त पेशेवर हैं, जिन्हें सार्वजनिक क्षेत्र में, विशेष रूप से बिजली और अवसंरचना वित्तपोषण में 30 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। उन्हें लेखा, कराधान, लेखापरीक्षा, वित्त, परियोजना मूल्यांकन और नियामक अनुपालन में व्यापक अनुभव है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है, साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) और कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (सीएमए) के रूप में दोहरी पेशेवर योग्यताएं भी हासिल की हैं।

# फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने अपने पहले स्पेशल इन्वेस्टमेंट फंड स्ट्रेटेजी के रूप में लॉन्च किया सफायर इक्विटी लॉन्ग शॉर्ट एसआईएफ

**लखनऊ।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया ने आज अपने पहले स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड के तहत सफायर इक्विटी लॉन्ग शॉर्ट एसआईएफ लॉन्च करने की घोषणा की।



यह स्ढ्ढस्न फ्रेमवर्क के तहत एक इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड है, जो निफ्टी 500 के शेयरों में निवेश करेगा, जिससे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों में अच्छा डाइवर्सिफिकेशन मिल सके।

सफायर इक्विटी लॉन्ग शॉर्ट एसआईएफ का उद्देश्य अलग-अलग मार्केट परिस्थितियों में लंबे समय में पूंजी बढ़ाना है। इसके लिए यह एक खास मॉडल-आधारित क्वांटिटेटिव स्ट्रेटेजी का इस्तेमाल करेगा, जो अनुशासित स्टॉक चयन, सही समय पर निवेश में बदलाव यानी डायनेमिक एलोकेशन और मजबूत रिस्क मैनेजमेंट पर आधारित है।

लॉन्च के मौके पर अविनाश सतवालकर, प्रेसिडेंट, फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया ने कहा कि, आज के समय में निवेशक ऐसे बाजार का सामना कर रहे हैं जो तेजी से अलग-अलग फेज में बदलता रहता है। ऐसे में अनुशासित और लचीली निवेश रणनीतियों का महत्व और बढ़ जाता है। स्ढ्ढस्न उन निवेशकों के लिए बनाया गया है जो ज्यादा जोखिम लेने के लिए तैयार हैं। इसमें अपेक्षाकृत ज्यादा रिटर्न की संभावना होती है और यह टैक्स के लिहाज से भी फायदेमंद हो सकता है।

उन्होंने कहा कि, "SIF को पारंपरिक म्यूचुअल फंड से अलग बनाने वाली बात यह है कि यह बाजार के बदलावों का फायदा उठाने के लिए अपने कुल निवेश (नेट एसेट्स) का 25% तक शॉर्ट पोजिशन ले सकता है। इससे बाजार में गिरावट के दौरान नुकसान को कम करने में मदद मिल सकती है।

उन्होंने आगे कहा कि, सफायर इक्विटी लॉन्ग शॉर्ट एसआईएफ, फ्रैंकलिन टेम्पलटन के कई दशकों के सिस्टमेटिक और क्वांटिटेटिव निवेश अनुभव का फायदा उठाता है। हमारी खास डेटा-आधारित क्वांटिटेटिव रणनीति 40 से ज्यादा फैक्टर्स के आधार पर स्टॉक का मूल्यांकन करती है, जैसे क्वालिटी, वैल्यू, सेंटिमेंट और अन्य इंडिकेटर्स। इसके साथ ही, शॉर्ट पोजिशन के अवसर पहचानने के लिए एक अलग फ्रेमवर्क भी है। हमारा स्ढ्ढस्न एक व्यवस्थित और डेटा-आधारित क्वांटिटेटिव अप्रोच पर बना है, जो इक्विटी में निवेश के मौके पहचानता है और तय लॉन्ग-शॉर्ट स्ट्रक्चर के जरिए जोखिम को प्रभावी तरीके से मैनेज करता है।

## मार्च महीने में भारत की विनिर्माण की वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर पर, लेकिन रोजगार और निर्यात में उछाल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर अब भारत के विनिर्माण क्षेत्र पर दिखने लगा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों और मांग में अनिश्चितता के कारण मार्च महीने में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर लगभग चार वर्षों के अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च में यह सूचकांक गिरकर 53.9 पर आ गया है, जो फरवरी में 56.9 पर था। यह आंकड़ा 53.8 के प्रारंभिक अनुमान के लगभग अनुरूप ही है।

इस गिरावट का मुख्य कारण मांग का कमजोर होना है, जिसके चलते नए ऑर्डर और उत्पादन का विस्तार लगभग चार वर्षों में अपनी सबसे धीमी दर से हुआ है। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने इस स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा, पश्चिम एशिया में संघर्ष से जुड़ी बाधाएं वैश्विक अर्थव्यवस्था में गूंज रही हैं और भारतीय निर्माताओं पर भारी पड़ रही हैं। निजी क्षेत्र की ओर से की गई इस सर्वे रिपोर्ट में कुछ चिंताजनक रुझानों के साथ-साथ मजबूत बुनियादी संकेत भी सामने आए हैं-

लागत में भारी वृद्धि- एल्युमीनियम, रसायन, ईंधन और स्टील की कीमतों में तेज उछाल के कारण कंपनियों को अगस्त 2022 के बाद से सबसे भारी लागत दबाव का सामना करना पड़ा है।

इनपुट लागत में भारी वृद्धि के बावजूद, कंपनियों ने ग्राहकों पर पूरा बोझ नहीं डाला और पिछले दो वर्षों में सबसे धीमी गति से अपने बिक्री मूल्य बढ़ाए हैं।

निर्यात में मजबूती- मांग में समग्र सुस्ती के बावजूद विदेशी बाजारों से समर्थन मिला है, जिससे मार्च में निर्यात ऑर्डर उछलकर छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं।

# जेके सीमेंट ने 'गठबंधन 2026' के जरिये डीलर पार्टनरशिप को मजबूत किया, टॉप परफॉरमर्स को कारें भेंट कीं

**लखनऊ।** डीलर्स के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करते हुए जेके सीमेंट ने लखनऊ में अपने 'गठबंधन' कार्यक्रम के नए संस्करण का आयोजन किया। इस मौके पर कंपनी ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 डीलर्स को कारें भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख डीलर और चैनल पार्टनर शामिल हुए। इस दौरान जेके सीमेंट के वाइस चेयरमैन डॉ. निधिपति सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राघवपत सिंघानिया और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर श्री ए.के. सराओगी के साथ-साथ कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जेके सीमेंट के लिए 'गठबंधन' पहल एक प्रमुख प्लेटफॉर्म के रूप में उभरी है, जहां डीलर नेटवर्क के योगदान को चिह्नित और सम्मानित किया जाता है। साथ ही उत्कृष्टता का जश्न मनाते हुए दीर्घकालिक साझेदारियों को मजबूत किया जाता है। पिछले दो वर्षों में इस कार्यक्रम





के माध्यम से देशभर के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को प्रतिष्ठित टाइटेनियम और लीजेंड श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान चैनल पार्टनर्स के साथ मिलकर आगे बढ़ने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर जेके सीमेंट के वाइस चेयरमैन डॉ. निधिपति सिंघानिया ने कहा, हमारे डीलर हमेशा से जेके सीमेंट की विकास यात्रा का अहम आधार रहे हैं। 'गठबंधन' कार्यक्रम उनके समर्पण, विश्वास और उनके साथ मजबूत साझेदारी के प्रति आभार व्यक्त करने का हमारा प्रयास है। उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए हम इस रिश्ते को और मजबूत बनाना चाहते हैं। साथ ही साझा सफलता की दिशा में आगे बढ़ते रहना चाहते हैं।

जेके सीमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राघवपत सिंघानिया ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, जेके सीमेंट में हमारा मानना है कि हमारे डीलर पार्टनर हमारी सफलता और विभिन्न बाजारों में विस्तार के लिए बेहद जरूरी हैं। 'गठबंधन' कार्यक्रम उनके योगदान और उनकी उपलब्धियों का सम्मान करने के साथ-साथ हमारे संबंधों को सुदृढ़ करने का माध्यम है। हम अपने पार्टनर्स को सशक्त बनाने और पूरे देश में अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## ज़ी5 ने अपनी नई ओरिजिनल सीरीज़ 'सतरंगी बदले का खेल' की घोषणा की: इज्जत, प्यार और बदले की जबरदस्त कहानी



**नई दिल्ली।** हिंदी ज़ी5 एक नई दमदार और भावनात्मक रूप से गहन प्रतिशोध पर आधारित ड्रामा सीरीज़ सतरंगी - बदले का खेल लेकर आ रहा है। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिवेश की मुश्किल और संवेदनशील पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहाँ परंपराओं का गहरा प्रभाव है, लोगों की पहचान बार-बार परखी जाती है, और हर शांत पल के भीतर बदले की आग सुलगती रहती है। इस शो में अंशुमान पुष्कर, महवश, कुमुद मिश्रा, उपेन चौहान, सद्दाम सोफिया हुसैन, अतुल कुसुम संजय, बी. शांतनु और आमिर खान सहित कई शानदार कलाकारों की मजबूत टीम नजर आएगी। 'सतरंगी - बदले का खेल' की कहानी बाबलू महतो के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक लौंडा डांसर का बेटा है और परिस्थितियों के चलते उसे अपने पिता का पेशा अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस मजबूरी के पीछे उसके मन में न्याय पाने की तीव्र इच्छा छिपी होती है, क्योंकि बाबलू चुपचाप ताकतवर सिंह परिवार से बदला लेने की योजना बनाता रहता है। समाज के तानों, जटिल रिश्तों और भीतर सुलगते गुस्से के बीच अपनी ज़िंदगी को संभालते हुए, यह सीरीज़ सम्मान, प्रेम और प्रतिशोध की एक गहराई से बुनी हुई कहानी को दर्शाती है। सच्चाई से भरी कहानी को दमदार अभिनय के साथ पेश करते हुए, सतरंगी बदले का खेल पहचान, समाज के दबाव और बदले की कीमत जैसे अहम विषयों को दिखाती है। यह सीरीज़ उन दर्शकों के लिए बेहद दिलचस्प है, जो गहरी, भावनात्मक और ज़मीन से जुड़ी कहानियां देखना पसंद करते हैं। महवश ने कहा, मेरे लिए सतरंगी एक बिल्कुल नया और ताज़गी भरा अनुभव रहा है। शो के दमदार अंदाज़ ने मुझे अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलने और एक कलाकार के तौर पर ज़्यादा गहन और नाटकीय भूमिका निभाने का मौका दिया।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने Q1 CY26 में हासिल की 10 लाख से अधिक एसी की बिक्री कंपनी के मार्केट लीडरशिप को मिली मजबूती

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (एलजीई इंडिया) ने आज 2026 की पहली तिमाही में 10 लाख से अधिक एयर कंडीशनर की बिक्री की घोषणा की। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत में कंपनी के इतिहास में गर्मी के मौसम की सबसे तेज़ और सबसे मजबूत शुरुआत है। यह माइलस्टोन न केवल एलजीई इंडिया की काम करने की बेहतरीन क्षमता और सप्लाई चेन की तेज़ी को दिखाती है, बल्कि भारत के तेज़ी से बढ़ते और कड़े मुकाबले वाले एयर कंडीशनर बाज़ार में एक मज़बूत लीडर के रूप में इसकी स्थिति को भी मजबूत करता है।

इस उपलब्धि का एक मुख्य चालक सीजन से काफी पहले अपने नए बीईई स्टार-रेटेड अनुपालन वाले एसी लाइन-अप को लॉन्च करने के संबंध में एलजीई इंडिया का फर्स्ट-मूवर लाभ था, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि खुदरा भागीदार और ग्राहक बिना किसी बाधा के बेहतर, ऊर्जा-कुशल उत्पादों को सहजता से अपना सकें। इसके पूरक के रूप में,



आईसीसी विश्व कप के दौरान एलजीई इंडिया के मार्केटिंग अभियान ने बड़े पैमाने पर शानदार पहुंच और उपभोक्ता जुड़ाव भी प्रदान किया, जिससे अभूतपूर्व ब्रांड प्रमुखता और खरीदारी की इच्छा बढ़ी।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बात करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री होंग जू जियोन ने कहा, एक ही तिमाही में 10 लाख एसी की बिक्री का आंकड़ा पार करना केवल एक व्यावसायिक माइलस्टोन नहीं है यह उस भरोसे का एक शक्तिशाली प्रमाण है जो लाखों ग्राहक हर दिन एलजी पर रखते हैं। भारत वैश्विक स्तर पर एलजी के सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, और यह परिणाम हमारे ग्राहकों, हमारे भागीदारों और भारत के सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की गहराई को दर्शाता है। हम नवाचार, वितरण, स्थानीयकरण में भारी निवेश कर रहे हैं, और मेक इन इंडिया पहल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए श्री सिटी में अपनी एसी विनिर्माण सुविधा का विस्तार कर रहे हैं।

इसमें जोड़ते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के डायरेक्टर और को-चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर, श्री संजय चितकारा ने कहा, इस गति को आगे बढ़ाते हुए, हम घरेलू और वैश्विक ग्राहकों के लिए तैयार किए गए उन्नत, ऊर्जा-कुशल कूलिंग समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एनर्जी मैनेजर प्लस, बेहतर क्षमता और अधिक व्यापक पोर्टफोलियो के साथ हमारी प्रीमियम एसी रेंज विभिन्न वर्गों के भारतीय ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करती है। हम अपनी पहली तिमाही के एसी प्रदर्शन से अत्यधिक उत्साहित हैं और एसी पर जीएसटी कटौती की मदद से 2026 की दूसरी तिमाही में मजबूत मांग की उम्मीद करते हैं।

इस रिकॉर्ड प्रदर्शन का आधार एलजीई इंडिया की विविध पोर्टफोलियो रणनीति है, जिसे प्रत्येक भारतीय घर के लिए डिज़ाइन किया गया है। तिमाही के दौरान, एलजी ने अपने एसी लाइन-अप को काफी व्यापक बनाया।

## टाटा मोटर्स ने मार्च 2026 में बेची 66,971 यूनिट्स गाड़ियां

**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज कार निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने मार्च 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी पैसेंजर व्हीकल बिक्री में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की है. टाटा मोटर्स कंपनी की गाड़ियों की मजबूत मांग, खासकर इलेक्ट्रिक और सीएनजी सेगमेंट में, इस ग्रोथ की बड़ी वजह रही है।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने मार्च 2026 में कुल 66,971 यूनिट्स गाड़ियों की बिक्री की, जो पिछले साल मार्च 2025 के 51,872 यूनिट्स गाड़ियों के मुकाबले 29 प्रतिशत ज्यादा है. घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री 66,192 यूनिट्स रही है, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 51,616 यूनिट्स थी यानी घरेलू बिक्री में करीब 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मार्च 2026 में टाटा मोटर्स ने 779 यूनिट्स गाड़ियों की बिक्री विदेशों में की है, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा सिर्फ 256 यूनिट्स का था यानी इसमें तीन गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है।

टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक व्हीकल यानी ईवी बिक्री में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिला है. मार्च 2026 में कंपनी ने 9,494 ईवी बेचीं हैं, जो पिछले साल के 5,353 यूनिट्स के मुकाबले 77 प्रतिशत ज्यादा है।

पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में टाटा मोटर्स ने कुल 6,41,587 यूनिट्स की बिक्री की है. वहीं वित्त वर्ष 2025 में यह 5,56,263 यूनिट्स थी यानी सालाना आधार पर कंपनी ने 15 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की है.

टाटा मोटर्स के एमडी और सीईओ शैलेश चंद्रा के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 टाटा मोटर्स के लिए एक अहम साल रहा है, जिसमें कंपनी ने अब तक की सबसे ज्यादा सालाना बिक्री हासिल की और इंडस्ट्री में दूसरा स्थान भी पाया है. उन्होंने बताया कि SUV, CNG और EV सेगमेंट में बढ़ती मांग आगे भी ग्रोथ को बढ़ावा देगी।

# झूले का पिलर गिरने से 18 लोग घायल, कई गंभीर

- खड्डा थाना क्षेत्र के भैंसहां गांव का मामला

अवधनामा ब्यूरो


झूले के मलबे में दबे लोगों को रेस्क्यू करते लोग

**कुशीनगर।** चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित भैसहा गांव के देवी मंदिर मेले में बुधवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। मनोरंजन के लिए लगाए गए झूले का पिलर अचानक गिर जाने से झूले पर सवार लोगों समेत आसपास मौजूद लोग उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में कुल 18 लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार खड्डा कस्बे से भैसहा तक चार दिवसीय मेले के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। श्रद्धालु पैदल, बस और निजी वाहनों से देर रात तक पहुंचते रहे, क्योंकि गुरुवार की सुबह पवित्र नारायणी नदी में स्नान करने की परंपरा है। इसी दौरान देर रात करीब 12 बजे कुछ लोग झूले का आनंद ले रहे थे। बताया जा रहा है कि झूला पहले चक्कर में ही कुछ अनियंत्रित हो गया था। दूसरे चक्कर के दौरान झूले से खट-खट की आवाज आने लगी। झूले पर बैठे लोगों ने ऑपरेटर को इसकी जानकारी भी दी, लेकिन शोरगुल के बीच उसने इसे नजरअंदाज कर दिया। थोड़ी ही देर बाद तेज आवाज के साथ झूले का पिलर उखड़कर गिर पड़ा। पिलर गिरने से झूले पर सवार लोग और पास में सो रहे कुछ लोग उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुर्कहा पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक विवेकानंद पांडेय मौके पर पहुंचे और घायलों के उपचार में मदद की। उन्होंने आंशिक रूप से घायल लोगों को अपने वाहन से उनके घर भी भिजवाया।

घायलों में बैजू गुप्ता, लालू गुप्ता, गिरजा देवी, सृष्टि, संदीप यादव, मीरा यादव, सोनी यादव और रम्भा की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं रोहित राव, अमन, विष्णु साहनी, पूनम, अमन, गिरधारी, रामनाथ, शांति, खुशबू और गुड़िया का उपचार सीएचसी तुर्कहा में चल रहा है। हादसे के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह मुस्तैद रही।

एसडीएम रामवीर सिंह और सीओ वीरेंद्र सिंह देर रात तक अस्पताल में मौजूद रहकर घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाने की व्यवस्था करते रहे। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि झूले के संचालन की अनुमति ली गई थी, लेकिन हादसे के बाद झूला संचालक मौके से फरार हो गया। उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मनरेगा से बन रहे आरसीसी निर्माण में अनियमितता का आरोप

**मथौली, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत बेलवा सुदामा में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे आरसीसी निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का मामला सामने आया है। गांव निवासी अमरजीत यादव ने खंड विकास अधिकारी मोतीचक को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत में लाखों रुपये की लागत से आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, जो अजय सिंह के घर से स्माइल के घर तक कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है और मोरंग बालू की जगह लाल मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि ग्राम सभा में कराए गए सभी निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार सामने आ सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# तेज रफ्तार बनी मौत की वजह, स्थानीय लोग व प्रशासन ने संभाला मोर्चा

- हादसे के बाद मच गई चीख-पुकार, घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े ग्रामीण

अवधनामा संवाददाता


घायलों का सीएचसी तुर्कहां में चल रहा इलाज

**खड्डा, कुशीनगर।** खड्डा थाना क्षेत्र में बुधवार की रात श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलट जाने से दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार में चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 24 श्रद्धालु सवार थे। वाहन की रफ्तार काफी तेज बताई जा रही है। अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ने से ट्रैक्टर-ट्रॉली सिसवा गोपाल गांव के टोला सीसई नहर के पास पलट गई, जिससे कई लोग ट्रॉली के नीचे दब गए। हादसे के दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने ट्रॉली से कूदकर अपनी जान बचा ली, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दर्दनाक हादसे में तीन महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मृतक सभी महिलाएं महराजगंज जनपद के घुघली थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव की निवासी बताई जा रही हैं। सभी लोग चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर नारायणी नदी में स्नान करने जा रहे थे। हादसे के बाद क्षेत्र में चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए और ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को तत्काल सहायता पहुंचाई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली की तेज रफ्तार बताया जा रहा है, हालांकि प्रशासन अन्य पहलुओं की भी जांच कर रहा है। इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

# राम नाम की गूंज के बीच श्रीराम कथा का भव्य विश्राम

- श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्ति और उल्लास में झूमे श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता


अंतिम दिन आशीर्वाद लेते अभिप्रियम ग्रुप के चेयरमैन अभिषेक मिश्र

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में श्रीहनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित नव दिवसीय श्रीराम कथा का गुरुवार को भव्य और श्रद्धामय वातावरण में सकुशल विश्राम हुआ। कथा के अंतिम दिन अयोध्या धाम से पधारीं मानस मर्मज्ञ कथा वाचिका साध्वी स्मिता दीदी ने भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की मार्मिक कथा का रसपान कराते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

साध्वी जी ने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन केवल एक कथा नहीं, बल्कि आदर्शों, मर्यादा और कर्तव्य पालन की सर्वोत्तम शिक्षा है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का राज्याभिषेक केवल अयोध्या का उत्सव नहीं था, बल्कि धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना का प्रतीक है, जो आज के समाज के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। कथा विश्राम के उपरांत श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया। भक्ति गीतों और भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे। 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। हर ओर श्रद्धा, उल्लास और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ अभिप्रियम ग्रुप के चेयरमैन अभिषेक मिश्र द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय की चुनौतियों और भागदौड़ भरी जिंदगी में श्रीराम कथा हमें आत्मिक शांति और सही मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाएं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

इस नौ दिवसीय कथा ने न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई। कथा का यह आयोजन निश्चित ही लोगों के जीवन में प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# मलेरिया अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई संवेदीकरण बैठक

बृजेश कुमार शुक्ल



**बस्ती।** विकासखंड बस्ती सदर के सभागार में दस्तक संचारी रोग अभियान अप्रैल 2026 की संवेदीकरण बैठक जिला मलेरिया अधिकारी राजेश दुबे की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को संचारी रोग अभियान के उद्देश्य और क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। संचारी रोग अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए जिला मलेरिया अधिकारी राजेश दुबे ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया कि मस्तिष्क ज्वर रोग की रोकथाम के लिए एक समय स्वास्थ्य विभाग की तरफ से संचारी रोग अभियान की शुरुआत की गई थी इसी के बाद से प्रतिवर्ष संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है इस समय स्वास्थ्य विभाग के अलावा 12 अन्य विभाग भी इसमें लगाए गए हैं दस्तक के तहत घरों पर जीरो से 16 वर्ग आयु 16 वर्ष के आयु के बच्चों के घरों पर स्टिकर लगाए जाते हैं उन्होंने बताया किसके पीछे यह पाया गया था कि जो मस्त जो भी मृत्यु हुई थी उसमें से जो है 60% बच्चे इसी आयु वर्ग के थे। इस दौरान उन्होंने आशा कार्यकत्रियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अभियान की जानकारी भी ली।

बैठक के दौरान रविंद्र चौधरी डी.सी. अखिलेश त्रिपाठी, अविनाश श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, नीतू सिंह पूनम सिंह,सीमा कैसर जहां आदि उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव में 'युद्ध के समय में बुद्ध की प्रासंगिकता' पर मंथन

- महापरिनिर्वाण मंदिर परिसर में आयोजित पैनल चर्चा में देश-विदेश के विद्वानों ने रखे विचार

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव-2026 के तृतीय दिवस पर महापरिनिर्वाण मुख्य मंदिर परिसर में 'युद्ध के समय में बुद्ध की प्रासंगिकता' विषय पर एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए विद्वानों, बौद्ध भिक्षुओं, शोधकर्ताओं और चिंतकों ने सहभागिता करते हुए वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और अहिंसा के सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने कहा कि आज जब विश्व विभिन्न प्रकार के संघर्षों और युद्ध जैसी परिस्थितियों से गुजर रहा है, ऐसे समय में भगवान बुद्ध का मध्यम मार्ग, सहिष्णुता और संवाद की भावना मानवता को नई दिशा प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि बुद्ध के उपदेश केवल आध्यात्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और वैश्विक शांति की स्थापना में भी अत्यंत उपयोगी हैं। युद्ध जैसी परिस्थितियों में संवाद, धैर्य और करुणा के मार्ग को अपनाकर स्थायी समाधान प्राप्त किया जा सकता है। परिचर्चा के दौरान इस बात पर भी विशेष बल दिया गया कि भगवान बुद्ध का दर्शन आज भी विश्व में शांति, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं ने विषय के प्रति गहरी रुचि दिखाई तथा सत्र के अंत में प्रश्नोत्तर के माध्यम से अपने विचार साझा किए। यह सत्र कॉन्क्लेव के प्रमुख आकर्षणों में से एक रहा। इस अवसर पर फाजिलनगर के विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में सभी आगंतुकों, विद्वानों और श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# मार्च क्लोजिंग का 'बजट खेल': कई विभाग नहीं खर्च कर पाए पैसा, लाखों-करोड़ों रुपये लौटाने पड़े

अवधनामा ब्यूरो

- वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन ट्रेजरी में देर रात तक बिलों की जांच
- जिला पंचायत को सरेंडर करनी पड़ी राशि

**कुशीनगर।** वित्तीय वर्ष 2026 के अंतिम दिन मंगलवार को ट्रेजरी कार्यालय में मार्च क्लोजिंग को लेकर देर रात तक हलचल बनी रही। बिल वाउचर के मिलान और भुगतान के लिए कर्मचारियों को देर रात तक काम करना पड़ा। कई विभागों ने अंतिम समय तक कर्मचारियों के वेतन, एरियर और योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में धनराशि भेजकर बजट खर्च करने की कोशिश की। इसके बावजूद कई विभाग ऐसे रहे जो पूरे साल मिला बजट खर्च नहीं कर सके। सबसे अधिक बचत जिला विद्यालय निरीक्षक (माध्यमिक शिक्षा) विभाग में रही, जिसकी बची हुई राशि जिला पंचायत को सरेंडर करनी पड़ी।

एक अप्रैल से 31 मार्च तक चलने वाले वित्तीय वर्ष के समापन को लेकर विकास भवन, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित कई कार्यालयों में देर रात तक बिलों का सत्यापन और भुगतान का काम चलता रहा। कोषागार कार्यालय के कर्मचारी भी विभागों के बिलों की जांच और बचत खातों के सत्यापन में जुटे रहे। आंकड़ों के अनुसार मेडिकल कॉलेज को मिले बजट में से करीब 67.82 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 96.89 लाख रुपये बचत में रहे। पीडब्ल्यूडी विभाग ने लगभग 2.58 अरब रुपये खर्च किए और करीब 15.87 लाख रुपये बचत में चले गए। इसी तरह पुलिस विभाग ने करीब 2.84 अरब रुपये खर्च किए, जबकि लगभग 5.87 लाख रुपये बचत में रहे। विकास विभाग ने 56.69 करोड़ रुपये खर्च किए और 1.63 लाख रुपये बचत में रहे। कृषि विभाग ने करीब 5.58 लाख रुपये खर्च किए, जबकि 28.71 लाख रुपये बचत खाते में चले गए। आबकारी विभाग ने 3.28 करोड़ रुपये खर्च किए और 9.69 लाख रुपये बचत में रहे।

## वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 3 शातिर गिरफ्तार

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज पुलिस ने वाहन चोरी गैंग का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल, 620 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद करने के बाद विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा जिले में चोरी, लूट एवं नकबजनी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में यह कार्रवाई की गई है। इस पूरे ऑपरेशन में कस्बा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक महेश मिश्रा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही। उनकी सतर्कता, सक्रियता और सटीक सूचना संकलन के चलते पुलिस टीम ने चोरी के इस गिरोह का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस टीम ने कुटिया माई मंदिर, हरिहरपुर स्थित आम के बगीचे के पास छापेमारी की, जहां से तीनों अभियुक्त आकाश कुमार पुत्र मदन भारती निवासी पगरा वंसतपुर, विवेक कुमार पुत्र मनोज प्रसाद निवासी पड़री विशुनदयाल तथा मनीष पटेल पुत्र रमेश पटेल निवासी लवनिया को गिरफ्तार किया गया।

# श्री हनुमानजी के जन्मोत्सव पर जिले में हुए विविध कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिले में गुरुवार को चैत्र मास की पूर्णिमा पर घर घर श्री हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया गया।वहीं जगह जगह हनुमान गढ़ी मन्दिरों पर भव्य कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है और पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।

सुबह से ही हनुमान मंदिरों में विशेष सजावट के साथ हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है।नगर स्थित श्री देवीपाटन मंदिर से विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में बाबूगंज सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी अभय चैतन्य मौनी महाराज की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा ने नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा में भक्तों का उत्साह चरम पर दिखा जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। ककवा रोड पर पूरनबाबा धाम पर श्री रामचरित मानस पाठ के बाद गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।आजाद नगर कोरारी गिरधर शाह स्थित हनुमानजी के मन्दिर पर सुन्दर कांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। गढ़ामाफी टीकरमाफी आश्रम गौरीगंज सहित विभिन्न क्षेत्र में स्थित हनुमानगढ़ी मंदिरों पर श्रद्धालु विधि विधान से हनुमान जी का पूजन अर्चन किये।जगह जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# सेमीफाइनल में बसंतपुर व गोबरही की धमाकेदार जीत

- चार दिवसीय श्री अंजनीसुत रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा दिन

अवधनामा संवाददाता



**सेवरही, कुशीनगर।** यज्ञ समिति राजापाकड़ धाम की क्रिकेट समिति के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय श्री अंजनीसुत रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबले एकतरफा रहे। अरुण इलेवन बसंतपुर व डब्ल्यू इलेवन गोबरही ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने अपने मैच जीतकर फाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया।

पहले सेमीफाइनल में अरुण इलेवन बसंतपुर ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी व शुरुआत से ही विरोधी टीम पर दबाव बना दिया। दीपक इलेवन बभनौली की पूरी टीम छह ओवर में पांच विकेट पर महज 26 रन ही बना सकी। जवाब में उतरी बसंतपुर की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पांचवें ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान अरुण ने सात गेंद में 12 रन की तेज पारी खेली व गेंदबाजी में भी दो ओवर में चार रन देकर एक विकेट लिया। उनके हरफनमौला प्रदर्शन पर उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में डब्ल्यू इलेवन गोबरही ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। तिरमासाहुन की टीम निर्धारित आठ ओवर में सभी विकेट खोकर 44 रन ही बना सकी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पगार, वि.खं. कप्तानगंज , बस्ती

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत पगार द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त /केन्द्रीय वित्त / वी0 बी0 जी0 राम जी0/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान / स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण/एस0एल0डब्लू0एम0/ सांसद निधि/विधायक निधि/अन्त्येष्टि स्थल का विकास/ मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 40 एम0एम0, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी0आई0 शीट, हयूम पाइप 250 एम0एम0 व्यास से 900 एम0एम0 व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, जी सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत पगार के निविदा बाक्स में दिनांक 13-04-2026 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा 16-4-2026 को अपरान्ह 03:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके 02 प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत पगार में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर धनराशि मु0 5000-00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 02-04-2026 से दिनांक 13-04-2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम व शर्ते:-**

1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2- आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3- कार्यालय ग्राम पंचायत मनहनडीह द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4- सामग्री/ उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत पगार की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई दुलाई व्यय देय नहीं होगी।
5- जो दरें प्रस्तुत की जाय जी0एस0टी0 तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7- सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढाई जा सकती है।
8- प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9- आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी0एस0टी0 काटी जायेगी।
10- धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ0डी0आर0 पत्र/एन0एस0सी/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत पगार के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11- आपूर्ति दर स्वीकृत्त होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12 -ग्राम प्रधान/सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक/तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13- आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर0ई0डी0/अवर अभियन्ता/कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14- निविदा फार्म ग्रांम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15- सामग्री/ उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(मालती देवी)**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत- पगार**

पत्रांकः मेमो/टेण्डर विज्ञप्ति//2026-27 दिनांक - 02.04.2026

**(प्रिया सिंह)**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत- पगार**

## सड़क किनारे मिला युवक का शव

**मुंशीगंज (अमेठी)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जामों-भादर मार्ग पर गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान हृदय राम चौहान उम्र 40 वर्ष निवासी शिवगंज घाटमपुर के रूप में हुई है।घटनास्थल पर उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी मिली। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं जिससे हादसे की आशंका जताई जा रही है। परिजनों के अनुसार वह टिकरी से देर रात घर लौट रहा था। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मनहनडीह, विकासखंड बस्ती सदर, बस्ती**

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 2 अप्रैल 2026 को प्रकाशित कार्यालय ग्राम पंचायत मनहनडीह, विकासखंड बस्ती सदर, बस्ती के विज्ञापन मनरेगा की वी बी जी राम जी पढ़ा जाए।

# सेंट जेवियर्स स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

- टॉपर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**सेवरही, कुशीनगर।** सेंट जेवियर्स स्कूल सेवरही में गुरुवार को वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्षिक सत्र का समापन करते हुए सभी विद्यार्थियों को उनकी अंक तालिका वितरित की गई। कक्षा प्रोन्नति के साथ ही छात्रों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्तीर्ण सैकड़ों छात्र छात्राओं को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस दौरान शत-प्रतिशत उपस्थिति, स्टार चाइल्ड, बेस्ट हैंडराइटिंग, बेस्ट असेंबली, बेस्ट डिसिप्लिन सहित कई वर्गों में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। वहीं उनके अभिभावकों को भी सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट जेवियर्स स्कूल, रुद्रपुर के शाखा निदेशक रौशन अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी सफलता का श्रेय अभिभावकों को दिया। वहीं रुद्रपुर शाखा के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के शाखा निदेशक रणवीर जायसवाल ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों के आचरण में नैतिक मूल्यों का समावेश करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजत तिवारी ने बताया कि संस्था कौशल आधारित शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा दे रही है, जिससे शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के व्यवहार और कार्यशैली में परिलक्षित हो।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। अंत में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अभिभावकों से संवाद कर नए शैक्षणिक सत्र की जानकारी दी, जो शनिवार से प्रारंभ होगा।

## डॉ अम्बेडकर स्टेडियम में तरणताल का हुआ शुभारम्भ

**अमेठी।** उपक्रीड़ाधिकारी मोहम्मद मोसर्रफ खॉ ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्मित तरणताल का संचालन विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री विषुव मिश्रा द्वारा पूजन दीप प्रज्वलित कर एवं नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद के इच्छुक पुरुष/महिला वर्ग एवं बालक/बालिका वर्ग के खिलाड़ी तरणताल के लिए जिला खेल कार्यालय अमेठी से आवेदन फार्म प्राप्त कर पंजीकरण करा सकते हैं जिसके अन्तर्गत पूरे वर्ष के लिए तरणताल में प्रवेश हेतु 18 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिका वर्ग खिलाड़ियों का शुल्क रू0 200/- प्रतिमाह प्रतिघण्टा एवं रू0 10/- फार्म शुल्क एवं रू0 25/- आई0 कार्ड एवं रु0 1000/- प्रोत्साहन समिति शुल्क तथा तरणताल में प्रवेश हेतु 18 वर्ष से ऊपर आयु के पुरुष/महिला वर्ग खिलाड़ियों का शुल्क रु0 600/- प्रतिमाह प्रतिघण्टा एवं रू0 10/- फार्म शुल्क एवं रू0 25/- आई0 कार्ड एवं रु0 1000/- प्रोत्साहन समिति शुल्क भुगतान करना होगा।

# डॉ. अम्बेडकर ने हर व्यक्ति को स्वाभिमान के साथ खड़ा करने के लिए किया संघर्ष : ज्ञानेंद्र

■ दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया ने मनाया महाड़ चोबदार तालाब सत्याग्रह दिवस



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में गुरुवार को दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में महाड़ चोबदार तालाब सत्यागृह तथा संविधान निर्माता डॉ. बी. आर. अम्बेडकर को 31 मार्च 1990 में भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किए जाने की स्मृति में एक समारोह का आयोजन किया गया विकासखंड ददरौल के ग्राम सभा शहबाज़नगर मोहल्ला नई बस्ती में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तथागत बुद्ध व डॉ. अम्बेडकर के चित्रों पर पुष्पांजलि के उपरांत पूज्य भिक्षुसंघ द्वारा उपस्थित लोगों को तिसरण एवं पंचसील प्रदान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने 20 मार्च 1927 को महाराष्ट्र के महाड़ स्थित चोबदार तालाब से पानी पीने का अधिकार दिलाए जाने के लिए किए गए डा. भीमराव अंबेडकर के सत्याग्रह को याद किया और इस पर प्रकाश डाला इस दौरान कानपुर के डिप्टी सीएमओ ओ. पी. गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबासाहेब ने संविधान के माध्यम से देश की सम्पूर्ण व्यवस्था को लोकतान्त्रिक ढंग से संचालित करने का मार्ग प्रशस्त किया। उद्घाटक सोसाइटी के पश्चिमी प्रान्त के अध्यक्ष रामसेवक गौतम ने अपने संबोधन में दोनों महत्वपूर्ण अवसरों को याद कर डॉ. अम्बेडकर की योग्यता और दृढ विश्वास को उनकी महानता मूल कारण बताया। अनुसूचित जाति एवं जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि भारत सरकार द्वारा डॉ. अम्बेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से विभूषित करना उनके सामाजिक योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है। विशिष्ट अतिथि कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने कहा कि मानवता की रक्षा को अपने जीवन का उद्देश्य मानने वाले डॉ. अम्बेडकर ने हर व्यक्ति को स्वाभिमान के साथ खड़ा करने के लिए आजीवन संघर्ष किया और उनके द्वारा सामाजिक एकता के लिए किए गए संघर्ष आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम के दौरान रामसागर यादव, बाबू भगवंतराम, अजय वर्मा, मातादीन वर्मा, गियारी लाल, बहादुर लाल आजाद, बृजेश वर्मा, तोताराम बौद्धाचार्य, सत्यपाल वर्मा, केदारनाथ टंडन, विक्रम सिंह, अमित कुमार आजाद, मोनू भारती, राजेश्वर सिंह जाटव, मुरारीलाल भास्कर, जगदीश प्रसाद, हरिश्चंद्र वर्मा, सुनील कुमार, गजेंद्र सिंह यादव आदि ने समारोह को सम्बोधित किया। इस अवसर पर वीरेंद्र पाल, अमित बाल्मीकि, विनोद सम्राट, दिनेश चंद्र गौतम, हरीश जी, जय सिंह, अखिलेश गौरव सहित क्षेत्र के तमाम पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# ग्राम सभा की जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा, उच्च न्यायालय में शिकायत

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** तहसील कादीपुर के ग्राम नारा मधईपुर में ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर भू-माफिआओं ने कब्जा कर लिया है। आरोप है कि यह कब्जा लेखपाल के संरक्षण में हुआ, जबकि स्थानीय प्रशासन 'जीरो टॉलरेंस' नीति का दावा कर रहा है। न्याय न मिलने पर प्रार्थी परेशान होकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नारा मधईपुर की ग्राम सभा की जमीन पर कुछ भूमाफिआ तत्वों ने अवैध कब्जा कर लिया। कब्जा करने वाले लेखपाल की मिलीभगत से काम कर रहे थे। स्थानीय स्तर पर शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रार्थी ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाई। लेकिन हर बार उन्हें टाला गया। परेशान होकर प्राथी को अंततः उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर न्याय की गुहार लगानी पड़ी। प्रार्थी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करते हुए कहा कि लेखपाल के संरक्षण में भू-माफिआओं ने ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा कर रखा है। स्थानीय प्रशासन जीरो टॉलरेंस की नीति का दिखावा तो कर रहा है, लेकिन जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। मैं परेशान होकर उच्च न्यायालय पहुंचा हूं। स्थानीय स्तर पर इस मामले को लेकर ग्रामीणों में भी रोष है। कई लोगों का कहना है कि अगर लेखपाल और भू-माफिआओं के गठजोड़ पर अंकुश नहीं लगा तो ग्राम सभा की सारी जमीनें निजी कब्जे में चली जाएंगी। लेकिन ग्राम नारा मधईपुर का यह मामला स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करता नजर आ रहा है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत अमदहाँ, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027

दिनांक : 02/04/2026

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 03-04-2026 से 09-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 10-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैर्क्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**दुर्गा प्रसाद यादव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. अमदहाँ, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**सरिता मौर्या**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. अमदहाँ, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत चकताली, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027

दिनांक : 02/04/2026

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 03-04-2026 से 09-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 10-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैर्क्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ललिता यादव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. चकताली, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**नगेन्द्र सिंह**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. चकताली, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत वैजावाध, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027

दिनांक : 02/04/2026

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 03-04-2026 से 10-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 11-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैर्क्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**रमेश चौहान**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. वैजावाध, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**नगेन्द्र सिंह**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. वैजावाध, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत चक पहलवान ताहिर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027

दिनांक : 02/04/2026

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 03-04-2026 से 11-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 13-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैर्क्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**मंजू सोनकर**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. चक पहलवान ताहिर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**नगेन्द्र सिंह**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. चक पहलवान ताहिर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# अर्चना मैमोरियल के वार्षिक उत्सव में महाभारत और देशभक्ति की गूंज

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज का वार्षिक समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि डा.आनन्द, विशिष्ट अतिथि डा.विकास यादव और विद्यालय के चेयरमैन डा.विवेक यादव द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां का जादू समारोह का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कार्यक्रम रहें। विद्यार्थियों ने देशभक्ति नृत्य के माध्यम से पूरे प्रांगण का राष्ट्रप्रेम के रंग में सराबोर कर दिया वही, महाभारत के प्रसंगों पर आधारित सजीव मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत मटकी डांस की मासूमियत ने सभी का दिल जीत लिया। आत्मरक्षा और

**छात्र-छात्राओं ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा**

कौशल का प्रदर्शन शिक्षा और कला के साथ-साथ शरतीय दक्षता का परिचय देते हुए छात्र-छात्राओं ने मार्शल आर्ट का हैरत अंगेज प्रदर्शन किया। आत्मरक्षा की तकनीकों और साहसिक करतबों को देखकर उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में विद्यालय की प्रधानाचार्या असरा अहमद ने बड़े गर्व के साथ विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं की सफलताओं का विवरण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि विद्यालय के कई छात्रों का चयन IIT JEE MAINS और JEE ADVANCE जैसी इंजीनियरिंग परीक्षाओं में हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और अर्ध.शहरी परिवेश से



निकलकर इन ऊंचाइयों को छूना यह दर्शाता है कि प्रतिभा किसी सुख.सुविधा की मोहताज नहीं होती। हमारा लक्ष्य हर छात्र को उनके सपनों की उड़ान भरने के लिए तैयार करना है। मुख्य अतिथि डॉ आनन्द का छात्र-छात्राओं को संदेश छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा आनन्द ने कहा कि सफलता का कोई शार्ट कट नहीं होता। आज के दौर में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। चेयरमैन डॉ.विवेक यादव का अभिभावकों को संबोधन-विद्यालय के चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में स्कूल और परिवार दोनों की बराबर की भागीदारी होती है। आप बच्चों पर केवल अंकों का दबाव न डालें, बल्कि उनकी रूचि को पहचानें और उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाएं। विद्यालय प्रशासन हर कदम पर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि डा.आनंद ने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षा जगत की प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति समारोह में क्षेत्र के प्रतिष्ठित षिक्षाविदों ने अपनी उपस्थिति कार्यक्रम की षोभा बढ़ाई। अतिथियों में एस एम जी आई रुप की चेयरपर्सन डॉ प्रीति यादव, सुदिति ग्लोबल औरैया की डायरेक्टर नीलम आनंद, डी पी एस की प्रधानाचार्या भावना सिंह, ज्ञान मन्दिर इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या रितु यादव और सेंट विवेकानंद (नुमाइश चौराहा) की प्रधानाचार्या सोनम सिंह विषेष रूप से सम्मिलित रहीं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी नवागत अतिथियों का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या असरा अहमद ने मुख्य अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ इस यादगार समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद फैजान द्वारा किया गया।

## वैदिक परंपरा के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

इटावा। एमनीव विज़न स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय एवं आध्यात्मिक वातावरण में गायत्री महायज्ञ एवं पूजन के साथ किया गया। विद्यालय परिसर वैदिक मंत्रों की मधुर ध्वनि से गुंजायमान हो उठा, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। इस पावन अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ. विकास यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सलिल यादव, डायरेक्टर डॉ.शाहिनी यादव, हर्षिता यादव, प्रधानाचार्य पंकज शर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी मोहम्मद आरिफ़ सहित समस्त शिक्षकगण ने विधि-विधान से यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित कर नए सत्र की मंगलकामना की। विद्यालय प्रबंधन ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के विकास का आधार भी है।

## इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में 30 छात्र हुए चयनित

**शिकोहाबाद।** एफएस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा डिप्लोमा छात्रों के लिए आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव का सफल समापन हुआ। इस ड्राइव में लक्ष्मी रिमोट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 30 छात्रों का चयन किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो शैक्षणिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच सेतु का कार्य करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रति कुलाधिपति डॉ योगेश यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के करियर को आकार देने में उनका सहयोग करता रहेगा। ट्रस्टी डॉ राहुल यादव, डॉ नितिन यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज, महानिदेशक डॉ अभिनव श्रीवास्तव और इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष कोणार्क सक्सेना ने भी सभी चयनित छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सच से किनारा या 'गांधी जी' का सहारा

**सिटी टॉवर मामले में फर्जी गवाहों के साथ निस्तारण पर उठे सवाल**

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** शहर के एस.एन. रोड स्थित दाऊजी मिष्ठान भंडार के सामने बन रही सिटी टॉवर बिल्डिंग को लेकर विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि अवैध निर्माण पर कार्रवाई से बचने के लिए विभागीय अधिकारी अब फर्जी गवाहों का सहारा ले रहे हैं।

शिकायतकर्ता द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत के निस्तारण में जो आख्या सामने आई है, उसमें मौके के निरीक्षण के दौरान सुनील कुमार और जय प्रकाश को गवाह बताया गया है। लेकिन मामला तब गरमा गया जब कथित गवाह सुनील ने फोन पर साफइनकार कर दिया कि वह कभी मौके पर मौजूद था ही नहीं। शिकायतकर्ता के पास इस बातचीत की रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब गवाह खुद ही मौके पर मौजूद होने से इनकार कर रहा है, तो फिर विकास प्राधिकरण की आख्या में उसका नाम और मोबाइल नंबर कैसे दर्ज कर दिया गया ? क्या यह सिर्फ कागजों में कार्रवाई दिखाने का खेल है ? बताते चले कि जिन दोनों व्यक्तियों को गवाह बनाया गया है, वे खुद विकास प्राधिकरण में सुपरवाइजर पद पर कार्यरत हैं। ऐसे में विभागीय मिलीभगत और सेटिंग के आरोप और भी मजबूत हो जाते हैं। इतना ही नहीं, शिकायतकर्ता से बिना कोई राय लिए ही उसे निस्तारण से असंतुष्ट घोषित कर दिया गया, जो जनसुनवाई प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सीधा सवाल है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या अवैध निर्माण बचाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी अपनी नौकरी तक दांव पर लगाने को तैयार हैं ? या फिर सिटी टॉवर के सामने नियम-कानून बौने साबित हो रहे हैं ? शिकायतकर्ता ने मामले की उच्च स्तरीय जांच, दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई और अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला प्रशासन की साख पर बड़ा धब्बा बन सकता।

# 488 ग्राम गांजा सहित एक पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त रिहान उर्फटाटा को 488 ग्राम गाँजा (मादक पदार्थ) सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अवैध मादक पदार्थो की बिक्री की रोकथान हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन व चैकिंग एच.एस के दौरान अभियुक्त रिहान उर्फटाटा पुत्र नसरुद्दीन निवासी काली माता मन्दिर वाली गली 60 फुटा रोड कश्मीरी गेट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद को जगदम्बा भट्टे के पास खाली पडी जमीन मोती नगर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 488 ग्राम गाँजा नाजायज बरामद किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना रसूलपुर पर अभियुक्त रिहान उर्फ टाटा उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 160/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त रिहान उर्फटाटा उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 प्रदीप कुमार, उ0नि0 निशान्त कुमार, है0का0 623 पुष्पेन्द्र सिंह, है0का0 712 शैलेन्द्र सिंह, है0का0 1053 अनुज कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# बिलग्राम में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** बिलग्राम क्षेत्र के ग्राम दिवाली में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा गांव की महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर चौपाल लगाई गई, जिसमें उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को पंपलेट वितरित करते हुए हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1930, 181, 108 और 102 के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। बालिकाओं को विशेष रूप से गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया गया, जिससे वे अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रह सकें। इसके अलावा साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए महिलाओं और बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के उपाय बताए गए तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा। साथ ही उन्हें आत्मरक्षा के सरल उपाय भी सिखाए गए, जिससे वे किसी भी आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें।

इस मौके पर हेड कांस्टेबल रंजीत कुमार, कांस्टेबल श्रवण कुमार, महिला आरक्षी आरती एवं सीमा मौजूद रहीं और उन्होंने महिलाओं को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# फिरोजाबाद में अवैध तमंचों की बाढ़! आखिर कहां बन रहे हैं ये हथियार

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जनपद में अवैध हथियारों की बरामदगी लगातार बढ़ती जा रही है। ताजा मामले में थाना रसूलपुर पुलिस ने एक अभियुक्त रिजवान खान को अवैध तमंचा और जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हुई इस कार्रवाई ने एक बार फिर जिले में फल-फूल रहे अवैध हथियारों के नेटवर्क पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी को अलनूर किड्स एकेडमी के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। खास बात यह है कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है, जिससे साफ है कि अपराधियों के पास हथियारों की उपलब्धता बेहद आसान हो चुकी है।

**बड़ा सवाल- आखिर फिरोजाबाद में इतनी बड़ी संख्या में अवैध तमंचे आ कहां से रहे हैं ?**

सूत्रों की मानें तो आसपास के जिलों में अवैध रूप से चल रही छोटी-छोटी फैक्ट्रियों में देसी कट्टे बनाए जा रहे हैं, जिन्हें सस्ते दामों पर अपराधियों तक पहुंचाया जाता है। ये हथियार आसानी से छिपाए जा सकते हैं और कम कीमत में उपलब्ध होने के कारण अपराधियों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। हालांकि पुलिस लगातार अभियान चलाकर आरोपियों को पकड़ रही है, लेकिन हर बरामदगी यह संकेत भी दे रही है कि अवैध हथियारों की सप्लाई चेन अब भी सक्रिय है। अगर समय रहते इन अवैध फैक्ट्रियों और सप्लाई नेटवर्क पर पूरी तरह लगाम नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में यह स्थिति कानून व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली गई ध्वज यात्रा, झूमे भक्त



**हनुमान जन्म उत्सव पर नगर के हनुमान मंदिर पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को नगर के हनुमान मंदिरों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नगर के मेन रोड पर रामअवतार उपवन में अवस्थित बाल हनुमान मंदिर में निर्मल केडिया के संयोजन में एवं सीएमओ ऑफिस के पास स्थित संकट मोचन मंदिर में पुजारी राजकुमार पांडे द्वारा हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार, मंगला आरती व पूजन किया गया और शीतला मंदिर के पास मेन रोड पर स्थित संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से राम जी मोदनवाल के संयोजकत्व में भव्य ध्वज यात्रा निकाला गया।

जिसमें भक्तजन हाथ में भगवा ध्वज लिए प्रभु श्री राम, बजरंगबली, हनुमान जी का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे तथा दूसरी ओर भक्तिमय भजन की धुन पर स्त्रियां युवतिया, युवक थिरक रहे थे, ध्वज यात्रा के दौरान रथ पर बैठे हुए मर्यादा पुरुषोत्तम राम, माता जानकी एवं राम भक्त हनुमान के स्वरूप का दर्शन जहां नगर वासियों ने किया वहीं कुछ लोगों ने उनकी आरती भी उतारी। यह ध्वज यात्रा संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए पुनः संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। इस ध्वज यात्रा में मुख्य रूप से रामजी मोदनवाल, कृष्ण मुरारी गुप्ता, दीपक कुमार केसरवानी, रामजी मोदनवाल, संगम गुप्ता, प्रदीप मोदनवाल, सचिन, सानू, मनोज, दिलीप, शुभम, साहिल, सत्यम, स्वयं, अशोक, माया देवी, पूनम, ऋषि, गोविंद, उमेश, कमलेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत के कर्मचारी मनोज शुक्ला हुए सेवानिवृत्ति



**सोनभद्र/चोपन।** नगर पंचायत चोपन में लंबे समय तक अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले लाइनमैन मनोज शुक्ला बुधवार से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, अधिशाषी अधिकारी अखिलेश सिंह, सभासदगण, नगर पंचायत के ठेकेदार, गणमान्य नागरिक एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने श्री शुक्ला के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके समर्पण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि मनोज शुक्ला ने अपने सेवा काल में नगर पंचायत की विद्युत व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने हर परिस्थिति में जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अपने कार्य को प्राथमिकता दी, जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# सोनभद्र में लूट का खुलासा, मुठभेड़ में 2 घायल, 5 गिरफ्तार



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** थाना अनपरा क्षेत्र में 27 मार्च 2026 को भारत फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट से हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। घटना में चार अज्ञात बदमाशों ने दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर कलेक्शन एजेंट से ?63,000 नकद, टैबलेट, बायोमेट्रिक मशीन, मोबाइल फोन व अन्य जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग लूट लिया था। मामले में थाना अनपरा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में गठित टीम ने 1 अप्रैल की रात मिर्चाधुरी क्षेत्र में घेराबंदी की। कुबरी पहाड़ी के पास बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस की कार्रवाई में दो आरोपी–संजय यादव और पंकज श्रीवास्तव–पैर में गोली लगने से घायल हो गए। मौके से धीरज यादव और हरिओम जायसवाल को भी गिरफ्तार किया गया, जबकि पूछताछ के आधार पर घटना के साजिशकर्ता चन्द्रेश यादव को भी बाद में पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, चन्द्रेश यादव पहले भारत फाइनेंस कंपनी में कार्य कर चुका था और उसे कलेक्शन के दिन की जानकारी थी। उसी ने साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी।

बरामदगी- 02 अवैध तमंचे, कारतूस व खोखे 28,500 नकद, 01 बायोमेट्रिक मशीन, घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल,

## बी.एन. सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री को लेकर दिए निर्देश

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने बताया है कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान इस योजना से वंचित न रहे, जिलाधिकारी ने कहा है कि मा0 मुख्यमंत्री जी ने यह निर्देश दिये है कि राज्य सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है, उन्होने कहा कि जिससे किसान विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा असंगति है, तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक पात्र किसान को किसान पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए। मा0 मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिये है कि कृषि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समय सीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 01 मई 2026 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए।

## पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की शिकायतें



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** गुरुवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए, जिनका पुलिस अधीक्षक ने सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, जिससे पीड़ितों को शीघ्र राहत मिल सके और पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास बना।

## ग्राम समाज की जमीन को लेकर दो पक्ष भिड़े

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के बिरखेरा गांव में ग्राम समाज की जमीन पर उपले पाथने को लेकर गुरुवार सुबह दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि गांव के बाहर खेरापति स्थान के पास ग्राम समाज की खाली जमीन पर छोटे यादव गोबर डालकर उपले पाथता है। गुरुवार को जब वह गोबर लेकर पहुंचा, तभी राजा सिंह सेंगर ने जमीन को अपनी बताते हुए उसे रोक दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। झगड़े में छोटे यादव, तकदीर यादव व राजा सिंह के सिर फट गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर चढ़ाकर पुत्र की हत्या का आरोप, जांच शुरू

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** बांकी गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर युवक की मौत के मामले में गुरुवार को नया मोड़ आ गया। मृतक के पिता ने चालक पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे गगन साहू (21) ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। मृतक के पिता राजकिशोर साहू ने गांव निवासी रामू सिंह पर लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए जानबूझकर कुचलने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शाम को अंतिम संस्कार किया गया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, चालक गंभीर

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** नेशनल हाईवे-34 पर मुस्करा रोड मोड़ के पास गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने सीएनजी ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुस्करा निवासी अज्जू सिंह (29) सवारियां छोड़कर लौट रहा था। इसी दौरान रश्मि पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक ने ओवरटेक करते हुए ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों ने घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने ट्रक द्वारा 'कट' मारने की बताई घटना, चेकिंग की खबर को बताया भ्रामक

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने बांधुर तिराहे पर ट्रक चेकिंग से जुड़ी वायरल खबरों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि कोई चेकिंग अभियान नहीं चलाया गया था, बल्कि वे स्वयं एक दुर्घटना का शिकार होते-होते बची थीं। उन्होंने बताया कि सरीला से लौटते समय एक ओवरलोड ट्रक ने उनकी गाड़ी को तेज गति से कट मार दिया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। मौके पर मौजूद पदाधिकारियों ने ट्रक को रुकवाया, जिसमें वैध रॉयल्टी न होने की बात सामने आई।उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी को सूचना दी, जिस पर एसडीएम और आरटीओ को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## घर में घुसकर महिला पर हमला

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के लखनापुरवा मुहाल में बुधवार रात घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पिता-पुत्र के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता आशा निषाद के अनुसार, वह घर पर अकेली थी, तभी पड़ोसी बृजेश वर्मा अपने पिता सीताराम वर्मा के साथ घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## रॉयल्स एम्पायर सैलून एंड अकादमी का कवि कमलेश शर्मा ने किया उद्घाटन



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** नगर के पुल कहारन के पास स्थित रॉयल्स एम्पायर सैलून एंड अकादमी का उद्घाटन राष्ट्र कवि डॉक्टर कमलेश शर्मा ने फीता कर कर किया। इस अवसर पर जावेद हबीब कंपनी के मास्टर ट्रेनर मोहम्मद इमरान अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। मोहम्मद इमरान और सैलून संचालिका शबीना अंजुम ने संयुक्त रूप से बताया कि इटावा जिले में यह एक ऐसा सैलून है जो आने वाले लोगों को रॉयल्स फीलिंग का अनुभव प्रदान करेगा, इस सैलून में हर तरह के हेयर ट्रीटमेंट, नेल्स ट्रीटमेंट, मैन्स और किड्स हेयर ट्रीटमेंट का विशेष ध्यान रखा गया है, योग्य व् प्रशिक्षित ट्रेनर द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जमीअतुल मंसूर के जिलाध्यक्ष शाहनवाज़ अतहर, अंकित शुक्ला, मोहम्मद आरिफ, अंजुम अतहर, अधिवक्ता तरन्नुम अतहर आदि मौजूद रही।

## प्रधानाध्यापक अवधेश सिंह राठौर के नेतृत्व में स्कूल चलो रैली निकाली गई




**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** विकास खंड ताखा के परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल चलो रैली निकाली गई एवं नवीन प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालयों को गुब्बारों झंडियों आदि से सजाया गया। बच्चे हाथों में स्लोगन लिखी तख्ती लिए अब ना करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल' आदि नारे लगाते हुए दिखे। खण्ड शिक्षा अधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों में बड़े उत्साह और उमंग के साथ बच्चे रैली निकालते हुए दिखे। कंपोजिट विद्यालय बकौली में प्रधानाध्यापक अवधेश सिंह राठौर के नेतृत्व में रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। रैली विद्यालय के प्रांगण से शुरू की गई जो गांवों की गलियों, प्रमुख चौराहों व बाजार से होती हुई विद्यालय प्रांगण में आकर समाप्त की गई। बच्चे हाथों में स्लोगन लिखी तख्ती व बैनर लिए अब न करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल, हर घर चिराग जलेगा हर बच्चा स्कूल चलेगा, कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सबका अधिकार आदि नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक करते हुए दिखे। विद्यालय में नवीन प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर गीता दोहरे, ओमप्रकाश, दिनेश चौधरी, प्रदीप पाल, प्रदीप चौहान, अवनीश दुबे, नरेंद्र कुमार, संजेश कुमार, बलवीर सिंह, शिवानंद समेत कई शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री से सिंगापुर के उच्चायुक्त ने शिष्टाचार भेंट की

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच उत्तर प्रदेश और सिंगापुर के मध्य निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सांस्कृतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र के साथ देश की सबसे तीव्र गति से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनकर उभरा है। राज्य सरकार निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी एवं उद्योग-अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर कानून-व्यवस्था, आधुनिक आधारभूत संरचना, सुदृढ़ कनेक्टिविटी तथा कुशल मानव संसाधन उत्तर प्रदेश को निवेश का सर्वोत्तम गंतव्य बनाते हैं। प्रदेश में विकसित हो रहे औद्योगिक कॉरिडोर, डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क तथा मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स हब निवेशकों को वैश्विक स्तर की सुविधाएँ उपलब्ध करा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सिंगापुर को एक विश्वस्तरीय आर्थिक एवं तकनीकी साझेदार बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश, शहरी विकास, लॉजिस्टिक्स, स्किल डेवलपमेण्ट तथा पर्यटन के क्षेत्रों में सिंगापुर के साथ दीर्घकालिक और परिणामोन्मुखी सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिंगापुर के प्रतिनिधिमण्डल का आगामी दौरा दोनों पक्षों के बीच निवेश एवं साझेदारी के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि सिंगापुर की तकनीकी दक्षता और उत्तर प्रदेश की विशाल सम्भावनाओं का समन्वय दोनों पक्षों के लिए पारस्परिक लाभ का मार्ग प्रशस्त करेगा और यह साझेदारी सतत् विकास, नवाचार एवं रोजगार सृजन के नए मानक स्थापित करेगी।



- दोनों पक्षों के बीच उ0प्र0 और सिंगापुर के मध्य निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सांस्कृतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा हुई
- उ0प्र0 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र के साथ देश की सबसे तीव्र गति से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनकर उभरा : मुख्यमंत्री योगी

उच्चायुक्त ने इस वर्ष फरवरी माह में मुख्यमंत्री की सिंगापुर यात्रा को अत्यन्त सफल बताते हुए कहा कि इस दौरे ने न केवल सिंगापुर, बल्कि आस-पास के देशों के औद्योगिक जगत में भी उत्तर प्रदेश के प्रति सकारात्मक और भरोसेमन्द संदेश दिया है। औद्योगिक समुदाय उत्तर प्रदेश को एक नए अवसर और सम्भावनाओं के केन्द्र के रूप में देख रहा है, जो भारत-सिंगापुर सम्बन्धों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उच्चायुक्त ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत 09 वर्षों में प्रदेश में कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों की प्रशंसा की। उत्तर प्रदेश में कार्यरत सिंगापुर की कम्पनियों ने उत्तर प्रदेश के निवेश वातावरण को अनुकूल बताया है। यह कम्पनियाँ अपने निवेश के विस्तार की दिशा में सक्रिय रूप से योजनाएँ बना रही हैं।

सिंगापुर के उच्चायुक्त ने अवगत कराया कि आगामी महीनों में सिंगापुर के औद्योगिक जगत का एक बड़ा प्रतिनिधिमण्डल उत्तर प्रदेश का दौरा करेगा, जो राज्य में निवेश के विविध अवसरों का अवलोकन करते हुए बड़े निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने की दिशा में आगे बढ़ेगा। सिंगापुर द्वारा प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास (स्किलिंग) के क्षेत्र में सहयोग की सम्भावनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

सांस्कृतिक सहयोग के सन्दर्भ में दोनों पक्षों ने कुशीनगर, सारनाथ जैसे बौद्ध पर्यटन स्थलों की अपार सम्भावनाओं का उल्लेख करते हुए पर्यटन क्षेत्र में सम्भावनाओं को आकार देने पर सहमति व्यक्त की। इससे प्रदेश में अन्तरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की सम्भावना है। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा के साथ-साथ झाँसी, वाराणसी सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे उत्तर प्रदेश के संतुलित एवं समावेशी विकास को और गति मिलेगी।

## बाबू जगजीवन राम जयंती को 'समता दिवस' के रूप में मनाएगी कांग्रेस

- लखनऊ में 4 अप्रैल को गोष्ठी व सम्मान समारोह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वतंत्रता सेनानी, उपप्रधानमंत्री और समाज सुधारक बाबू जगजीवन राम की जयंती को समता दिवस के तौर पर मनाते हुए कांग्रेस गोष्ठी और सम्मान समारोह आयोजित करेगी। जयंती 5 अप्रैल की पूर्व संध्या पर 4 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित होने वाली गोष्ठी और सम्मान समारोह में बाबू जगजीवन राम की पुत्री और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार और मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. रतन लाल शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से अनुसूचित जाति के वर्तमान और पूर्व सांसद-विधायकों के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। बाबू जगजीवन राम ने अपने जीवन में सामाजिक समता, न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। समता दिवस के आयोजन का मकसद उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना और समाज में समानता और सामाजिक न्याय के प्रति जागरुकता सुदृढ़ करना है। राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने देश के कृषि मंत्री के रूप में हरित क्रांति को अंजाम दिया और रक्षा मंत्री के रूप में 1971 के युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम के सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश में हम अपने नेता के साथ कंधे से कंधा मिला कर इस मुहिम को आगे बढ़ाने को प्रतिबद्ध हैं।

## प्रधानमंत्री को जमीनी हकीकत का ज्ञान नहीं: तिवारी

- एलपीजी सिलेंडर ब्लैक में मिलने का आरोप
- महंगाई से छात्र और मजदूर परेशान
- 2000-2200 रुपये में सिलेंडर लेने को मजबूर लोग
- गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें, जनता बेहाल
- रोजगार संकट से शहर छोड़ रहे मजदूर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता विरोधी दल प्रमोद तिवारी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री को जमीनी हकीकत का ज्ञान नहीं हैं। वे बोलते कुछ हैं और हकीकत कुछ और ही है। गैस एजेंसियों पर लम्बी-लम्बी लाइनें लगी हैं।

जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकार है वहां एलपीजी गैस सिलेण्डर दो और तीन गुना दामों पर ब्लैक में मिल रहा है। किराये के कमरों में रहने वाले छात्र या तो एक बार खाना खा रहे हैं



या पैसे की कमी से चार-चार, पांच-पांच छात्र समूह में खाना बना किसी तरह जीवनयापन कर रहे हैं।

तिवारी ने कहा कि रोजी-रोटी की तलाश में शहरों में आए मजदूर अपने घरों को लौट रहे हैं, क्योंकि जिन ठेले आदि पर वे खाते थे वे बन्द हो गये हैं। लोग 2 हजार और 2200 रुपये में एक सिलेण्डर लेने को मजबूर हैं। तिवारी ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री इस पर भी रोक लगाएंगे या जनता उनका भाषण सुनकर अपना पेट भरेगी। जनता सिलेण्डर न मिलने से परेशान है और कतारों में खड़ी होकर दो गुना और तीन गुना दाम पर सिलेण्डर लेने को मजबूर है। प्रधानमंत्री असम के टी-गार्डेन में लोक नृत्य का आनंद ले रहे हैं। इससे वह कहावत चरित्रार्थ होती है कि जब रोम जल रहा था तो नीरो बांसुरी बजा रहा था। उन्होंने कहा कि आज असम लूट का बाजार बना है। वहां के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने असम में लूट की बाजार खोल दी है और वहां लूट की डबल इंजन सरकार चल रही है। जनता के दुख-दर्द की चिंता असम सरकार को नहीं है और वह सत्ता के मद में चूर लूट और भ्रष्टाचार में मस्त है। तिवारी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प के बयान पर प्रतिकिया देते हुए कहा कि ईरान पर अमेरिकी हमले की कोई वजह नहीं थी। जब ईरान का सर्वोच्च नेतृत्व मारा गया तो भारत के प्रधानमंत्री की चुप्पी और खामोशी चिंताजनक और खतरनाक है। वे किसके दबाव में या किसे खुश करने के लिए एक शब्द संवेदना के भी व्यक्त नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गयी है उससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर उसका प्रभाव पड़ा है। किसी भी हाल में ईरान-इस्राइल युद्ध रुकना चाहिए।

## अजय राय ने केजीएमयू में घायल सिपाही से की मुलाकात

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को केजीएमयू पहुंच कर गोण्डा में एक रेल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल जीआरपी सिपाही आकाश सिंह से मुलाकात की। इस दौरान राय ने उनका हाल-चाल जाना और परिजनों से मिल कर आर्थिक सहयोग कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

राय ने सरकार से घायल सिपाही को समुचित आर्थिक सहायता, उच्चस्तरीय उपचार और परिवार को हरसंभव मदद दिये जाने की मांग की। साथ ही घटना की समुचित जांच कर भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की भी मांग की। आकाश सिंह बीते दिनों गोण्डा रेलवे स्टेशन पर पुलिस हिरासत से भाग रहे एक चोर को पकड़ने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गये थे, जिससे उनके दोनों पैर कट कर अलग हो गए। आकाश सिंह का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। केजीएमयू में आकाश सिंह से मुलाकात के दौरान राय ने चिकित्सकों से बात कर घायल सिपाही के उपचार की स्थिति की जानकारी हासिल की।

## उर्स व जश्न-ए-वारिस पाक संपन्न, दरगाह पर उमड़ी भीड़

- चादर पेश, अकीदत का माहौल, क़व्वाली से सजी महफिल
- इंसानियत का संदेश दिया गया, क़ौमी एकता पर जोर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हज़रत शेख उम्मेद अली वारसी का उर्स व जश्न ए वारिस पाक का एहतिमाम दरगाह के मैनेजर व ज़िम्मेदार डॉ ख़तीबुर्रहमान वारसी की सदारत में हुआ।वारसी पैलेस से चादर पेश करने जायरीनों का हुजूम वारसी रोड होते हुए आस्ताने पर पहुंचा जिसमें आस्ताना देवा शरीफ के मैनेजर जनाब साद महमूद वारसी साहब, जनाब महमूद वारसी साहब (गुड्डू भाई), अल्पसंख्यक आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य जनाब सिद्दीक वारिस वारसी साहब ने देवा शरीफ की चादर मज़ार शरीफ पर पेश की।जश्न का आगाज़ कुरआन मजीद से मौलाना हारून साहब ने किया, सरकार वारिस पाक इश्क-ए-रसूल के मुजस्समा थे देवा शरीफ से इंसानियत व मोहब्बत का आपने पैगाम दिया और आज भी सरकार वारिस पाक के आस्ताने से क़ौमी यकजेहती व मोहब्बत का पैगाम दिया जाता है।व सरकार वारिस पाक की बहुत सारी करामातें हैं, जिसमें से एक करामात यह भी है कि आलमपनाह सरकार वारिस पाक आज़म अल्लाह हू ज़िक्रहु व शेख उम्मेद अली वारसी ने इस दुनिया से एक साथ पर्दा फरमाया है, जिसका सरकार वारिस पाक ने लगभग दस दिन पहले शेख उम्मेद अली वारसी से देवा शरीफ में वादा फरमाया था और कहा था कि सुना-सुना साथ चलेंगे, फिर शेख उम्मेद अली वारसी को देवा शरीफ से लौटने के बाद हल्का नज़ला-जुखाम



बुखार हुआ और ठीक दस दिन के बाद इस दारे फानी दुनिया से पहली सफर की सुबह 4:13 पर विसाल हुआ व देवा शरीफ में भी सरकार वारिस पाक ने भी पहली सफ़र को ही सुबह 4:13 पर पर्दा फरमाया और सरकार का यह क़ौल कि सुना-सुना साथ चलेंगे पूरा हुआ।महफ़िल-ए-समा का आगाज़ देवा शरीफ़ से आए क़व्वाल सुहैल वारसी व उनके हमनवां ने मौला अली की शान बयान करते हुए मन कुंतो मौला फ़हज़ा अली युन मौला से की।बड़ी तादाद में लोगों ने उर्स में शिरकत की। उर्स व जश्ने ए वारिस पाक में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जनाब अमील शमशी साहब,साइबर लॉ एक्सपर्ट और एडवोकेट हाईकोर्ट जनाब मौलाना अहमद महंदी साहब, एडवोकेट जनाब फैजान फिरंगी महली साहब, पीएमडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रधान संपादक कंट्री ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश मान्यताप्राप्त पत्रकार एसोसिएशन चेयरमैन जनाब अब्दुल अज़ीज़ सिद्दीकी साहब, ऑल इंडिया मुस्लिम वारसी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब वासिक वारसी साहब।दरगाह बांसा शरीफ के सज्जादा नशीन जनाब उमर रज़्ज़ाकी साहब, एडवोकेट रज़ा हुसैन साहब, एमीकस अकैडमी हजरतगंज के संस्थापक अनवर हुसैन साहब, दिल्ली यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट लीडर जनाब अंकित साहब, लखनऊ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट लीडर जनाब अंकुश चौहान साहब, एडवोकेट असबान अहमद साहब, दानिश साहब की किछौछा शरीफ के सैयद कमाल अशरफ साहब, हुसैन वारिस वारसी, नूरुद्दीन बेहटा, मो वारिस, इसहाक, मोनू, अफजाल ने उर्स का इंतजाम किया। देवा शरीफ के मौलाना साहब ने सलात ओ सलाम पेश किया।

## लखनऊ में जरूरतमंदों को वजीफा व कपड़ों का वितरण

**लखनऊ।** आल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से मिशन संरक्षक मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की सरपरस्ती और अध्यक्ष इकबाल हाशमी की अध्यक्षता में मिशन के तालकटोरा स्थित शिविर कार्यालय में जरूरतमंद और बेसहारा परिवारों को वजीफा और कपड़े वितरित किये गये। इस मौके पर मौलाना अबुल इरफान ने कहा कि इस्लाम में शिक्षा पर बहुत जोर दिया गया है। इस्लाम में शिक्षा हासिल करना हर मुसलमान मर्द और औरत पर फर्ज है। मौलाना ने कहा कि शिक्षा प्राप्त कर ही हम दुनिया और आखिरत में कामयाबी हासिल कर सकते हैं। इल्म के जरिए ही हमारी अक्ल और समझ का विकास होता है, जिससे हम सही और गलत का फर्क कर सकते हैं और समाज सेवा कर दूसरों की मदद कर सकते हैं। इस मौके पर अमुवि ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन की सचिव शहला हक, मिशन अध्यक्ष इकबाल हाशमी, फैजान अतीक फिरंगी महली ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में जरूरतमंद और बेसहारा परिवार की महिलाओं को वजीफा और कपड़े वितरित किये गये।

## 15 जुलाई तक पूरा होगा आंबेडकर स्मारक: जयवीर सिंह

- लखनऊ के ऐशबाग में बन रहा भव्य सांस्कृतिक केंद्र
- डॉ. आंबेडकर स्मारक बनेगा प्रेरणा स्थल
- 500 क्षमता वाला प्रेक्षागृह तैयार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि लखनऊ के ऐशबाग स्थित संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र आगामी 15 जुलाई, 2026 तक पूर्ण कराकर प्रदेश की जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

डॉ0 भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण एक प्रेरणा स्थल के रूप में कराया जा रहा है। यह स्थल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। यह सांस्कृतिक केन्द्र स्मारक 1.34 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इस स्थल को दिव्य एवं भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। साज-सज्जा एवं अन्य अवशेष कार्यों को 15



जुलाई 2026 को पूरा करा लिया जाएगा।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, सदस्य विधान परिषद लाल जी प्रसाद निर्मल तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी के साथ आज निर्माणाधीन स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का विधिवत निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को सभी कार्य गुणवत्ता तथा मानक के अनुसार पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई शिकायत पाए जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्मारक के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। द्वितीय चरण के दौरान 500 व्यक्तियों की क्षमता वाला प्रेक्षागृह का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। इस भवन में स्थापित डॉ0 भीमराव आंबेडकर के जीवन संघर्षों पर आधारित संग्रहालय से पूरे देश के दलितों को उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा यहां स्थापित पुस्तकालय में युवा पीढ़ी बाबा साहेब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व से परिचित हो सकेगी।

पर्यटन मंत्री ने कार्यदायी संस्था एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 जुलाई, 2026 की निर्धारित तिथि तक स्मारक को पूर्ण करने के लिए साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करे और कोई अवरोध आने पर उसका निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि भवन के आंतरिक एवं बाह्य साज-सज्जा का कार्य 31 मई, 2026 तक पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि भीमराव आंबेडकर प्रतिमा के लिए फाउंडेशन, अंडरग्राउण्ड वाटर टैंक, पंप रूम, गार्ड रूम एवं अन्य स्थल विकास कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कर लिया जाए। इसके साथ ही उपलब्ध भूमि के अनुसार बाउण्ड्री वाल आंतरिक रोड तथा सीवर लाइन आदि का कार्य संपन्न करा लिया जाए। जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा एवं मंशा के अनुरूप इस स्थल को भव्य रूप दिया जा रहा है। राजधानी में अनेक भव्य स्मारक एवं ऐतिहासिक भवन स्थित है। यह प्रेरणा स्थल उनकी श्रेणी में आ गया है। इस स्थल पर लखनऊ आने वाले पर्यटक एवं डॉ0 आंबेडकर में आस्था रखने वाले तमाम श्रद्धालुओं यहां भ्रमण करेंगे एवं यहां उनके संघर्षों, त्याग एवं देश के लिए किए गए योगदान का स्मरण करेंगे। डॉ0 लाल जी प्रसाद निर्मल ने इस निर्माणाधीन स्थल को अलौकिक बनाने के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए।

## राज्यपाल की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

- लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों की समीक्षा
- 50 महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने दी प्रस्तुति

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को जन भवन स्थित गांधी सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं वित्त पोषित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध 17 शासकीय तथा 33 वित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यगण उपस्थित रहे। सभी महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों द्वारा कुलाधिपति जी के समक्ष अपने-अपने संस्थानों की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुतीकरण के दौरान महाविद्यालयों की प्रगति रिपोर्ट, फैकल्टी की स्थिति, विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, शोध एवं प्रकाशन, विभिन्न क्षेत्रों में किए गए समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0), खेल गतिविधियां, सामाजिक



सहभागिता, पौधारोपण अभियान, नैक एवं एन0आई0आर0एफ0 रैंकिंग, छात्र-छात्राओं के नामांकन का प्रतिशत, शोध गतिविधियां, प्लेसमेंट, रोजगार मेलों का आयोजन, पेटेंट, शोध पत्रों की संख्या, आयोजित सेमिनार, पुस्तकालय सुविधाएं, विद्यार्थियों की कुल संख्या, निर्माण कार्यों की प्रगति, प्रयोगशालाओं एवं कंप्यूटर कक्षों की स्थिति, छात्रवृत्ति वितरण तथा शैक्षणिक भ्रमण (टूर प्रोग्राम) आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक के दौरान राज्यपाल ने महाविद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की संख्या तथा उनके द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के अनुपात की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी, शैक्षणिक भ्रमण (टूर) की संख्या तथा पौधारोपण की वर्तमान स्थिति पर भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि महाविद्यालयों में आयोजित सभी खेल एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के फोटोग्राफ्स को जियो-टैगिंग के साथ विधिवत सुरक्षित रखा जाए।

राज्यपाल ने उपस्थित शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे परिश्रमपूर्वक कार्य करें, विद्यार्थियों को निरंतर प्रेरित करें तथा अपनी सक्रियता बनाए रखें। उन्होंने महाविद्यालयों में सृजित पदों के सापेक्ष रिक्त पदों की स्थिति पर समयबद्ध नामांकन एवं नियुक्तियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों की कम संख्या पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और इसके कारणों का समाधान करने पर बल दिया।

## लखनऊ में हनुमत जन्मोत्सव पर नि:शुल्क कैम्प का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

- ई-श्रम, आयुष्मान, हेल्थ और पैन काडई के लिए लगा विशेष शिविर

**लखनऊ।** समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के तत्वाधान में आज हनुमत् जन्मोत्सव के पावन पर्व पर निः शुल्क कैम्प(ई श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड,हैल्थ कार्ड,ई पैन कार्ड) प्रकाश स्टोर सराय माली खां चौपटिया रोड पर प्रदीप कुमार वर्मा अध्यक्ष,चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति एवं आसिम मार्शल प्रदीप प्रदेश अध्यक्ष सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा लगाया गया। सबसे पहले हनुमान जी का पूजन आचार्य राजेश शुक्ल ने पार्षद सी बी सिंह से करवाया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील शुक्ला,मनीष रस्तोगी पार्षद ,अंकुर दीक्षित, अरुण रस्तोगी, रिद्धि किशोर गौड़,मनोज तिवारी, राजेन्द्र शर्मा, संकेत मिश्रा,अभय रस्तोगी,मोज़असद कुरैशी,मोज़ जैद, दिनेश चंद्र कश्यप, सुनील कश्यप आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ में मजलिसे चेहलुम का आयोजन आज

**लखनऊ।** जनगणना विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी मुर्तजा अली बेग के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम शुक्रवार को आयोजित होगी। स्वर्गीय के पुत्र मुर्तजा हुसैन बेग ने बताया कि ठाकुरगंज के अली कॉलोनी स्थित इमामबाड़ा बेग में साहब में रात 7:30 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना गुलाम मेहदी गुलरेज खिताब करेंगे। इससे पहले हाजी नुरुल हसन सोजख्वानी करेंगे। महिलाओं की मजलिस शुक्रवार को ही अली कॉलोनी स्थित स्वर्गीय के आवास मुर्तजा मेंशन में शाम 7:30 बजे होगी, जिसे जाकिरा ख्वाहर जरीन फातिमा खिताब करेंगी। स्वर्गीय बेग ने बालागंज स्थित मिस्री की बगिया कर्बला में दरगाह हजरत अब्बास का मुतवल्ली भी थे।

## गाँव की लड़कियों ने जीती स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप

- नेशनल्स के लिए भी हुई क्वालिफाई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्याग्यान स्कूल, सीतापुर की छात्राओं की फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस जीत के साथ ही टीम ने आगामी राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है।

यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स डायरेक्टोरेट के सहयोग से लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश भर की मजबूत टीमों ने हिस्सा



लिया। इस जीत की सबसे खास बात खिलाड़ियों का संघर्ष भरा सफर है। टीम की छात्राएं बलिया, वाराणसी, गाजीपुर और कौशांबी जैसे जिलों के ग्रामीण इलाकों से आती हैं। इनमें से अधिकांश किसान परिवारों से हैं, जिनकी सालाना आय रुपए 3 लाख से भी कम है। सीमित संसाधनों के बावजूद इन बेटियों ने मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और जज्बे का प्रदर्शन किया। हर मैच में निरंतर अच्छा खेल दिखाते हुए टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया।

अब यह टीम राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी, जहां उनसे एक बार फिर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। विद्याग्यान लीडरशिप एकेडमी लगातार वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को आगे बढ़ने का मंच प्रदान कर रहा है, ताकि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना सकें।

## छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को फिर मिलेगा मौका

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** किसी भी कारणवश छात्रवृत्ति से वंचित रह गए छात्रों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। समाज कल्याण विभाग जल्द ही शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत संचालित छात्रवृत्ति एंव शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के छूटे छात्रों के लिए एक बार फिर पोर्टल खोलेगा। ताकि सभी छात्र-छात्राएं दोबारा आवेदन कर छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकें। इसका लाभ सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को मिलेगा। विभाग का उद्देश्य है कि किसी भी योग्य छात्र को केवल तकनीकी या अन्य कारणों से छात्रवृत्ति से वंचित न रहना पड़े। वित्तीय वर्ष 2024-25 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के तहत विभाग द्वारा पोर्टल खोला गया था। इसके माध्यम से 53,041 छात्रों को कुल 81.12 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की गई थी। इन योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 25,395 छात्रों को 30.65 करोड़ रुपये, सामान्य वर्ग के 27,646 छात्रों को 50.47 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है। समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से ट्रांसजेंडर समुदाय को भी इस योजना में शामिल किया गया है। जो सामाजिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'हर वर्ग तक शिक्षा का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता' समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा को सशक्त बनाने और हर वर्ग तक उसका लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि जो छात्र किसी कारणवश वंचित रह गए हैं, उन्हें भी पूरा अवसर मिले।